CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-04-2026 00:13 Color:

WATCH GOD WATCHDOG

NBT
नवभारत टाइम्स

वर्ष 80, संख्या 30 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

अमेरिका से ट्रेड डील में एग्री और डेयरी को लेकर भारत के जो सेंसिटिव सेक्टर हैं, उनको सुरक्षित किया गया है।
-पीयूष गोयल

भारत और अमेरिका में तारीफों का दौर, पर समझौते की डिटेल का है इंतज़ार | केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया, खेती और डेयरी सेक्टर से जुड़े हितों पर असर नहीं

US डील पर पिक्चर अभी बाकी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सरकार ने कहा कि यह डील भारत के लिए अच्छी है। देश के उज्ज्वल भविष्य का शुभ संकेत लेकर आई है।

कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने मंगलवार को साफ शब्दों में कहा कि इस समझौते में किसानों और डेयरी सेक्टर के हितों की पूरी रक्षा होगी। अभी इस डील के तकनीकी पहलुओं पर दोनों पक्ष काम कर रहे हैं और जैसे ही फाइनल अंडरस्टैंडिंग बन जाएगी, संयुक्त बयान जल्द जारी किया जाएगा। उसमें समझौते की पूरी जानकारी होगी। गोयल ने देश हित को नुकसान पहुंचाने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि राहुल जैसे नकारात्मक सोच वाले नेता देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

> **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, संयुक्त बयान में समझौते की पूरी जानकारी होगी।**

गोयल ने कहा कि देशहित को ध्यान में रखते हुए मजबूत भारत के भविष्य को चार चांद लगाने वाली ट्रेड डील पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार रात फाइनल की गई। उन्होंने कहा कि ट्रंप से मोदी के आत्मीय संबंधों के चलते यह डील फाइनल हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिन पड़ोसी देशों से हम स्पर्धा करते हैं, उन सबसे बढ़िया डील भारत को मिली है। एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टरों के हितों की पूरी तरह रक्षा होगी। टेक्सटाइल्स, प्लास्टिक्स, अपैरल, होम डेकोर, लेदर एंड फुटवेयर, जेम्स एंड ज्वेलरी, रबर गुड्स, मशीनरी से लेकर एयरक्राफ्ट कंपोनेंट्स तक के ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों के लिए ढेरों अवसर खुलेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात भारत पर टैरिफ 50% से कम करके 18% करने का ऐलान किया था। ▸▸ पेज 11



NDA संसदीय दल की मीटिंग में मोदी ने कहा, गठबंधन अपनी जन-केंद्रित नीतियों और कड़ी मेहनत से विभिन्न चुनाव जीत रहा है। NDA नेताओं ने अमेरिका के साथ डील को लेकर उन्हें सम्मानित किया।

सिर्फ 12 माह में भारत ने किए 5 व्यापार समझौते

■ NBT रिपोर्ट

भारत ने सिर्फ 12 महीनों में कई देशों से 5 व्यापार समझौतों को अंजाम दिया है। इसके बाद यह दुनिया के बाजार से और मजबूती के साथ जुड़ गया है। भारत ने ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड और अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते किए। डील की कड़ी में अमेरिका के साथ हुआ समझौता पांचवां है। इन व्यापार समझौतों को पिछले कई वर्षों में भारत की सबसे तेज व्यापारिक कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट किया है, जिसे मदर ऑफ ऑल डील्स का नाम दिया गया। भारत ने निर्यात बढ़ाने के लिए ये कदम उठाए हैं।

तेल खरीद बंद करने का संकेत नहीं: रूस

रूस ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत की ओर से कोई संकेत नहीं मिला है, जिसमें उससे तेल खरीद बंद करने की योजना की बात हो। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, 'अब तक हमें इस मामले में नई दिल्ली की ओर से कोई बयान नहीं मिला है।' यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के उस दावे के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ट्रेड डील के तहत भारत रूसी तेल खरीद नहीं खरीदेगा। (AFP)



रूसी राष्ट्रपति पुतिन

डील के बारे में वह सब जो आप जानना चाहते हैं...

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इंडिया-US ट्रेड डील को सरकार उपलब्धि के रूप में भुना रही है, तो विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। यहां डील से जुड़े ऐसे सवालों के जवाब देने की कोशिश की गई है, जिन्हें हर कोई जानना चाहता है।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में क्या तय हुआ है?
अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ऐलान से साफ है कि भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर जवाबी टैरिफ 50% के बजाय 18% किया जाएगा। वहीं, भारत की तरफ से वाणिज्य और कृषि मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि संवेदनशील सेक्टरों, खासकर एग्रीकल्चर और डेयरी के हित सुरक्षित रखे गए हैं।

डील कब से लागू होगी?
ट्रंप ने कहा है कि 18% टैरिफ तुरंत लागू होगा, लेकिन अमेरिकी नियमों के मुताबिक इसके लिए औपचारिक सरकारी आदेश जरूरी है, जो अभी जारी नहीं हुआ है। वहीं, भारत सरकार के अनुसार दोनों देशों की टीमें डील के तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप दे रही हैं। 'फाइनल अंडरस्टैंडिंग' के बाद संयुक्त बयान आएगा, जिसके साथ डील के लागू होने की टाइमलाइन साफ होगी।

25% ऑयल पेनल्टी का क्या हुआ?
अप्रैल में अमेरिका ने रूस से तेल खरीद के आधार पर भारत पर 25% अतिरिक्त पेनल्टी लगाई थी, जिससे कुल टैरिफ 50% हो गया था। अमेरिका 25% पेनल्टी को हटाने और बेस टैरिफ को 18% तक लाने पर राजी है।

क्या भारत अमेरिकी सामानों पर जीरो टैरिफ करेगा?
ट्रंप ने कई अमेरिकी चीजों पर जीरो टैरिफ की बात कही है, लेकिन यह किन प्रोडक्ट्स पर और कब से लागू होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। संकेत है कि इंडस्ट्रियल गुड्स पर कटौती तेज हो सकती है, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में सावधानी रहेगी।

500 बिलियन डॉलर की खरीद का मतलब क्या है?
ट्रंप के दावे के मुताबिक, भारत 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी चीजें खरीदेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि यह खरीद डील लागू होने के बाद 5-6 साल में होगी।

NBT Explainer

कृषि और डेयरी पर भारत रियायत देगा?
अमेरिका अपने कृषि निर्यात के लिए बाजार चाहता है, लेकिन भारत ने साफ किया है कि GM फसलों और डेयरी जैसे संवेदनशील सेक्टर सुरक्षित रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, सेब और बादाम सहित कुछ चीजों के लिए छूट दी जा सकती है।

डील पर दोनों देश सहमत

US राष्ट्रपति ट्रंप

कागज पर डील को अंतिम रूप

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका और भारत ट्रेड डील के मुख्य बिंदुओं पर सहमत हो गए हैं। अब उसे कागज पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हमें इसकी पूरी शर्तें और सारी जानकारी पता है।" ग्रीर ने कहा कि अमेरिका भारत पर 18% टैरिफ रखेगा, क्योंकि दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा काफी बड़ा है। उन्होंने बताया कि भारत ने अमेरिकी सामानों की एक बड़ी रेंज पर टैरिफ घटाने पर सहमति दी है।

> **अमेरिका ने कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलने की बात कही है**

US के मंत्री बोले, कृषि को फायदा

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ घटाने की घोषणा के बाद अपने देश से जिन चीजों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की बात की थी, उसमें कृषि उत्पादों का नाम भी शामिल था। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंस ने मंगलवार को कहा कि समझौते से अमेरिका के कृषि निर्यात के लिए अवसर बढ़ेंगे। भारत पर दबाव रहा है कि GM मक्का, सोयाबीन और डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए रास्ते खोले जाएं। भारत ने अब तक किसी भी FTA में GM फसलों, डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए छूट नहीं दी है।

मार्केट में खुशी

शेयर बाजार में 8 महीने बाद सबसे बड़ी तेजी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ट्रेड डील पर सहमति की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल रहा। सेंसेक्स 2,073 अंक ऊपर चढ़ा, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई। यह शेयर बाजार में 8 महीने की सबसे बड़ी तेजी थी। निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपये कमाए। सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। मुनाफावसूली होने से यह 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। अडाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई।

> **निवेशकों की एक ही दिन में 12 लाख करोड़ की कमाई**

डील पर सवाल

राहुल गांधी बोले, सरकार ने किसानों का पसीना बेचा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत-अमेरिका ट्रेड डील की जानकारी को लेकर मंगलवार को संसद में हंगामा हुआ। विपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की जानकारी वॉशिंगटन से आ रही है। विपक्ष की ओर से नारेबाजी भी की गई। सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट किया। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने डील के जरिए देश के किसानों की मेहनत और पसीने को बेच दिया है। यह समझौता दबाव में किया गया है और इससे किसानों और देश के हितों को नुकसान पहुंचेगा।

> **कहा, यह समझौता दबाव में, देश के हित को नुकसान**

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens
देखें 4, 8, 14, 15 और खेल पेज

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 8

ठगी केस में शादी डॉट कॉम के फाउंडर को SC से फिलहाल गिरफ्तारी से राहत। ▸▸ पेज 15

हैपी मॉर्निंग

टीचर: पानी का फॉर्मूला बताओ?
स्टूडेंट: HIJKLMNO
टीचर: ये क्या?
स्टूडेंट: H टू O सर!

अर्थसार

सेंसेक्स	83,739.13 (+2,072.67)
निफ्टी	25,727.55 (+639.15)
रुपया/US डॉलर	90.44 (-1.19)
रुपया/यूरो	106.85 (-1.71)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,57,700 (+5,000)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,84,000 (+24,000)

मौसम

अधिकतम तापमान 22.5°
9.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त बुधवार 6:03 | सूर्योदय गुरुवार 7:07
4 और 5 फरवरी को मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है।

लोकसभा में कागज़ फेंके, 8 विपक्षी सांसद सत्र से निलंबित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण को लेकर जारी विवाद मंगलवार को और बढ़ गया। लोकसभा में हंगामे के दौरान आसन के पास जाकर कागज फेंकने के आरोप में 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के बाकी समय के लिए निलंबित कर दिया गया। इस घटना के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर बाधित रही और तीन बार स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

निलंबित सांसदों में कांग्रेस के 7 सांसद हैं। उनमें अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर शामिल हैं। उनके अलावा CPM के सांसद एस. वेंकटेशन को भी निलंबित किया गया है। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आठ सांसदों के नाम लिए। ▸▸ पेज 10

PTI

विरोध मंगलवार को संसद के मकर द्वार पर विपक्ष ने प्रदर्शन किया।

सरकार ने निलंबन का प्रस्ताव रखा

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में प्रस्ताव रखा कि संबंधित सांसदों ने लोकसभा अधिकारियों की मेज के पास जाकर कागज फेंककर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने नियम 374 (2) के तहत इन सांसदों को वर्तमान सत्र के बाकी समय के लिए निलंबित करने की मांग की। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

NBT इरा
BEAUTY & BRILLIANCE

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं।
वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के।
अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वट्सऐप नंबर
7003890071

वट्सऐप से SC बोला- देश में डेटा चोरी की इजाज़त नहीं देंगे

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वट्सऐप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आपको हमारे संविधान का पालन करना ही होगा। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच वट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी 2021 से जुड़ी अपील पर सुनवाई कर रही थी। इस केस में वट्सऐप पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

डेटा प्राइवेसी से जुड़ी शर्तों की दलील पर कोर्ट ने कहा, 'प्राइवेसी की शर्तें इतनी चतुराई से तैयार की गई हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं सकता। यह निजी जानकारी को चोरी करने का एक सभ्य तरीका है। आपको (वट्सऐप) फेसबुक ने खरीदा था, कल फेसबुक को कोई और खरीद लेगा, तो क्या आप डेटा ट्रांसफर कर देंगे।' ▸▸ पेज 15

कोर्ट की दो टूक डेटा प्राइवेसी पर वट्सऐप मैनेजमेंट आश्वासन दे, वरना आदेश जारी करना पड़ेगा

> आप (वट्सऐप) इस देश में निजता के अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। इस देश के संवैधानिक मूल्यों का मजाक बना रहे हैं। -सुप्रीम कोर्ट

एकाधिकार, लोगों के पास विकल्प नहीं...

चीफ जस्टिस ने कहा कि वट्सऐप ने एकाधिकार बना लिया है। ऐसे में लोगों के पास विकल्प नहीं है। दलील दी गई कि प्राइवेसी पॉलिसी से बाहर निकलने का विकल्प मौजूद है, तो चीफ जस्टिस ने सवाल किया, सड़क पर फल बेचने वाली गरीब महिला क्या आपकी पॉलिसी की शर्तें समझ पाएगी?

यह डेटा चोरी का सभ्य तरीका है...

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप करोड़ों लोगों का डेटा ले चुके हैं। प्राइवेसी पॉलिसी निजी जानकारी चोरी करने का एक सभ्य तरीका है। हम जांच करना चाहेंगे कि वट्सऐप डेटा को किस तरह किराये पर देता है, व्यावहारिक रुझानों का एनालिसिस करके लोगों को कैसे टारगेट किया जाता है।

फ्लाइओवर पर खड़े ट्रक से कार भिड़ी, एक मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

गुड़गांव से लौट रही कार सवार युवती की रजोकरी फ्लाइओवर पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना में कार सवार एक युवक और एक राहगीर भी घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि टायर फटने की वजह से ट्रक फ्लाइओवर पर किनारे खड़ा था। उसी दौरान द्वारका सेक्टर-15 में रहने वाली श्रुति (23) की कार पीछे से टकरा गई।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि 2 फरवरी को कोहरा काफी ज्यादा था। आशंका है कि कोहरे और धुंध की वजह से सड़क किनारे खड़ा ट्रक दिखा नहीं होगा, जिससे श्रुति की कार टकरा गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को अरेस्ट किया है। ▸▸ पेज 5



रजोकरी फ्लाइओवर पर हादसा

हादसे में गई जान

द्वारका में मंगलवार को स्कॉर्पियो सवार ने बाइकर को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि स्कॉर्पियो चला रहे युवक की पहचान अक्षत सिंह (19) के रूप में हुई है। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

युमनाम खेमचंद होंगे मणिपुर के नए मुख्यमंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बीजेपी के युमनाम खेमचंद सिंह होंगे। पार्टी ने उन्हें विधायक दल का नेता चुना है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 12 फरवरी को खत्म होने वाला है। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम एन. बीरेन सिंह का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। खेमचंद 2017-2022 तक मणिपुर विधानसभा के स्पीकर रह चुके हैं। इंफाल पश्चिम की सिंगजमेई सीट से विधायक हैं। पीटीआई के मुताबिक, कुकी समुदाय की महिला नेता और पूर्व मंत्री नेमचा किपगेन डिप्टी सीएम बन सकती हैं।



खेमचंद

कैबिनेट का फैसला लाभार्थी के बैंक खाते में सिलिंडर की कीमत यानी ₹853 ट्रांसफर होंगे

होली-दिवाली पर राशन कार्ड वालों को फ्री LPG सिलिंडर: रेखा गुप्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि होली और दिवाली पर वैध राशन कार्ड वाले परिवारों को मुफ्त LPG सिलिंडर दिए जाएंगे। सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली कैबिनेट ने एक LPG सिलिंडर की कीमत 853 रुपये सीधे योग्य लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सिस्टम से ट्रांसफर करने का फैसला किया।

सीएम ने कहा कि इस योजना में पाइप वाली नेचुरल गैस (PNG) कनेक्शन का इस्तेमाल करने वाले लाभार्थियों को भी शामिल किया जाएगा। कुल 17.50 लाख राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के लिए 242.77 करोड़ आवंटित किए गए हैं। ▸▸ पेज 4

File

CM रेखा गुप्ता बोलीं, PNG यूज करने वाले लाभार्थी भी दायरे में हैं।

पुरानी दिल्ली के विकास की भी कमान

पुरानी दिल्ली के विकास के लिए बनाए गए शाहजहानाबाद री-डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (SRDC) की कमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खुद संभालेंगी। उप राज्यपाल ऑफिस की ओर से यह आदेश जारी किया गया। रेखा गुप्ता ने कहा कि पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने के साथ उसका गौरव बरकरार रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

मुंबई में दो विमानों की टक्कर, सभी यात्री सुरक्षित



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/मुंबई:** मुंबई से कोयंबटूर जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI2732 उड़ान से ठीक पहले टैक्सीवे पर इंतजार करते समय इंडिगो के विमान से टकरा गई। मंगलवार को दोनों विमानों के विंगटिप टकराए, जिससे विंगटिप को नुकसान पहुंचा। हैदराबाद से आई इंडिगो की फ्लाइट 6E 791 लैंडिंग के बाद टैक्सी करते समय टकराई। यात्री सुरक्षित हैं। उधर, एयर इंडिया ने एक विमान में खराबी के बाद बोइंग विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू की है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 02-04-2026 00:05 Color:

फटाफट खबरें

'नक्सल प्रभावित इलाकों में कमी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली
देश में नक्सल प्रभावित इलाकों में खासी कमी आई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2018 के 126 से घटकर अब दिसंबर 2025 में केवल आठ रह गई। इसमें भी सिर्फ तीन जिले ही सबसे ज्यादा प्रभावित है।

'बीमा कंपनियों की मनमानी रोकें'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 'कई तरह के तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए बीमा कंपनियां मरीजों का मेडिक्लेम ठुकरा देती हैं। मरीज को ही दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है ताकि क्लेम रिजेक्ट किया जा सके।' राज्यसभा में यह मुद्दा कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने उठाया। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस सांसद ने कहा कि तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए क्लेम खारिज किए जाते हैं।

स्टूडेंट्स स्यूसाइड का मुद्दा उठाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। एक RTI का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ढाई साल में 40 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की है। इस पर रोक लगे। जेडीयू के संजय कुमार झा ने कहा कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगे।

शिवराज के खिलाफ केस का निपटारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की याचिका का निपटारा कर दिया। उन्होंने कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि मामले को समझौते के तहत रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस एम. एम. सुंदरेश, जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कार्यवाही वापसी का रेकॉर्ड किया।

जेल से बाहर आए बिक्रम मजीठिया

■ भाषा, पटियाला : शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया सुप्रीम कोर्ट से आय से अधिक संपत्ति के मामले में जमानत मिलने के एक दिन बाद मंगलवार को पटियाला की न्यू नाभा जेल से बाहर आ गए। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने पिछले साल 25 जून को अमृतसर स्थित उनके आवास से मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया था।

पंकजा के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : छत्रपति संभाजीनगर में जिला परिषद चुनाव के प्रचार में जा रही मंत्री पंकजा मुंडे को ले जाने वाले हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने से कुछ घंटे पहले ही तकनीकी खराबी का पता चल गया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे उनको दो घंटे इंतजार करना पड़ा।

देहरादून बस हादसे में तीन की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: उत्तराखंड के देहरादून जिले के विकासनगर में हरिपुर-कोटी-मीनस राजमार्ग पर क्वानू के पास मंगलवार सुबह रोडवेज बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई। बस हिमाचल प्रदेश के नेरवा से पांवटा जा रही थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। बस में 36 यात्री सवार थे।

4 हजार ई साइकल बांट बनाया रेकॉर्ड

■ भाषा, अमरावती : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 24 घंटे के भीतर लगभग चार हजार ई-साइकल बांट गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है। सीएम ने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र कुप्पम के हालिया दौरे में वितरण के लिए निर्धारित कुल 5,555 में से 3,742 ई-साइकल मात्र 24 घंटे के भीतर बांट दी।

भारत-US के बीच व्यापार समझौते की खबर के बाद संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा, वॉकआउट

डील पर सवाल, सरकार बोली- ऐतिहासिक

विपक्षी सदस्यों ने व्यापक चर्चा की मांग की

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में खूब हंगामा हुआ। विपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि समझौते की जानकारी वॉशिंगटन से आ रही है। इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी के बाद सदन से वॉकआउट किया। वहीं, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार पूरी डील के बारे में सदन को जानकारी देगी। उन्होंने विपक्ष के हंगामे को लोकतंत्र के लिए घातक बताया। पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर मंगलवार को भी लोकसभा में हंगामा जारी रहा। प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सांसद नारेबाजी करते हुए आसन के पास आ गए। भारत-अमेरिका ट्रेड डील का मुद्दा उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे।

कैसे शुरू हुआ हंगामा?

राज्यसभा में शून्यकाल खत्म होने के बाद सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा तो कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वॉशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने मांग की कि ट्रेड डील के बारे में संसद को विश्वास में लिया जाना चाहिए और सदन के पटल पर पूरे मसौदे को रखा जाए व चर्चा हो। दूसरे विपक्षी दलों ने भी इसका समर्थन किया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

सदन के नेता ने क्या कहा?

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार इस व्यापार समझौते पर चर्चा करेगी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार विस्तार से बयान देने के लिए तैयार है तो कांग्रेस और INDI गठबंधन का यह रवैया गलत है। यह उनकी निराशा है, जो बोल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का व्यवहार निंदनीय है। विपक्ष अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा कि वह सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा और हर छोटा-बड़ा विवरण देने को तैयार है।

PTI



विरोध के स्वर : लोकसभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संबोधन के दौरान स्पीकर से विरोध जताते सांसद केसी वेणुगोपाल।

ट्रेड डील से किसानों की मेहनत बेच दी : राहुल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कहा कि इस समझौते पर कई महीनों से बातचीत चल रही थी, लेकिन यह रुकी हुई थी और पीएम ने इसे अचानक साइन किया। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस डील के जरिये देश के किसानों की मेहनत और पसीने को बेच दिया है। संसद भवन में मीडिया से बातचीत में राहुल ने कहा कि पीएम मोदी डरे हुए हैं और उनपर बहुत दबाव था, इसलिए समझौता करने को मजबूर हुए। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में अदाणी समूह से जुड़े मामले और एपस्टीन फाइल्स से संभावित खुलासों के डर की वजह से पीएम पर दबाव है। राहुल गांधी ने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे के संस्मरण का मुद्दा केवल एक साइड स्टोरी है और असली मुद्दा कुछ और है, जिससे प्रधानमंत्री डर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम समझौता कर चुके हैं और देश की जनता को यह समझना चाहिए कि ऐसा किसने और कैसे कराया?

> आरोप लगाया कि पीएम समझौता कर चुके हैं, अब, यह देश की जनता समझे

लोकसभा में क्या हुआ?

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही चलने देने की अपील करते हुए कहा कि प्रश्नकाल में नियोजित तरीके से आसन के पास आकर नारेबाजी का कोई औचित्य है क्या? यह सदस्यों का समय होता है। इसमें सांसद प्रश्न उठाते हैं, सरकार की जवाबदेही तय होती है। उन्होंने कहा कि सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और बजट पर चर्चा होनी है और इसमें सभी सदस्यों को बात रखने का पर्याप्त मौका मिलेगा। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने कुछ मिनट बाद ही सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। फिर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्य नारे लगाने लगे। एसपी सदस्य हाथों में तख्तियां लिए हुए थे और नारेबाजी करते हुए आसन के पास पहुंच गए।

ट्रेड डील डन, PM से बोला NDA, वेलडन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एनडीए संसदीय दल की मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने सांसदों से कहा कि गठबंधन अपनी जन-केंद्रित नीतियों और कड़ी मेहनत की वजह से चुनाव जीत रहा है। लेकिन एनडीए के नेताओं को चुनावी विजय को लेकर आत्मसंतुष्टि की भावना से बचना चाहिए। इस दौरान एनडीए नेताओं ने 39 देशों के साथ ट्रेड डील सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए पीएम मोदी का सम्मान किया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से कहा कि पीएम मोदी ने एनडीए के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें विभिन्न चुनावों में जीत से संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। भारत और अमेरिका डील रिजिजू ने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर उत्साह का माहौल है। सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि पीएम के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते पूरे हुए हैं।

PTI

सम्मान: अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बाद NDA की बैठक में पीएम को किया गया सम्मानित

'US के कृषि उत्पाद देश में बिके तो छोटे किसान हो जाएंगे बर्बाद'

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने अपने कृषि उत्पाद भारत में बेचने का दावा किया है, जिसके बाद देश के किसान संगठन ऐक्टिव हो गए हैं। दरअसल, प्रमुख किसान संघ इस बात के लिए बिल्कुल राजी नहीं है कि अमेरिका के कृषि और डेरी उत्पाद भारत के बाजार में आएं। किसान संघों का कहना है कि अगर अमेरिका के कृषि व डेरी उत्पाद भारत में बिकते हैं तो यहां के छोटे किसान बर्बाद हो जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़ा भारतीय किसान संघ पुराने स्टैंड पर कायम है कि कृषि और डेरी सेक्टर से जुड़े उत्पादों को ट्रेड डील के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। वहीं, कई किसान संघों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि जिस तरह से अमेरिका के प्रेसिडेंट, मंत्री और अधिकारी सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं, उससे साफ है कि अमेरिका ने अपने किसानों के फायदे का सौदा किया है। डील को लेकर स्थितियां साफ होने पर रणनीति तैयार होगी।



आंदोलन का ऐलान

संयुक्त किसान मोर्चा के सचिव अविक साहा ने कहा कि अमेरिका के छोटे किसानों को अमेरिकी सरकार भारी भरकम सब्सिडी देती है तो उनके उत्पाद भारत में औने-पौने दाम पर निर्यात कर दिए जाएंगे, वहीं भारत में किसानों को एमएसपी तक पाने में दिक्कतें होती हैं, वे अमेरिका के उत्पादों का कैसे मुकाबला कर पाएंगे। मोर्चा ने तय किया है कि 4 से 11 फरवरी तक गांव-गांव अभियान का आह्वान होगा। 12 फरवरी को आम हड़ताल के समर्थन में व्यापक जन-प्रदर्शन का आह्वान भी किया है।

डिटेल का इंतजार

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर स्वदेशी जागरण मंच का कहना है कि डिटेल का इंतजार करना चाहिए। मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा कि विपक्ष विरोध क्यों कर रहा है, यह पता नहीं। विपक्ष को बस बाहर से कोई कुछ कह देता है तो वही दिखाई-सुनाई देता है। उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए कि सरकार इसकी क्या डिटेल देती है।

> भारत-अमेरिका संबंधों में हुई ये नई प्रगति अभिनंदनीय है। पीएम मोदी को बधाई। उनके कुशल नेतृत्व में भारत में युवाओं के लिए नित नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं। भारत और अमेरिका यानी दुनिया के दो सशक्त लोकतंत्रों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रभाव बहुत ही सकारात्मक और दूरगामी होने वाला है। *-नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी*

> भारत के MSME को नई शक्ति मिलने वाली है। इससे लघु उद्योगों की Global Competitiveness बढ़ेगी, रोजगार में वृद्धि होगी, नई सप्लाई चेन में जगह मिलेगी और निवेश और क्रेडिट फ्लो भी बढ़ेगे। डील भारतीयों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा। *-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री*

> द्विपक्षीय व्यापार पर हुई घोषणाओं का स्वागत है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी, विकास को बढ़ावा मिलेगा और इनोवेशन बढ़ेगा। यह 'मेक इन इंडिया' की कोशिशों को मजबूत करेगा और भरोसेमंद टेक्नॉलजी संबंधों को बढ़ावा देगा। **-एस. जयशंकर**, विदेश मंत्री

'परीक्षा पे चर्चा' इस बार नए अंदाज में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

परीक्षा पे चर्चा'- (PPC2026) इस बार एक नए अंदाज में सामने आ रहा है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस अनूठे कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से बात करते हैं। परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को एक उत्सव की तरह मनाने के मकसद के साथ शुरू किया गया यह कार्यक्रम हर संस्करण में एक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम ने देश के नागरिकों को 6 फरवरी को प्रसारित होने वाले विशेष 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को देखने के लिए आमंत्रित किया ताकि वे इन रोचक संवादों और भारत के युवाओं की सामूहिक भावना को देख सकें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली हैं। परीक्षा पे चर्चा इस बार अनोखे और व्यापक अंदाज में जल्द लौट रहा है। परीक्षा के डर को भगाने तथा सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए सभी एग्जाम वॉरियर्स PPC2026 से जुड़ें। वहीं, पीएम ने परीक्षाएं पास आने के साथ ही एक बार फिर 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से युवा छात्रों से संवाद स्थापित किया। इस वर्ष देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित 'एग्जाम वॉरियर्स' के साथ चर्चा की गई। पीएम ने इस अनुभव को प्रेरणादायक बताया और छात्रों के उत्साह की सराहना की। तनावमुक्त परीक्षा के महत्व पर बल दिया और चुनौतियों से पार पाने, संतुलन बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए। पीएम मोदी ने एक्स के एक पोस्ट में कहा कि जैसे-जैसे परीक्षाएं निकट आ रही हैं, परीक्षा पे चर्चा भी वापस आ गया है! इस बार कई जगहों पर छात्रों के साथ चर्चा हुई।

> पीएम ने 6 फरवरी को कार्यक्रम देखने के लिए लोगों को आमंत्रित किया

पश्चिम बंगाल और दिल्ली में ED ने की छापेमारी

■ भाषा, कोलकाता : प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय कोयला माफिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत मंगलवार को पश्चिम बंगाल और दिल्ली में कई जगह नए सिरे से छापे मारे। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ ईडी के ने सुबह करीब साढ़े छह बजे से दिल्ली, कोलकाता, आसनसोल, दुर्गापुर और पश्चिम बर्द्धमान जिले के अन्य हिस्सों में परिसरों की तलाशी लेनी शुरू की। जिन स्थानों की तलाशी ली गई, उनमें आसनसोल स्थित बुदबुद पुलिस थाने के नवनियुक्त प्रभारी अधिकारी मनोरंजन मंडल का आवास भी शामिल है। तलाशी अभियान अवैध रेत और कोयले के व्यापार मामले की जांच से जुड़े हैं। मंडल को पिछले साल भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया था। उस वक्त वह बाराबनी थाने में तैनात थे। बाद में उन्हें आसनसोल पुलिस विशेष शाखा से संबद्ध किया गया।

> ममता बनर्जी ने दावा किया कि मतदाता सूची से उनके समर्थकों के नाम हट रहे

क्या है सांसदों के सस्पेंशन का नियम?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में बजट सत्र के दौरान लगातार दूसरे दिन भारी हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। हंगामे और कागज उछालने की घटना के बाद आठ विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। इसके राहुल गांधी की अगुवाई में निलंबित सांसदों समेत अन्य ने संसद के बाद प्रदर्शन किया। आइए जानते हैं क्या है सांसदों के सस्पेंशन का नियम और पहले कब-कब ऐसा हुआ।

Q क्या है नियम 374? लोकसभा के नियम 374 के तहत अगर कोई सांसद सदन की मर्यादा तोड़ता है, नियमों का उल्लंघन करता है या जानबूझकर कार्यवाही में बाधा डालता है, तो स्पीकर उसका नाम लेकर निलंबन का प्रस्ताव रख सकते हैं। इस नियम के तहत सांसद को अधिकतम पूरे सत्र तक निलंबित किया जा सकता है। हालांकि सदन चाहे तो बाद में यह फैसला वापस भी ले सकता है।

Q निलंबन का असर क्या? सस्पेंड किए गए सांसद न तो सदन में सवाल पूछ सकते हैं और न ही किसी मुद्दे पर बोल सकते हैं। वे किसी भी विधेयक या फैसले पर वोटिंग में हिस्सा नहीं ले सकते। इसके अलावा वे संसदीय समितियों की बैठकों में भी शामिल नहीं हो सकते। इससे उनके क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दे उठाने की उनकी क्षमता प्रभावित होती है।

PTI

राहुल गांधी की अगुवाई में संसद के बाहर प्रदर्शन करते निलंबित सांसद

पहले कब-कब बड़ी कार्रवाई?

- साल 2023 के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से कुल 141 सांसद निलंबित किए गए थे। इनमें 95 लोकसभा और 46 राज्यसभा के सांसद शामिल थे।
- 15वीं लोकसभा के दौरान आंध्र प्रदेश के विभाजन के मुद्दे पर कांग्रेस के कई सांसदों को सदन से निलंबित किया गया था।
- साल 2015 में तत्कालीन लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने कांग्रेस के 25 सांसदों को सदन के बीचों-बीच तख्तियां (प्लेकार्ड) लेकर विरोध प्रदर्शन करने पर पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया था।
- मार्च 1989 में भी लोकसभा से 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। ये सांसद इंदिरा गांधी हत्याकांड की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट पेश करने की मांग पर हंगामा कर रहे थे

स्पीकर को राहुल गांधी ने लिखा पत्र

एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोके जाने पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा विरोध जताया है। राहुल गांधी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि पहली बार संसदीय इतिहास में नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका गया है। राहुल ने पत्र में कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उन्होंने एक पत्रिका का हवाला देने की बात कही थी, जिस पर अध्यक्ष ने उनसे दस्तावेज को प्रमाणित करने को कहा। उन्होंने बताया कि उन्होंने आज अपना भाषण फिर से शुरू करते हुए उस दस्तावेज को प्रमाणित भी कर दिया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में उन्हें बोलने से रोकना न केवल इस स्थापित परंपरा का उल्लंघन है, बल्कि इससे यह गंभीर आशंका पैदा होती है कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने से जानबूझकर रोका जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति के अभिभाषण का अहम हिस्सा था जिस पर संसद में चर्चा जरूरी है।

2045 तक भारत में हर साल आ सकते हैं कैंसर के 24.5 लाख केस

वर्ल्ड कैंसर-डे आज : इंडियन कैंसर सोसायटी ने चेताया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत में हर साल सामने आने वाले कैंसर के नए मामलों की संख्या 2045 तक बढ़कर 24.5 लाख से अधिक होने का अनुमान है। अभी यह आंकड़ा करीब 15 लाख है। इंडियन कैंसर सोसायटी (ICS), दिल्ली ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेतावनी दी कि देश में तेजी से बढ़ते कैंसर से निपटने के लिए समय पर जांच और रोकथाम को स्वास्थ्य रणनीति के केंद्र में रखना बेहद जरूरी है।

आईसीएस ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब आम बजट में कैंसर उपचार की पहुंच बढ़ाने के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। इनमें चुनिंदा कैंसर दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट और घरेलू बायोफार्मा उत्पादन को बढ़ावा देना शामिल है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इन पहलों का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि केवल उपचार पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं होगा।

तोड़ने होंगे मिथक, समय पर जांच जरूरी : आईसीएस दिल्ली की चेयरपर्सन ज्योत्सना गोविल ने कैंसर रोकथाम, मरीज सहायता और जनजागरूकता में संगठन की लंबी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैंसर से जुड़े मिथकों को तोड़ना, समय पर जांच को बढ़ावा देना और वैज्ञानिक जानकारी लोगों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है।

सार्वजनिक निवेश की जरूरत

नीति आयोग की पूर्व निदेशक और कैंसर सर्वाइवर डॉ. उर्वशी प्रसाद ने कैंसर डेटा में कमियों, इलाज में क्षेत्रीय असमानताओं और वित्तीय बाधाओं पर चिंता जताई। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और कैंसर देखभाल में निरंतर सार्वजनिक निवेश की जरूरत पर जोर दिया।

CEC के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तो समर्थन : ममता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग का आह्वान किया और इस मुद्दे पर अन्य विपक्षी दलों से समर्थन मांगा। बनर्जी एसआईआर के खिलाफ अभियान के तहत दिल्ली में हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं, वे उनकी पार्टी के समर्थक हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक स्थगित कर दी, जिसमें I-PAC के दफ्तर और उसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसरों में तलाशी के दौरान कथित रूप से बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। यह कार्रवाई कथित कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मामले में की गई थी।

> ममता बनर्जी ने दावा किया कि मतदाता सूची से उनके समर्थकों के नाम हट रहे

चुनाव लड़ने के लिए बेटी की हत्या, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट : ग्राम पंचायत का चुनाव लड़ने के लिए एक शख्स को अपने तीन बच्चों में से एक की हत्या के आरोप में तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र में दो से ज्यादा बच्चे वाले लोग निकाय चुनाव नहीं लड़ सकते। नांदेड़ के केरूर गांव के रहने वाले पांडुरंग कोंडामंगले को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। TOI के मुताबिक, उस पर 29 जनवरी को निजामाबाद में छह साल की बेटी प्राची को नहर में डुबोकर मारने का आरोप है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पांडुरंग की पहले जुड़वां बेटियां थीं, जिनमें प्राची भी शामिल थी। बाद में, उसका एक बेटा भी हुआ। उसने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्राची को मारने का फैसला किया।' अधिकारियों ने केरूर के मौजूदा सरपंच गणेश शिंदे को भी गिरफ्तार किया, जिस पर पांडुरंग की हत्या की योजना बनाने में मदद करने का आरोप है।

> 3 बच्चे हैं तो महाराष्ट्र में नहीं लड़ सकते पंचायत चुनाव

बिहार : 3.47 लाख करोड़ का बजट पेश

■ भाषा, पटना : बिहार में नीतीश सरकार ने मंगलवार को 2026-27 के लिए 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने केंद्र की ओर से बिहार को मिली उदार सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि यह बजट विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने वाला है।

मेलबर्न में गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने निंदा की

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत ने मेलबर्न स्थित ऑस्ट्रेलियाई भारतीय सामुदायिक केंद्र से महात्मा गांधी की प्रतिमा की चोरी की मंगलवार को कड़ी निंदा की और प्रतिमा को बरामद करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार, कांस्य प्रतिमा को कथित तौर पर 12 जनवरी की सुबह मेलबर्न के रोविल स्थित सामुदायिक केंद्र से हटा दिया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हम अज्ञात लोगों द्वारा मेलबर्न के रोविल स्थित ऑस्ट्रेलियाई भारतीय सामुदायिक केंद्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा से तोड़फोड़ और उसे हटाने की निंदा करते हैं। हमने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष इस मामले को गंभीरता से उठाया है। गुम प्रतिमा को बरामद कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।'

> विदेश मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने उठाया चोरी का मुद्दा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHI3 User: cci Time: 02-03-2026 23:17 Color:

टैक्स घटकर 18% होगा, सवाल है कब से

क्या टैरिफ वॉर खत्म?

करीब सालभर की बातचीत और उठापटक के बीच अमेरिका ने भारत पर से टैरिफ घटाने का ऐलान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच यह सहमति बनी है। विपक्ष ने किसान हितों समेत देश से समझौता करने के आरोप लगाए हैं। विदेशी मीडिया में भी मोदी और ट्रंप के बयानों में एकरूपता न होने पर सवाल उठे। लेकिन सरकार सामने आई और साफ किया कि अमेरिका से डील देशहित में है। पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या टैरिफ की यह जंग अब खत्म होगी।

सरकार ने कहा, इस डील से हर भारतीय के हितों की रक्षा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए सरकार ने मंगलवार को अमेरिका के साथ ट्रेड डील को देश के लिए अच्छा बताया। केंद्रीय कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देश जल्द साझा बयान जारी करेंगे, जिसमें डील की पूरी जानकारी होगी। उन्होंने भरोसा दिया कि इस डील में एग्री और डेयरी सेक्टरों के हितों की पूरी रक्षा की गई है। साथ ही, इससे टेक्सटाइल्स, लेदर ऐंड फुटवियर, जेम्स ऐंड जूलरी जैसे ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों को बड़े अवसर मिलेंगे। यह ऐसी डील है जिससे हर भारतीय के हितों की रक्षा होगी और जिस पर 'हर भारतीय गर्व कर सकता है।'

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात भारत पर टैरिफ 50% से 18% करने का ऐलान किया था। इस पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश सहित विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाए कि इसकी जानकारी अमेरिका से क्यों आई? इस पर गोयल ने कहा, 'यह टैरिफ अमेरिका ने लगाया था। उन्हें ही कम करना था। जब उन्होंने इसे 50% से सीधा 18% किया, इतना कम किया तो इसकी जानकारी भी उधर से ही आएगी। स्वाभाविक है कि उनको टैरिफ कम करना है तो उसकी जानकारी राष्ट्रपति ट्रंप देंगे।'

कपड़ा, फुटवियर और जूलरी उद्योग को बड़ा फायदा

महीनों से जारी बातचीत का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने इतनी बढ़िया डील भारत के लिए तय की है, जो इतने महीनों में हम तय नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने अपनी मित्रता के आधार पर भारत के हितों को प्राथमिकता देते हुए और भारत की तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था को जिस प्रकार से विश्व के सामने पेश किया, उसके चलते भारत को यह बढ़िया डील मिली।'

कॉमर्स मिनिस्टर गोयल ने कहा, यह डील भारत की इकॉनमी के लिए, भारत के सभी 140 करोड़ नागरिकों के लिए, गांवों में रहने वाले हर गरीब व्यक्ति, किसान, मछुआरे, नौजवान और महिला, हमारी बहनों और महिलाओं के लिए बहुत सारे मौके लाएगी। इससे हमारे एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टरों के हितों की पूरी तरह रक्षा होगी। टेक्सटाइल्स, प्लास्टिक्स, अपैरल, होम डेकोर, लेदर ऐंड फुटवियर, जेम्स ऐंड जूलरी, ऑर्गेनिक केमिकल्स, रबर गुड्स, मशीनरी जैसे ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों के लिए ढेरों अवसर खुलेंगे।

यह टैरिफ अमेरिका ने लगाया था। जब उन्होंने इसे 50% से सीधा 18% किया तो इसकी जानकारी भी उधर से ही आएगी। स्वाभाविक है कि उनको टैरिफ कम करना है तो उसकी जानकारी भी अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ही देंगे। *-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री (विपक्ष के सवाल पर कि अमेरिका से ऐलान क्यों?)*

'राहुल जैसे नेता गुमराह कर रहे'

पीयूष गोयल ने कहा, 'राहुल गांधी बार-बार डबल स्टैंडर्ड दिखाते हैं।' रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा, '2011-12 में कांग्रेस ने भारत को RCEP में झोंक दिया था। एक प्रकार से चीन से FTA करने का पाप राहुल गांधी ने किया था। उससे भी पीएम ने देश को बचाया और उससे जुड़ने से इनकार कर दिया।...दुर्भाग्य है कि राहुल जैसे नकारात्मक सोच वाले नेता देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। देश की तरक्की से उन्हें कोई लेनादेना नहीं है। हमारे युवा-युवतियों का उज्ज्वल भविष्य उनको देखा नहीं जाता।'

चीन, पाक से बेहतर ट्रेड डील

पड़ोसियों और प्रतिस्पर्धियों से भी कम टैरिफ



इन पर सबसे ज्यादा टैरिफ

रूस, ब्राजील	50%
म्यांमार, लाओस	40%
स्विट्जरलैंड	39%
कनाडा	35%
साउथ अफ्रीका	30%

यहां फायदा

बेड कवर, गारमेंट्स सेक्टरों में लागत घटने से ऑर्डर बढ़ सकते हैं, बांग्लादेश व श्रीलंका से बढ़त मिलेगी।

कालीन, जेम्स ऐंड जूलरी, सी-प्रॉडक्ट्स से जुड़ी इंडस्ट्री टैरिफ घटने से कॉम्पिटिशन में आएगी।

जानें, देश के किस सेक्टर में कितना घटेगा टैरिफ



...लेकिन यहां जस के तस

232 अमेरिकी सेक्शन के तहत स्टील, कॉपर और एल्युमिनियम पर 50% टैरिफ जारी रहेगा

कुछ ऑटो कंपोनेंट्स पर 25% टैरिफ बना रहेगा।

भारत व अमेरिका में कारोबार

₹12 लाख करोड़ का कारोबार है अभी भारत और अमेरिका के बीच, इसमें ₹7.91 लाख करोड़ का US को निर्यात, 4.17 लाख करोड़ का आयात

Content: Sandeep Bundela
Graphic: Arjun Singh

भारत में ये सामान हो सकते हैं सस्ते

लैपटॉप, मोबाइल गैजेट्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और उनके कंपोनेंट्स/पार्ट्स

फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि के कुछ अमेरिकी ब्रैंड्स या पार्ट्स। कुछ अन्य पैक्ड गुड्स और फूड आइटम

90 अरब डॉलर पहुंच गया है अप्रैल से नवंबर के बीच भारत का US को निर्यात, 11.3% बढ़ा, इसमें स्मार्टफोन शिपमेंट का हिस्सा डबल हुआ।

एक साल में भारत की 5वीं ट्रेड डील

अमेरिका, EU से पहले भारत ने ब्रिटेन (यूके), ओमान, न्यूजीलैंड से भी डील की है।

साझेदारी के नजरिये से यह ग्लोबल जीडीपी का 50-55% तक

500 अरब डॉलर से अधिक की अमेरिकी चीजें खरीदेगा भारत, ट्रंप का दावा

सालभर में परवान चढ़ा समझौता

- **13 फरवरी, 2025:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कारोबारी रिश्ते मजबूत करने पर सहमत
- **2 अप्रैल 2025:** अमेरिका पहुंचने वाली भारतीय वस्तुओं पर 25% टैरिफ का ऐलान, अप्रैल में यह जुलाई तक टला।
- **31 जुलाई 2025:** 25% टैरिफ का ऐलान।
- **6 अगस्त, 2025:** रूसी तेल खरीद पर अतिरिक्त 25% टैरिफ की पेनल्टी लगी, कुल टैरिफ 50% हो गया।
- **16 सितंबर-10 दिसंबर 2025:** ट्रेड डील पर भारत और अमेरिका के बीच 7 दौर की बातचीत हुई।
- **2 फरवरी 2026:** ट्रंप और मोदी में टैरिफ घटाने पर सहमति बनी, यह 50% से घटकर 18% करने का ऐलान हुआ।

...तो टेस्ला की कारें अब भारत में होंगी सस्ती!

Khalid.Amin@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका से ट्रेड डील को लेकर भारत के ऑटो सेक्टर में हलचल तेज है। खासकर यह सवाल चर्चा में है कि इस डील के बाद अमेरिका से भारत में इंपोर्ट होने वाली गाड़ियों पर कितना टैक्स कम होगा और इसका सीधा फायदा किन कंपनियों को मिलेगा। सबसे बड़ा फोकस इलेक्ट्रिक कार मेकर टेस्ला पर है, जिसे इस फैसले से बड़ा बूस्ट मिल सकता है।

इतिहास देखें तो अमेरिका की ऑटो कंपनियों का ट्रैक रेकॉर्ड भारत में बहुत मजबूत नहीं रहा है। फोर्ड, जनरल मोटर्स और हार्ली डेविडसन जैसी बड़ी कंपनियां भारत में ऑपरेशन बंद कर चुकी हैं। फिलहाल भारत में कोई बड़ी अमेरिकी पैसेंजर कार कंपनी मैन्युफैक्चरिंग के स्तर पर सक्रिय नहीं है। अभी पूरी तरह से इंपोर्टेड कारों पर 100% तक टैक्स लगता है। इसमें कमी आती है तो प्रीमियम और इलेक्ट्रिक सेगमेंट में नई हलचल दिख सकती है।

इस डील के तहत अगर अमेरिका से इंपोर्ट होने वाली इलेक्ट्रिक कारों पर कस्टम ड्यूटी और ट्रेड बैरियर्स कम होते हैं, तो टेस्ला अपनी कारें भारत में पहले के मुकाबले कम कीमत पर बेच सकेगी। इससे कंपनी को तुरंत फैक्ट्री लगाए बिना मार्केट टेस्ट करने, ब्रैंड मजबूत करने और प्रीमियम ईवी सेगमेंट में बिक्री बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह डील टेस्ला को भारत में सिर्फ मौजूद रहने से आगे बढ़कर मजबूत खिलाड़ी बनने का मौका दे सकती है। लेकिन टेस्ला की कीमतें अगर ज्यादा कम हुईं तो भारत में प्रीमियम इलेक्ट्रिक SUV बनाने वाली महिंद्रा और टाटा जैसी कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

क्या देश में बदलेगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का गेम।

डील के बाद क्या फोर्ड की वापसी का रास्ता खुल सकता है? पहले भी कई बार ऐसी खबरें आती रही हैं कि फोर्ड अपनी पॉपुलर SUV एंडेवर को भारत में पूरी तरह इंपोर्ट (CBU) के तौर पर लॉन्च करने की सोच रही है। अगर इस ट्रेड डील के तहत इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती होती है, तो फोर्ड के लिए बिना फैक्ट्री लगाए भारत में दोबारा एंट्री करना आसान हो जाएगा। यह डील फोर्ड के कमबैक की जमीन तैयार कर सकती है।

अमेरिकी चीजों पर टैरिफ ज़ीरो करेगा भारत?

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत से व्यापार समझौते के ऐलान के बाद सवाल भी उठे। विपक्ष भी बिफरा। सरकार ने सफाई दी, फिर भी इस डील की तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं है।

Q कब लागू होगी US डील?
ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि भारत पर घटा हुआ 18% टैरिफ तुरंत प्रभाव से लागू होगा। हालांकि अमेरिकी नियमों के मुताबिक, इसके लिए वहां की सरकार को आदेश जारी करना होगा। अभी वह आदेश नहीं आया है। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देशों के वार्ताकार तमाम ब्योरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन सी बातें तय हुई हैं, लेकिन यह कहा कि दोनों देश 'जल्द' साझा बयान जारी करेंगे, जिसमें वह पूरी जानकारी होगी, जिन पर भारत और अमेरिका जल्द दस्तखत करेंगे। डील पर 'फाइनल अंडरस्टैंडिंग' बनने और साझा बयान को अंतिम रूप दिए जाने, टेक्निकल प्रोसेस पूरा होने पर पूरी जानकारी सामने रख दी जाएगी।

Q रूसी तेल पर 25% पेनल्टी का क्या?
ट्रंप ने अप्रैल में 25% जवाबी टैरिफ लगाने की बात कही थी। इसके बाद रूस से भारत की तेल खरीद का हवाला देकर पेनल्टी के रूप में और 25% टैरिफ लगा दिया। इस तरह 50% टैरिफ हो गया था। हालांकि इसके बाद से भारत की तेल कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद घटाई। ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि पीएम मोदी ने कहा है कि भारत अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदेगा। सूत्रों ने बताया कि इसे देखते हुए अमेरिका 25% पेनल्टी खत्म करने और शुरुआती 25% जवाबी टैरिफ को घटाकर 18% करने पर राजी हो गया है।

Q अमेरिकी चीजों पर टैरिफ का क्या?
ट्रंप ने ट्रेड डील का ऐलान करते हुए कहा था कि भारत भी अमेरिका से तेल-गैस और कृषि उत्पादों सहित अन्य चीजों पर टैरिफ और नॉन टैरिफ बैरियर कम करेगा और इसे जीरो कर देगा। दरअसल किसी भी ट्रेड डील में दोनों पक्ष एक-दूसरे की चीजों पर आयात शुल्क घटाते हैं और कोशिश यही रहती है कि अधिक से अधिक चीजों पर यह जीरो हो जाए। मसलन, यूरोपियन यूनियन के साथ FTA के मुताबिक, 'डील लागू होने के बाद के 7 वर्षों में EU भारत से अधिकांश आयात पर टैरिफ जीरो या इसके करीब कर देगा, वहीं भारत ऐसा 10 वर्षों में करेगा। इसी तरह अमेरिकी डील के ब्योरे आने पर पता चलेगा कि किन चीजों पर और कितने समय में चरणबद्ध ढंग से टैरिफ घटेगा। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने भले कहा कि इंडस्ट्रियल गुड्स पर भारत टैरिफ 13.5% से घटाकर 0 कर देगा, लेकिन यह डील लागू होने के पहले दिन से होगा या चरणबद्ध ढंग से होगा, अभी साफ नहीं है।

Q 500 अरब डॉलर का सवाल?
ट्रंप ने कहा है कि भारत ने अमेरिका से 500 अरब डॉलर की चीजें खरीदने का वादा किया है। सवाल उठा कि क्या यह खरीद एक साल में होगी। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि ऐसा नहीं है, असल में यह खरीद डील लागू होने के बाद 5-6 वर्षों में होगी। उन्होंने कहा कि विमानों और उनके पुर्जों और डेटा सेंटर्स की जरूरी चीजों सहित सहित कई तरह की खरीदारी इसमें शामिल होगी।

Q कृषि उत्पादों पर भारत देगा छूट?
ट्रंप और अमेरिकी कृषि मंत्री ने इस डील से अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए भारत में अवसर बढ़ने की बात की है। वहीं, गोयल ने साफ किया कि एग्री और डेयरी सेक्टर के हितों की पूरी रक्षा की गई है। ट्रंप की जीत में अमेरिकी किसानों की बड़ी भूमिका रही है। यही वजह है कि अमेरिका ने जापान और ब्रिटेन सहित जिन भी देशों से ट्रेड डील की है, उनमें वहां अपने कृषि उत्पादों के बड़े पैमाने पर निर्यात का इंतजाम किया है। भारत पर दबाव रहा है कि GM मक्का, सोयाबीन और डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए रास्ते खोले जाएं। हालांकि भारत ने अब तक किसी भी FTA में न तो GM फसलों और न ही डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए छूट दी है। सूत्रों के मुताबिक, डील में सेब और बादाम सहित कुछ चीजों को छूट दी जाएगी, बाकी चीजों में ऐसा नहीं होगा।

अमेरिकी मीडिया बोला- डील की शर्तें स्पष्ट नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अमेरिकी अखबार न्यू यॉर्क टाइम्स लिखता है कि ट्रंप प्रशासन ने भारत से महीनों से चल रहे ट्रेड वॉर को खत्म कर दिया है। लेकिन इस समझौते की शर्तें अब भी साफ नहीं हैं। दोनों देशों के नेताओं की ओर से जारी बयानों में भी अंतर का यह जिक्र करता है। इससे स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि समझौते के ब्योरों पर सहमति कितनी गहरी और स्थिर है। इस समझौते की असल रूपरेखा और खेती, रूसी तेल समेत कई सेक्टरों पर इसका असर अभी स्पष्ट नहीं है।

NYT ने लिखा, ट्रंप ने भारत से ट्रेड वॉर खत्म की

अमेरिकी विश्लेषकों का कहना है कि कई सवाल खुलकर जवाब मांग रहे हैं। जैसे- क्या सिर्फ टैरिफ कटौती है या फिर कोई बड़ा व्यापार समझौता तैयार हो रहा है। व्यापार बाधाएं, कृषि बाजार खोलने, तेल खरीद जैसे बड़े मुद्दे पर स्पष्टता नहीं है।

अमेरिकी राजदूत कैसे बने डीलमेकर?

ट्रंप प्रशासन से संवादहीनता दूर करने में सर्जियो गोर की अहम भूमिका

Alpyu.Singh@timesofinda.com

■ **नई दिल्ली:** भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ पर जब तनातनी बढ़ गई थी और दोनों देशों के बीच बयानों के तीर चल रहे थे, तब भारत सरकार के एक टॉप अफसर ने NBT से कहा था कि सबसे बड़ी बाधा दोनों देशों के नेतृत्व के बीच संवादहीनता का पैदा होना है। जिस दिन बातचीत शुरू होगी, उस दिन डील समेत कई चीजें आगे बढ़ेंगी। ऐसा ही हुआ।

12 जनवरी को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) भारत आए। तब से दोनों देशों के बीच संवाद इतनी तेजी से शुरू हुआ कि जो डील बहुत दूर दिख रही थी, अचानक से सामने आ गई। गोर अपनी नियुक्ति के कई दिन बाद आए। वह अक्टूबर में दिल्ली आकर पीएम मोदी समेत उच्च नेतृत्व से मिले थे, लेकिन पदभार संभाला 14 जनवरी को। अमेरिकी सूत्रों ने कहा कि यह तय था कि वह होम वर्क करके आएंगे। दरअसल, आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी संभालने से पहले बैकरूम डिप्लोमेसी शुरू कर चुके थे।

जिम्मेदारी संभालने से पहले ही शुरू किया था काम

विदेश मंत्री एस. जयशंकर को क्रिटिकल मिनिरल्स से जुड़े 4 फरवरी के इवेंट में शामिल होने का न्योता मिलने और उसके बाद दोनों देशों के बीच बातचीत को टॉप लेवल पर शुरू करने का श्रेय उन्हें ही मिला। उन्होंने ही इस बात को अमेरिकी प्रशासन में पहुंचाया कि बयानबाजी चीजों को प्रभावित कर रही है। अमेरिकी कॉमर्स मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो यहां तक कहा था कि भारत से डील इसलिए नहीं हो पाई कि पीएम मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया था। गोर ने दिल्ली-वॉशिंगटन के बीच इस संवादहीनता और अविश्वास को कम करने की कोशिश की। असर भी हुआ। पहले मंत्री स्तर पर संवाद बढ़ा। फिर छोटी-छोटी बाधाएं दूर की गईं। अंततः सोमवार रात भारत से डील होने के संकेत देती खबर सबसे पहले उन्होंने साझा की। ट्रंप के खासमखास रहे गोर को वाइट हाउस का प्रभावशाली इनसाइडर माना जाता है।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

डिप्लोमेसी कैसे काम आई?

ट्रंप ने जब टैरिफ को हथियार बनाया तो भारत ने ट्रेड साझेदारियों में विविधता तलाशनी शुरू की। ब्रिटेन, फिर ईयू संग भारत के FTA ने ट्रंप प्रशासन को दिखाया कि विकल्प उसके पास भी है। कहते हैं, ईयू डील ने US पर दबाव बढ़ाया है।

भारत का संयम अहम रहा

ट्रंप और उनके मंत्रियों के तीखे बयानों पर भी भारत ने हमेशा यही कहा कि हमारे गहरे संबंध हैं। भारत ने दिखाया कि वह ग्लोबल साउथ की बड़ी साझेदारी का हिस्सा है। चिनफिंग, पुतिन, मोदी की फोटो पर ट्रंप की असहजता ने इसकी तस्दीक की।

संबंध अब किस राह पर?

डील की असमंजसता ने ऐसा गतिरोध खड़ा किया था कि बीते साल फरवरी में US के दौरे के बाद मोदी-ट्रंप एक मंच पर नहीं दिखे। आसियान समिट, गाजा शांति योजना में भी मोदी की गैरमौजूदगी को इसी तरह देखा गया। अब संबंधों में गहराई आएगी।

धैर्य से बातचीत बनाए रखी

अमेरिका से ट्रेड डील की राह साफ होने से कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल का बड़ा मिशन पूरा हो गया है। अग्रवाल 2022 में बतौर अडिशनल सेक्रेटरी कॉमर्स डिपार्टमेंट में आए थे। पिछले कॉमर्स सेक्रेटरी के दौर से ही वह मुख्य वार्ताकार की भूमिका में थे। संवादहीनता में भी उन्होंने संवाद बनाए रखा। डील पर कहा था, समझौते जल्दबाजी में नहीं होते, बात तभी बनती है, जब दोनों के लिए लाभ की बात हो और इसके लिए धैर्य रखना पड़ता है।

राजेश अग्रवाल, कॉमर्स सेक्रेटरी

जानें, क्या कहते हैं जानकार

'ईयू डील से बढ़ा दबाव'

कह सकते हैं कि ईयू-भारत की डील ने एक तरह से अमेरिका से डील की दिशा में बढ़ने में मदद की। डिप्लोमेसी के लिहाज से भारत ने इस मामले को अच्छी तरह संभाला। इस डील से जाहिर है कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अपनी स्थिति का इस्तेमाल हितों को हासिल करने में कर सकता है। *-हर्ष वी. पंत, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार*

'सकारात्मक संदेश'

डील पर काफी दिनों से बातचीत चल रही थी। बताते हैं, आखिरी निर्णय इसलिए नहीं हो पा रहा था कि डील के कागजात ट्रंप की टेबल पर थे। जो डील सामने आई है, वह द्विपक्षीय संबंधों के लिए सकारात्मक संदेश देती है। हालांकि इस डील पर भारत ने अमेरिका से क्या वादा किया है, यह अभी साफ नहीं है। *-शशांक, पूर्व विदेश सचिव*

'जश्न जल्दबाज़ी होगी'



सोचने वाली बात है कि क्या राज है कि ट्रंप एक दिन अचानक उठे और पीएम को फोन कर टैरिफ घटाने की घोषणा कर दी। जबकि बीती मई से उन्होंने भारत पर नरम रुख नहीं दिखाया। खेती समेत कई मुद्दों पर कई बातें अनसुलझी हैं, ऐसे में इस डील पर अभी जश्न मनाना जल्दबाजी होगी। *-राजीव डोगरा, विदेश मामलों के जानकार*

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 02-03-2026 21:40 Color:

अंतरराष्ट्रीय व्यापार आर्थिक समृद्धि का माध्यम है, इसे राष्ट्रीय हितों और स्थिरता के साथ संतुलित रखना आवश्यक है।
–जॉन मेनार्ड कीन्स, ब्रिटिश अर्थशास्त्री

देर पर दुरुस्त

करीब एक साल पहले, फरवरी 2025 में जब पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई थी, तब यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इस डील को कितने उतार-चढ़ाव देखने पड़ेंगे। इस एक साल में भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्ते भी कई बार ऊपर-नीचे हुए। आखिर में जब डील फाइनल होने की खबर आई, तो उस पर बाजार का रिएक्शन ही बता देता है कि इसका महत्व क्या है और कितनी बेसब्री से सभी इंतजार कर रहे थे।

भारत-US डील

कम होगा दबाव | नई दिल्ली को बार-बार करीबी सहयोगी कहने के बावजूद ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने भारत से आने वाले सामानों पर कुल 50% टैरिफ लगाया था। इसका असर निर्यातकों पर नजर आने लगा था। भारत अपने कुल निर्यात का 19.8% अमेरिका को भेजता है, जबकि कुल आयात का 6.3% उससे खरीदता है। टैरिफ की वजह से अब दबाव कम होगा।

प्रतिस्पर्धा में बेहतर स्थिति | डील की डिटेल्स नहीं आई हैं, पर अभी तक की जानकारी के मुताबिक ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया है। अमेरिका के बड़े निर्यातकों के बीच भारत की स्थिति इससे बेहतर होती है। बांग्लादेश और वियतनाम पर 20%, दक्षिण कोरिया पर 25% और चीन पर 34% टैरिफ है। भारतीय उद्योग जगत के पास इन देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा में अब बढ़त हासिल होगी।

अनिश्चितता खत्म होगी | डील पर लंबे समय से बनी अनिश्चितता भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रिश्तों के साथ घरेलू मोर्चे पर भी नुकसान पहुंचा रही थी। यही वजह है कि सेंसेक्स ने 2.54% और निफ्टी ने 2.51% की उछाल के साथ डील की खबर का स्वागत किया। इस समझौते के होने का वक्त भी अहम है। पिछले हफ्ते ही भारत और EU ने उस FTA को अंजाम तक पहुंचाया, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है।

जानकारी का इंतजार | अमेरिकी टैरिफ के बाद भारत ने निर्यात में विविधता लाने की कोशिश शुरू की, जो अब भी जारी रहनी चाहिए। एक देश पर अति निर्भरता के खतरे सभी के सामने हैं। साथ ही, डील पर अभी तमाम चीजें साफ होना बाकी हैं। कृषि और डेयरी सेक्टर को लेकर जो गतिरोध बना हुआ था, उसका हल कैसे निकाला गया - यह देखने वाली बात होगी। तेल की खरीद और रूस से रिश्ते भी अहम मुद्दे हैं। विपक्ष भी डील की जानकारी की मांग को लेकर आक्रामक है। उम्मीद है कि सरकार के जवाब से सारी चीजें स्पष्ट होंगी।

नाभि में तीर

अम्मा की बिछिया

घरवाले हैरान हैं कि आखिर अम्मा को आज यह कौन सी नई धुन सवार हो गई है? वह तो सुबह उठते ही राम नाम जपती थी। स्नान के बाद रोज नियम से पूजा-पाठ करती थी। अपने कमरे में उन्होंने एक छोटा-सा मंदिर बनवा लिया था, उसी में विराजे ठाकुर जी की सेवा में लीन रहती थीं। दुनियादारी से कोई मतलब नहीं। वह जानें और उनकी तुलसी की माला जाने। लेकिन आज उन्हें हो क्या गया है, जो सुबह से ही स्नान-ध्यान छोड़ अपनी अलमारी का एक-एक सामान बिखेरे हुए हैं।

हरि मृदुल

पचासों साल पुराना संदूक खोलकर उसमें रखी हर छोटी-बड़ी डिबिया बाहर निकाले हुए हैं। पता नहीं क्या खोजने में लगी हुई हैं। सुबह से ही यह सिलसिला चल रहा है। घर के हर सदस्य ने अपनी-अपनी तरह से पूछ लिया है कि अम्मा आखिर ऐसा क्या खो गया है आपका, जो पूरे घर को एक किए हुए है? लेकिन अम्मा है कि कोई जवाब ही नहीं दे रही हैं। बस, अपने आपसे अस्फुट स्वरों में कुछ कहे जा रही हैं। अपने आपको कोस रही हैं कि कभी कुछ भूलती न थीं। लेकिन अब तो यादाश्त दगा देने लगी है। बीसियों बार पूछने पर अब जाकर उन्होंने अपनी उधेड़बुन का राज खोला है- चांदी की बिछिया गायब है उनकी! पूरा घर छान मारा है, लेकिन मिल नहीं रही है...।

जैसा कि बताया जा चुका है, इस उम्र में अम्मा को दुनियादारी से कोई मतलब नहीं। लेकिन पिछले दिनों उनकी नजर अखबार की उस हेडलाइन पर पड़ गई थी, जिसमें चांदी के पौने चार लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंचने की बात थी। कभी अखबार न छूनेवाली अम्मा ने उस दिन चांदी की कीमत बेतहाशा बढ़ने वाली खबर बारंबार पढ़ी थी। आंखें फाड़-फाड़ कर पढ़ी थी। चश्मा पोंछ-पोंछ कर पढ़ी थी। तभी उन्हें कुछ याद आया था और इसके बाद उन्होंने अपनी अलमारी और संदूकची छाननी शुरू कर दी थी। बिछिया की उस एक जोड़ी से कितनी ही यादें जुड़ी हैं अम्मा की। वे यादें अनमोल हैं। अम्मा ने खाना-पीना छोड़ दिया है। अब सोच रहे हैं कि अम्मा के साथ पूरा घर उस गुम हो चुकी बिछिया को खोजने में जुट गया है!!

एकदा

संकलन : ललित गर्ग

पिकासो का जवाब

द्वितीय विश्वयुद्ध के शुरुआती भयावह वर्षों में जर्मनी की नाजी सेना यूरोप पर अपना क्रूर नियंत्रण स्थापित कर रही थी। सन 1940 में हिटलर की सेना ने फ्रांस की राजधानी पेरिस पर कब्जा कर लिया। उन्हीं दिनों विश्वविख्यात चित्रकार पाब्लो पिकासो पेरिस में रह रहे थे। एक दिन नाजी खुफिया पुलिस का दस्ता उनके यहां पहुंच गया। पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली। पिकासो यह सब शांति से देखते रहे। तभी एक अधिकारी की नजर दीवार पर टंगी उनकी प्रसिद्ध पेंटिंग 'गुएर्निका' पर पड़ी। यह चित्र 1937 में स्पेन के बास्क शहर गुएर्निका पर जर्मन विमानों की गई बमबारी के विरोध में बनाया गया था, जो युद्ध की भयावहता दिखा रहा था। चित्र देखकर अधिकारी ने पूछा, 'क्या यह तुम्हारा काम है?' पिकासो ने शांत लेकिन तीखे स्वर में उत्तर दिया, 'नहीं यह तुम्हारा काम है।' अधिकारी सकपका गया और फिर पूछा, 'तुम्हें ऐसे काम से क्या हासिल होता है?' पिकासो ने साहस के साथ कहा, 'जो तुम कर रहे हो, उसकी तुलना में दुनिया का हर काम बेहतर है।' एक कलाकार की नैतिक दृढ़ता के सामने सत्ता का अहंकार मौन हो गया और अधिकारी बिना कुछ कहे लौट गया।


Subrata Dhar

US से डील भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका व कूटनीतिक हैसियत का प्रमाण

डील से मुश्किल था डॉन का बचना

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18% करना केवल व्यापारिक रियायत नहीं, नई दिल्ली की बदलती कूटनीतिक हैसियत, बहुध्रुवीय सक्रियता और वैश्विक शक्ति संतुलन में उसकी केंद्रीय भूमिका का संकेत है। यह कदम भारतीय निर्यातकों को तत्काल राहत देता है, लेकिन ऊर्जा आयात और टैरिफ बाधाओं में बदलाव की शर्तें भी लगाता है।

शान्तेष कुमार सिंह

रणनीतिक अहमियत | यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत ने यूरोप के साथ बहुचर्चित 'गोल्डन डील' को अंतिम रूप दिया है, BRICS की अध्यक्षता संभाली है और QUAD जैसे मंचों पर अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग को नई दिशा दी है। इन घटनाक्रमों ने ट्रंप प्रशासन को यह स्वीकार करने पर विवश किया कि भारत अब उभरता बाजार ही नहीं, एक अनिवार्य रणनीतिक साझेदार है।

EU से डील | भारत और EU के बीच हुए समझौते ने वैश्विक व्यापार समीकरणों को झकझोर दिया है। समझौते के तहत भारत को यूरोपीय बाजारों में टेक्सटाइल्स, ग्रीन टेक्नोलजी, फार्मा और डिजिटल सेवाओं में व्यापक पहुंच मिलेगी। यूरोप के लिए भारत के उपभोक्ता बाजार में निवेश का अवसर खुलेगा।

अमेरिका पर दबाव | इस डील ने अमेरिका को स्पष्ट संदेश दिया कि अगर उसने कठोर व्यापारिक रुख अपनाया, तो भारत के पास विकल्प मौजूद हैं। यही वह क्षण था, जब भारत की रणनीतिक स्वायत्तता केवल सिद्धांत न रहकर व्यावहारिक शक्ति के रूप में उभरी। ट्रंप का टैरिफ घटाने का फैसला आंशिक रूप से इसी प्रतिस्पर्धी दबाव का परिणाम माना जा सकता है।

कूटनीतिक मजबूती | भारत की BRICS अध्यक्षता ने उसकी कूटनीतिक स्थिति को और सुदृढ़ किया है। यूक्रेन युद्ध, वैश्विक ऊर्जा संकट और डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था की आलोचना के बीच BRICS एक वैकल्पिक मंच के रूप में उभर रहा है। भारत ने अध्यक्ष के रूप में ग्लोबल साउथ की चिंताओं - ऊर्जा सुरक्षा, ऋण राहत और सप्लाई चेन में विविधता को केंद्र में रखा। अमेरिका के लिए यह स्पष्ट था कि भारत को अलग-थलग करना या उस पर अत्यधिक दबाव डालना उसे BRICS के भीतर और अधिक सक्रिय व पश्चिम से दूर कर सकता है। ऐसे में टैरिफ कट को भारत को 'सिस्टम के भीतर' बनाए रखने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है।

इसलिए राजी हुआ US

- EU से डील ने दिखाया कि भारत के पास विकल्प मौजूद
- भारत के बिना अधूरी अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति
- नई दिल्ली के BRICS में ज्यादा सक्रिय होने का भी डर

QUAD पर असर | भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का साझा मंच QUAD केवल सुरक्षा ही नहीं, इंडो-पैसिफिक में आर्थिक स्थिरता, तकनीकी सहयोग और सप्लाई चेन में लचीलेपन का आधार बन चुका है। चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने में उसकी भूमिका अपरिहार्य है। ट्रंप प्रशासन भली-भांति जानता है कि यदि भारत व्यापारिक असंतोष के कारण QUAD में ठंडा रुख अपनाता है, तो अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति कमजोर पड़ सकती है।

रूस से रिश्ता | रूसी तेल पर भारत की निर्भरता को लेकर अमेरिका का दबाव इस पूरे घटनाक्रम का सबसे विवादास्पद पहलू है। भारत ने सस्ते रूसी तेल से न केवल अरबों डॉलर की बचत की, बल्कि घरेलू महंगाई को भी नियंत्रित रखा। अब इस निर्भरता को घटाकर अमेरिकी और अन्य स्रोतों से आयात बढ़ाने का वादा आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। भारत इसे समर्पण नहीं, बल्कि बीच का रास्ता मानता है।

कृषि में चुनौती | टैरिफ कट से भारतीय निर्यातकों को तत्काल राहत मिली है। जेवरात, टेक्सटाइल्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से राजस्व बढ़ेगा और रोजगार के मौके बनेंगे। कुछ बरसों में लाखों नौकरियां पैदा हो सकती हैं। हालांकि अमेरिकी कृषि और ऊर्जा उत्पादों पर शून्य टैरिफ घरेलू किसानों व MSME के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ा सकते हैं। सरकार को सब्सिडी सुधार, निर्यात प्रोत्साहन और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना होगा।

सौदेबाजी क्षमता | आलोचक इसे अमेरिकी दबाव के आगे झुकना कह सकते हैं, पर व्यापक परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय भारत की सौदेबाजी क्षमता को दर्शाता है। भारत ने न तो रूस से संबंध तोड़े, न ही यूरोप और BRICS में अपनी स्वतंत्र भूमिका छोड़ी। इसके विपरीत, उसने बहुपक्षीय मंचों का उपयोग कर अमेरिका को यह समझाया कि सहयोग ही व्यावहारिक रास्ता है।

संतुलित रही नीति | ट्रंप का टैरिफ कट भारत की कूटनीतिक विजय है। ऐसी जीत जो टकराव नहीं, संतुलन से हासिल हुई। यदि यह संतुलन बना रहा, तो भारत वैश्विक नेतृत्व में भी नई ऊंचाइयों को छू सकता है। यह डील लंबे समय तक फायदेमंद बने, इसके लिए नीतिगत सतर्कता अनिवार्य है। भारत की विदेश नीति एक बार फिर सिद्ध करती है कि रणनीतिक स्वायत्तता ही सच्ची शक्ति है।

(लेखक JNU के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रोफेसर हैं)

हैसियत देखकर क्यों आहत होती हैं भावनाएं

कॉमन रूम

एक बेटे के लिए बाबा मतलब पिता हैं और पोते के लिए दादा। बनारस में बाबा सिर्फ एक हैं - काशी विश्वनाथ और संगम तट पर मेला ही बाबाओं का है। भाषा, संस्कृति, भूगोल - कुछ भी बदल लीजिए, पर बाबा शब्द के साथ जुड़ा आत्मीयता और सम्मान का भाव नहीं बदलता। भारत से लेकर मध्य एशियाई सभ्यताओं तक 'बाबा' मौजूद है - कहीं रिश्तों में, कहीं सूफी संतों में, कहीं भगवा में, कहीं शख्सियतों में। कोई भी इस पर कॉपीराइट हक जताने की स्थिति में नहीं, लेकिन उत्तराखंड के कोटद्वार में अब लड़ाई इसी बात की लड़ी रही है।


शैलेंद्र पांडेय

संविधान और बाबा | बीते एक हफ्ते से सोशल मीडिया 'मोहम्मद दीपक' के नाम से बने कंटेंट से अटा पड़ा है। राजनीति की तरह गंध भी बंटी हुई है - कुछ समर्थन में और कुछ खिलाफ। विरोध करने वाले चुनौती दे रहे हैं, जबकि दीपक का कहना है कि उन्हें अपने अंजाम का डर नहीं और जरूरत पड़ने पर वह दोबारा ऐसा करेंगे। और उन्होंने किया क्या है... वह तब सामने खड़े हो गए, जब बजरंग दल से जुड़े कुछ लोग एक बुजुर्ग दुकानदार पर अपनी दुकान से 'बाबा' शब्द हटाने का दबाव डाल रहे थे।

यह कस संयोग है कि मूल घटना 26 जनवरी की है, जिस दिन संविधान लागू हुआ और जिसने देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार और कानूनी संरक्षण दिया। लेकिन, इस मामले में सारे कानून, सारे अधिकार 'भावनाओं' के सामने पस्त होते नजर आ रहे हैं। विरोध करने वालों के हिसाब से एक मुस्लिम दुकानदार 'बाबा' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके धर्म का नहीं और इससे भावनाएं आहत होती हैं। किसी की भावनाएं आहत करना वाकई अपराध है, लेकिन समस्या है कि अब भावनाएं भी हैसियत के हिसाब से चलने लगी हैं।

सही-गलत का सवाल | लोगों की भावनाएं तब आहत नहीं होतीं, जब इसी उत्तराखंड में अंकिता भंडारी केस में VIP एंगल की जांच के लिए विरोध-प्रदर्शन करना पड़ता है। भावनाओं को फर्क तब भी नहीं पड़ता, जब गंदे पानी की वजह से आम लोगों की मौत होती है और मंत्री कहते हैं 'घंटा'। भावनाएं 'शंकराचार्य विवाद' से भी आहत होनी चाहिए थीं और डॉनल्ड ट्रंप के बार-बार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों से भी। मुश्किल है कि ये मामले भावनाओं के खेल से ज्यादा बड़े थे।

कोटद्वार केस में पुलिस ने तीन केस दर्ज किए हैं। इनमें से एक दीपक और उनके दोस्त के खिलाफ भी है। दीपक को समझ नहीं आ रहा कि उन पर FIR क्यों हुई है, जैसे उन्हें यह नहीं समझ आ रहा कि उन्होंने गलत क्या किया है। उन्हें समर्थन मिल रहा है, लेकिन जिस तरह के विरोध-प्रदर्शन और गुस्से को वह झेल रहे हैं, उसके बाद यह सवाल रह जाएगा कि फिर कौन सही को सही कहने की हिम्मत करेगा।

कांटे की बात

फुटबॉल बना बाल विवाह रोकने का जरिया

आज वैश्विक मंच पर सबसे बड़ा मुद्दा चीन-अमेरिका का टकराव है। यही राष्ट्रपति के संबोधन का केंद्रीय विषय है। मुझे चीन और भारत के बीच जो हुआ, उस पर PM ने क्या प्रतिक्रिया दी, उस बारे में बयान देने दीजिए। मुझे क्यों रोका जा रहा है?

राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता

छोटी बात, बड़ा फर्क

UNICEF की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर चार में से एक नाबालिग लड़की की शादी कर दी जाती है। ऐसे में राजस्थान की महिला जन अधिकार समिति 'फुटबॉल फॉर फ्रीडम' प्रोजेक्ट के जरिए बाल विवाह रोकने का प्रयास कर रही है।

AI Image

800 लड़कियों को खेलना सिखाया

समिति की पद्मा जोशी ने पिछले 10 बरसों में 13 गांवों की 800 लड़कियों को फुटबॉल से जोड़ा है। पद्मा परिवार वालों को समझाती है कि उनकी लड़की अच्छा खेलेगी, तो सरकारी नौकरी भी मिल सकती है। जब लड़कियां खेलने आती हैं, तो उनको बाल विवाह के खतरों और उनके अधिकारों के बारे में भी बताया जाता है।

शादी नहीं करनी थी, बाल कटवाए

पद्मा बताती हैं कि धीरे-धीरे असर दिख रहा है। अजमेर के एक गांव की निशा वैष्णव और उनकी बहन मुन्ना ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई है। 15 साल की निशा अब नैशनल लेवल पर खेलने लगी है। मुन्ना गांव की दूसरी लड़कियों को फुटबॉल सिखा रही है। हालांकि परिवारों की सोच बदलना अब भी चुनौती है।

जनता जंक्शन — इरफान

हिमंत क्यों कर रहे हैं 'मियां मुस्लिम' का ज़िक्र

पूनम पाण्डे

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पिछले कुछ समय से अपने भाषणों में 'मियां मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके कई बयान न सिर्फ राजनीतिक बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं, बल्कि विपक्ष से लेकर एक्टिविस्ट तक सभी संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक ताने-बाने पर सवाल उठाने लगे हैं। असम में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का भाषण और आक्रामक हो रहा है।

मताधिकार छीनने की धमकी

CM खुलेआम कह चुके हैं कि 'मियां लोगों' को भारत में वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मैंने अपने कार्यकर्ताओं को भी कह दिया है कि मियां लोगों को इतना परेशान करो कि वे राज्य से बाहर चले जाएं।' विपक्ष इस पर हमलावर हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति अगर किसी खास पक्ष को ऐसे निशाना बनाएगा, तो ये लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। दरअसल, असम में 'मियां' शब्द का इस्तेमाल बांग्लादेश के बांग्ला बोलने वाले मुस्लिमों के लिए किया जाता रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता मिर्जा लुत्फुर रहमान बताते हैं कि भाषा के लिहाज से 'मियां' का अर्थ भले जेंटलमैन हो, लेकिन असम में यह एक खास तबके को अपमानित करने के लिए कहा जा रहा है। 2016 में जब असम में नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (NRC) की प्रक्रिया चल रही थी, तब 'मियां बोली' में कई कविता लिखी गई। उनका फिर हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। उस वक्त भी इस पर काफी विवाद हुआ था, लेकिन मियां समुदाय ने मियां कविता को अपनी पहचान और अस्तित्व की लड़ाई का प्रतीक बना लिया।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

इसके अलावा, असम में 'D-Voter' यानी डाउटफुल वोटर का मुद्दा पहले से ही हजारों परिवारों के लिए डर की वजह है। 2024 के लोकसभा चुनाव में धुबरी सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार फारुख की अर्जी ताहिमीना खातून इसलिए वोट नहीं डाल सकी, क्योंकि लिस्ट में उनके नाम के आगे 'D' लिखा था। ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें सालों से वोट डालने वाले संदिग्ध हो गए।

अभी असम में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) प्रक्रिया चल रही है। इस पर भी चिंता जताई जा रही है। सोशल एक्टिविस्ट का दावा है कि इसके जरिये एक खास तबके को टारगेट किया जा रहा है। असम में BJP भी असमिया अस्मिता और घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बना रही है। पिछले हफ्ते गृह मंत्री अमित शाह ने असम में कहा कि राज्य के 7 जिलों पर 64 लाख घुसपैठियों का दबदबा है।

घुसपैठ रोकने का रास्ता

उन्होंने दावा किया कि घुसपैठ रोकना सिर्फ BJP के बस की बात है। शाह ने कहा कि धुबरी, बारपेटा, दरांग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, नागांव और गोलपाड़ा जैसे सात जिले घुसपैठियों से भरे हैं। अगर आप घुसपैठ रोकना चाहते हैं, तो फिर BJP की सरकार बनाएं। CM भी अपने बयानों से लगातार बांग्लादेशी मूल के मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हैं। इससे लोगों में भय है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने पर NRC में जोड़ दिया जाएगा और उनकी नागरिकता पर सवाल खड़े होंगे। 2011 की जनगणना के मुताबिक, असम में मियां मुस्लिमों की आबादी 80 लाख से अधिक है। पहले करीब 40 विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव था, मगर डीलिमिटेशन के बाद यह करीब 20-22 सीटों तक सिमट गया है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जैसे फूल ख़ुशबू से भरे होते हैं, वैसे ही हममें प्रेम भरा हो

सुरक्षित गोस्वामी

जीवन में महत्वपूर्ण है कि हम अपने अंदर प्रेम कैसे बढ़ाएं। सुबह से लेकर शाम तक हमारी सारी कोशिशें अपने प्रेम को बनाए रखने और उसमें लगातार बढ़ते रहने की होनी चाहिए। प्रेम ऐसी औषधि है, जो तमाम रोगों को दूर करने के लिए अमृत जैसा कार्य करती है। मन के विकार, जैसे भीतर की हलचल, तनाव, क्रोध और झल्लाहट तभी तक रहते हैं, जब तक प्रेम नहीं होता। जैसे ही प्रेम का करंट मन में दौड़ता है, मन के सभी विकार अपने आप समाप्त होने लगते हैं।

अक्सर छोटी-छोटी बातों पर हम भड़क जाते हैं। कोई भी बात हमारे इमोशन को हिला देते हैं और हमारी फसेनिलिटी इमोशनल लेवल पर आ जाती है। कई बार यह इमोशनल लेवल इतना गहरा हो जाता है कि बाकी सारे लेवल - इंटेलेक्चुअल, फिजिकल, मेंटल और स्पिरिचुअल - कहीं खो जाते हैं।

AI Image

यदि हम अपनी भावनाओं में प्रेम भर दें तो वही हर जगह जाहिर होगा। जब इस प्रेम को आध्यात्मिक स्तर पर ले आते हैं, तो यह हमारे हर विकार की सफाई करता है और हमें ऊंची स्थिति पर ला देता है। प्रेम का अर्थ केवल किसी से प्रेम करना नहीं, बल्कि प्रेम स्वरूप हो जाना है। प्रेम में पूरी तरह रच-बस जाना ही उसका सच्चा अनुभव है।

हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम स्वयं प्रेम में डूब जाएं। जैसे रसगुल्ला पूरी तरह रस से भरा होता है, उसी प्रकार हमारे भीतर भी प्रेम इतना भरा हो कि हमारे शब्दों में झलके। यदि कोई हमारी निंदा या अपमान करे, तब भी हम उसे प्रेम के रूप में ही देखने का प्रयास करें।

वास्तव में प्रेम किसी और के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए होता है। जैसे फूलों में खुशबू होती है और जो भी उसके करीब आता है, वह उसी महक को महसूस करता है। इसलिए यह सोचते रहना चाहिए कि आखिर कौन सी बात हमें प्रेम से दूर करती है। यदि हम किसी शक्ति के गुलाम हो गए हैं तो पहचानने की जरूरत है कि वह क्या है। उस शक्ति को हटाकर हमें वहां प्रेम की ताकत लगानी होगी। बस इस बात की गांठ बांध लेनी है- मुझे प्रेम में रहना है, केवल प्रेम में रहना है।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

खेल की गरिमा बनी रहे

3 फरवरी का संपादकीय 'खेल में राजनीति' पढ़ा। खेल को राजनीति और दबाव की रणनीति से दूर रखना जरूरी है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार की धमकी दी है, जो खेल भावना के विपरीत है। इससे न केवल क्रिकेट की साख प्रभावित होगी, बल्कि आर्थिक रूप से भी विश्व क्रिकेट और खुद पाकिस्तान को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत-पाकिस्तान मैच पूरी दुनिया में क्रिकेट का सबसे बड़ा आकर्षण होता है, जिसे विवादों में घसीटना उचित नहीं है। ऐसे समय में ICC को निष्पक्ष निर्णय लेकर खेल के हित और गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

प्रदीप बंसल, गाजियाबाद

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH15 User: ccl Time: 02-03-2026 23:48 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"भारतीय टीम जिस फॉर्म में है उनको टी20 वर्ल्ड कप में हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।- माइकल विलिंगर, पूर्व क्रिकेटर, ऑस्ट्रेलिया

50 विकेट लिए हैं शाकिब अल हसन ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप के 43 मैच में। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बॉलर हैं

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. शाकिब अल हसन ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में कितने विकेट लिए हैं?
A) 49 B) 51 C) 50 D) 39
2. टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही इटली के कप्तान कौन है?
A) जेजे स्मट्स B) ग्रांट स्टीवर्ट C) जसप्रीत सिंह D) वेन मैडसन

कल के जवाब
1. B) विराट कोहली 2. C) 17

लकी WINNER

1. मनमोहन, महरौली, नई दिल्ली
2. अभय खंड, गाजियाबाद, यूपी
3. प्रकाश जयसिंह, गुरुग्राम, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। T20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान इस कॉलम में 'वर्ल्ड कप स्पेशल क्विज' होगा। इस दौरान हर दिन हम 'तीन लकी विनर्स' के नाम और तस्वीर छापेंगे।

'सिक्स हिटिंग' के मामले में भारत के दबदबे को दुनिया कर रही महसूस

बड़ी 'सिक्सी' है टीम इंडिया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुनील गावस्कर, सौरव गांगुली और रिकी पॉन्टिंग कई मामलों में अलग-अलग राय रख सकते हैं, लेकिन आगामी टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़े दावेदार के सवाल पर सभी ने टीम इंडिया को ही क्लियर फेवरेट बताया है। दिग्गजों ने यदि यह राय बनाई है तो इसके पीछे असली वजह पिछले कुछ समय में भारत का प्रदर्शन रहा है।

हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की बात करें तो सीरीज में भारत ने पांच पारियों में तीन बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया, जिसमें आखिरी मैच में 271 रन भी शामिल थे। इसके अलावा तीसरे मैच में टीम ने 154 रन का लक्ष्य सिर्फ दस ओवर में हासिल कर लिया। मौजूदा फॉर्म और इसके साथ बिग हिटर्स की भरमार टीम इंडिया को फेवरेट बना रही है।

हर 11वीं गेंद पर लग रहा सिक्स: अक्टूबर 2023 के बाद से वर्ल्ड कप के स्क्वॉड के खिलाड़ियों के टी20 आंकड़ों के आधार पर सभी टीमों की बल्लेबाजी की तुलना यह दिखाती है कि इस भारतीय लाइन-अप के सामने बोलर्स बोलिंग करने से बचना चाहेंगे। अक्टूबर 2023 के बाद खेले गए सभी टी20 मैचों में भारत की वर्ल्ड कप टीम के खिलाड़ियों ने कुल 1081 सिक्स लगाए हैं, यानी औसतन हर 11 गेंद पर एक सिक्स। यह इस टूर्नामेंट में खेल रही शीर्ष टीमों के स्क्वॉड में सबसे बेहतर आंकड़ा है।

अभिषेक बने बेखौफ अप्रोच का चेहरा: भारतीय टीम के इस बेखौफ और बेरहम अप्रोच का चेहरा ओपनर अभिषेक शर्मा हैं। अक्टूबर 2023 के बाद से खेले गए सभी टी20 मैचों में उन्होंने 249 सिक्स लगाए हैं, जो इस वर्ल्ड कप में खेल रहे सभी बल्लेबाजों में इस अवधि का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अभिषेक करीब हर सातवीं गेंद पर सिक्स लगाते हैं। प्रति बॉल सिक्स के मामले में वह सबसे आगे हैं। इस सूची में वे अकेले ऐसे बैटर हैं जिनका स्ट्राइक रेट 200 से ऊपर है।

T20s में बेस्ट बॉल/सिक्स
(अक्टूबर 2023 से- 31 जनवरी 2026 तक)

बल्लेबाज	सिक्स	बॉल/सिक्स	स्ट्राइक रेट
अभिषेक शर्मा	249	6.78	201.3
फिन एलेन	179	6.89	184.68
डेवाल्ड ब्रेविस	153	7.88	162.32
रोमारियो शेफर्ड	116	8.59	160.24
ग्लेन मैक्सवेल	126	8.7	166.51
राशिद खान	58	8.86	152.14
टिम डेविड	160	8.89	160.44
जेसन होल्डर	84	9.32	154.66
ईशान किशन	101	9.64	172.18

*नोट: T20 विश्व कप टीमों में शामिल बल्लेबाजों में (न्यूनतम 30 सिक्स)

वर्ल्ड कप में खेल रही टीमों में बेस्ट बॉल/सिक्स टीम
*नोट: वर्ल्ड कप टीमों में शामिल बल्लेबाजों के सभी टी20 आंकड़ों पर आधारित (अक्टूबर 2023 से जनवरी 2026 तक)

टीम	सिक्स	बेस्ट टीम सिक्स/बॉल
भारत	1081	10.96
ऑस्ट्रेलिया	872	11.72
वेस्टइंडीज	1198	12.18
साउथ अफ्रीका	915	13.54
न्यूजीलैंड	770	14.39
इंग्लैंड	909	14.81
अफगानिस्तान	781	15.38
पाकिस्तान	771	16.50

31 मैच जीते है और सिर्फ छह मैच गंवाए हैं भारत ने पिछले टी20 वर्ल्ड कप से लेकर इस वर्ल्ड कप के बीच

36 मैच जीते है भारत ने वर्ल्ड कप में। उनकी जीत का प्रतिशत 70.6 है। यह सर्वाधिक है

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बुमरा इफेक्ट भी हावी

भारतीय टीम के खिलाफ विपक्षी टीमें मैदान पर उतरने से पहले ही करीब 15 से 20 रन माइनस में चली जाती हैं। दरअसल जसप्रीत बुमरा की भारतीय बोलिंग अटैक में मौजूदगी ऐसा अंतर पैदा करती है। टी20 वर्ल्ड कप में कम से कम 50 ओवर डालने वाले बोलर्स की लिस्ट में बुमरा की इकॉनमी सबसे कम है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में कुल 410 गेंदें डाली हैं और उनकी इकॉनमी सिर्फ 5.44 की रही है। मौजूदा वर्ल्ड कप में कोई भी ऐसा गेंदबाज नहीं है जिसकी टी20 वर्ल्ड कप में बोलिंग इकॉनमी 6 से नीचे है। टी20 में चार ओवर के कोटे में 30 से ऊपर रन बनना सामान्य बात होती है। इस लिहाज बुमरा की मौजूदगी से विपक्षी के टोटल से 15 से 20 रन कम हो जाते हैं।

भारत के सामने अफगान चुनौती

■ **एजेंसियां, हरारे:** शानदार लय में चल रही भारतीय टीम की ICC अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप में अगली चुनौती अफगानिस्तान है। जिसके खिलाफ टीम आज सेमीफाइनल मुकाबले में उतरेगी। भारत अपनी संतुलित बैटिंग, बोलिंग और फील्डिंग के दम पर इस मुकाबले को जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अगर भारत अंतिम-4 का यह मुकाबला जीत लेता है तो वह 10वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहेगा।

अजेय रथ पर सवार है टीम: टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम भारत ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। सुपर सिक्स राउंड में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की प्रभावशाली जीत ने टीम का आत्मविश्वास और बढ़ाया है। भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता है। हालांकि, भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेगी। अफगान टीम ने भी पांच में से चार मैच जीतकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

अभिज्ञान कुंडू ने संभाली है जिम्मेदारी

भारत के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू अब तक 199 रन बनाकर सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (196 रन) आक्रामक शुरुआत दे रहे हैं, जबकि ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा 172 रन बनाने के साथ पांच विकेट भी झटके हैं। गेंदबाजी में हेनिल पटेल (11 विकेट) और आरएस अंबरीष (8 विकेट) की तेज जोड़ी के साथ स्पिनर खिलन पटेल (8 विकेट) विपक्षी बल्लेबाजों के लिए खतरा बनी हुई है।

भारत के लिए टूर्नामेंट के हाईएस्ट स्कोरर हैं अभिज्ञान

आमना-सामना

कुल मैच	भारत	अफगानिस्तान
12	10	2

91 सिक्स लगा चुके हैं यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी। वह 9 सिक्स लगाते ही यूथ वनडे में 100 सिक्स लगाने वाले पहले बैटर बन जाएंगे

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

ऑस्ट्रेलिया को हरा इंग्लैंड फाइनल में

ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान थॉमस रियू (110 रन, 107 बॉल, 14 चौके, 1 सिक्स) की सेंचुरी की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से मात देकर ICC मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बनाई। बुलावायो में हुए पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 277 रन बनाए। रियू ने केलब फैल्कनर (40 रन) के साथ 135 रन की अहम साझेदारी की। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की ओर से भी उसके कप्तान ओलिवर पीके (100 रन) ने शतक जड़ा, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अच्छा साथ नहीं मिला।



थॉमस रियू ने शतक जड़ा

वॉर्म अप में ओमान ने श्रीलंका-ए को चौंकाया

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** आमिर कलीम की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर ओमान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के चौथे वॉर्म अप मैच में श्रीलंका-ए को पांच विकेट से हराकर चौंकाने वाला उलटफेर किया। कोलंबो क्रिकेट क्लब मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका-ए की टीम नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी।

सलामी बल्लेबाज दुनिथ सिगेरा (20) और विनेथ जयवर्धने (9) ने तेज शुरुआत की, लेकिन इसके बाद शीर्ष क्रम बिखर गया और टीम ने 49 रन तक चार विकेट गंवा दिए, जहां से टीम उबर नहीं पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की शुरुआत भी खास नहीं रही, लेकिन आमिर ने एक छोर संभाले रखा। उनके अलावा विनायक शुक्ला ने 39 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को 18 ओवरों में जीत दिलाई।

एक अन्य वॉर्म अप मैच में जिम्बाब्वे ने नीदरलैंड्स को 29 रन से मात दी। पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे ने रयान बर्ल (50* रन) और डियोन मायर्स (32) की तेज पारियों की बदौलत नौ विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड्स 149 रन पर आउट हो गई।

इटली ने कनाडा को दी मात: टूर्नामेंट में डेब्यू कर रही इटली टीम भी अपने पहले वॉर्म अप मैच में बड़ी दस्तक दे चुकी है। इटली ने कनाडा के खिलाफ हुए वॉर्म अप में 10 रन से जीत दर्ज की थी। पहले बैटिंग करते हुए इटली ने चार विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम 146 रन ही बना सकी।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

आमिर कलीम ने बनाए 80 रन

भारत की भिड़ंत आज प्रोटियाज से

मुख्य टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले भारतीय टीम आज वॉर्मअप मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने तैयारियों को पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। यह मुकाबला मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस वॉर्म-अप मैच में, भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच सही संतुलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। कप्तान और टीम प्रबंधन के लिए यह मैच अंतिम प्लेइंग-XI तय करने में भी महत्वपूर्ण होगा। वहीं, साउथ अफ्रीका अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण से भारत को चुनौती देने की कोशिश करेगी।

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

फटाफट खबरें

गुकेश भी खेलेंगे नॉर्वे में

■ **ओस्लो:** मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में यहां नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा।

केरल, पंजाब अंतिम-4 में

■ **सिलापथार:** केरल, पंजाब, सेना और रेलवे ने क्वॉर्टर फाइनल जीतकर संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेना ने गत चैंपियन पश्चिम बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया। केरल ने असम को 3-0 से, पंजाब ने तमिलनाडु को पेनल्टी में 4-1 से और रेलवे ने राजस्थान को 2-0 से हराया। पहले सेमीफाइनल में सेना का सामना रेलवे से होगा। दूसरे मैच में केरल और पंजाब भिड़ेंगे।

बिना ट्रायल के एनओसी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय घुड़सवारी महासंघ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी सिलेक्शन ट्रायल्स के एनओसी जारी करने के कारण जांच के दायरे में आ गया है। संघ ने बीते दो जनवरी को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को 'सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी' के रूप में प्रमाणित किया गया है। इन्हें विदेश में खेलने की अनुमति दी गई है।

छोटी टीमें मचाएंगी बड़ा धमाल !

टी20 क्रिकेट का फॉर्मेट ऐसा है कि इसमें किसी टीम की चुनौती को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सात फरवरी से शुरू टी20 वर्ल्ड कप में भी कुछ ऐसी टीमें भी दावेदारी पेश करेंगी जिनकी चुनौती को बहुत गंभीर नहीं माना जा रहा है, लेकिन वे उलटफेर करने में सक्षम है-

फुटबॉल क्रेजी देश में क्रिकेट प्रेम

वेन मैडसन

फुटबॉल के दीवाने इटली में क्रिकेट की शुरुआत 18वीं सदी में ही हो गई थी, लेकिन यह खेल हमेशा वहां हाशिए पर ही रहा। लेकिन दो सदियों के बाद लगता है कि इस देश में क्रिकेट गुमनामी से बाहर निकल आएगा। वेन मैडसन की अगुआई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20I मैचों की सीरीज में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक असिस्टेंट कोच केविन ओ'ब्रायन थे जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। पिछले साल 11 जुलाई को आईसीसी के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वॉलिफाई करना इटली क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक क्षण था।

हिमालयी देश की धड़कन है ये खेल

हिमालय की गोद में बसे नेपाल का दिल क्रिकेट के लिए धड़कता है। नेपाल टीम ऐसी है जिसे कभी बुनियादी ढांचे के लिए संघर्ष करना पड़ा था और इसलिए विश्व कप में उसकी भागीदारी को बड़ी छलांग के रूप में देखा जा रहा है। जब रोहित पौडेल की अगुआई वाली नेपाल की टीम मैदान पर उतरेगी तो उसे बड़ी संख्या में अपने प्रशंसकों का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उसकी टीम में अनुभवी खिलाड़ी करण केसी, सोमपाल कामी और संदीप लामिछाने हैं। संदीप नेपाल के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जो आईपीएल, बिग बैश लीग और कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं।

मुश्किल होगा भारत को हराना: स्टीड

Sanjeev.Kumar11@timesofindia.com

■ **कोलकाता:** नई दिल्ली से कोलकाता की फ्लाइट में जब सामने वाली सीट पर बैठे विदेशी चेहरे पर नजर पड़ी, तो वह कुछ जाना-पहचाना सा लगा। दोबारा गौर किया और धीरे से कहा-'हेलो गैरी'। जवाब में एक सधी मुस्कराहट के साथ 'हेलो' मिला, तो तसदीक हो गई कि यह गैरी स्टीड ही हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को करीब आठ साल तक कोचिंग देने वाले और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जिताने वाले गैरी इन दिनों एक नई भूमिका में हैं। वह आंध्र प्रदेश की रणजी टीम के हेड कोच के तौर पर भारत में हैं। उनके जुड़ते ही आंध्र की टीम ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया और क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना चुकी है।

जब गैरी से पाकिस्तान क्रिकेट के विवाद पर सवाल पूछा, तो उन्होंने शालीनता से चुप्पी साध ली। हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप के दावेदारों पर बात छिड़ते ही उन्होंने बिना देर किए कहा, 'टीम इंडिया ही सबसे बड़ी दावेदार है। इसमें एक से बढ़कर एक मैच-विनर हैं और वे जिस लय में हैं, उन्हें हराना किसी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगा।' जब उनसे भारत की मुख्य प्रतिद्वंद्वी टीमों के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, 'मेरे हिसाब से साउथ अफ्रीका काफी मजबूत है और इंग्लैंड को भी कम नहीं आंका जा सकता।' वहीं, ऑस्ट्रेलिया और अपनी टीम न्यूजीलैंड के बारे में उन्होंने चौंकाने वाली बात कही। गैरी के मुताबिक, 'ऑस्ट्रेलियन टीम मुझे संघर्ष करती नजर आ रही है, जबकि न्यूजीलैंड हमेशा की तरह 'डार्क हॉर्स' (छुपा रुस्तम) साबित होगी।

एक्सपर्ट की राय

विवादित सवालों को 'डक' किया मार्श ने

■ **एजेंसियां, लाहौर:** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा। लेकिन, उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है।

मार्श सोमवार रात यहां मेजबान टीम के हाथों टी20 सीरीज में 0-3 से मिली हार के बाद पाकिस्तान के मीडिया से रूबरू थे। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बॉयकॉट करने के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

कप्तान मिचेल मार्श

खिताब के लिए भिड़ेगी DC-RCB

लिजे ली (दाएं) और शेफाली वर्मा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लिजे ली (43 रन, 24 बॉल, 8 चौके, 1 सिक्स), कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स (41 रन, 23 बॉल, 4 चौके, 1 सिक्स) और शिनेल हेनरी (35) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में लगातार चौथी बार फाइनल में जगह बनाई। कैपिटल्स ने मंगलवार को हुए एलिमिनेटर में गुजरात जायंट्स को सात विकेट से मात दी। पांच फरवरी को होने वाले फाइनल में दिल्ली की भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) से होगी।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

मूनी ने जमाई फिफ्टी: टॉस हारकर बैटिंग का न्योता पाने वाली जायंट्स ने 20 ओवर्स में सात विकेट पर 168 रन बनाए। मूनी ने 51 बॉल पर 62 रन की शानदार नाबाद पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली के लिए शेफाली और लिजे ने 89 रन की ओपनिंग साझेदारी कर टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। दोनों के आउट होने के बाद जेमिमा और लॉरा वोल्वार्ट (32* रन) ने 68 रन की साझेदारी कर टीम की जीत पूरी तरह से सुनिश्चित कर दी।

कमिंस ने बताई ना खेलने की वजह

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के पेसर व नियमित कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सीजन के लिए पूरी तरह से फिट होने की इच्छा से भी प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। कमिंस ने कहा, 'मैं कुछ हफ्ते आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। हमने सोचा कि आगामी सीजन में क्रिकेट मैचों की संख्या को देखते हुए साल के पहले छह महीने में संयम बरतना काफी अच्छा रहेगा।'



पैट कमिंस

बदलाव से कुछ लोग होंगे असहज: किर्स्टी

(IOC) की अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री

■ **एपी, मिलान:** अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (IOC) की अध्यक्ष कि किर्स्टी कोवेंट्री ने मंगलवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ओलिंपिक गेम्स और स्पर्धाओं के कार्यक्रम में होने वाले बदलाव कुछ लोगों के लिए असहज हो सकते हैं। अपने शुरुआती ओलिंपिक (विंटर) गेम्स से पहले दिए गए मुख्य भाषण में कोवेंट्री ने अपने कार्यकाल की दिशा को स्पष्ट किया। उन्होंने IOC की वार्षिक बैठक में कहा, 'हमें कठिन फैसलों और चर्चाओं का सामना करना पड़ेगा और यह बदलाव का हिस्सा है। मैं जानती हूं कि ये चर्चाएं असहज हो सकती हैं।'

IOC अध्यक्ष की चेतावनी

PCB पर लीगल ऐक्शन ले सकता है ब्रॉडकास्टर

■ **पीटीआई, कराची/नई दिल्ली:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को आगाह किया है कि टी20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार से उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। PCB के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने कोलंबो में होने वाले इस मुकाबले का बहिष्कार करने का फैसला किया है। हालांकि पाकिस्तानी बोर्ड ने अभी तक इसके कारण लिखित रूप में ICC को नहीं बताए हैं। पीटीआई के सूत्रों के अनुसार, ICC पाकिस्तान का वार्षिक राजस्व हिस्सा (करीब 3.5 करोड़ डॉलर) रोककर उसी राशि से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है।

PCB अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इस मुद्दे पर कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार माना जा रहा है। सूत्र ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलने से इनकार पर PCB को भारी जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

मैच के बॉयकॉट का विवाद

PCB अध्यक्ष नकवी

दिल्ली में होंगे शूटिंग के 2 ओलिंपिक्स कोटा इवेंट्स

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी भी मिली

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत अगले साल दिल्ली में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलिंपिक्स के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय शूटिंग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलिंपिक्स क्वॉलिफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलिंपिक्स के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे।

एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। NRAI ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलिंपिक्स के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।'

MCC ने क्रिकेट नियमों में कर दिए 73 संशोधन

■ **एजेंसियां, लंदन:** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (MCC) ने क्रिकेट के नियमों में 73 बदलावों की घोषणा की है, जो इस साल अक्टूबर से लागू होंगे। इनमें बहु-दिवसीय मैचों में दिन के अंतिम ओवर को हर हाल में पूरा कराना सबसे अहम बदलाव है। अब अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरने पर भी नया बल्लेबाज उतरेगा और ओवर पूरा कराया जाएगा। MCC के अनुसार, इससे खेल का रोमांच बना रहेगा और बल्लेबाज कठिन परिस्थितियों से बच नहीं पाएंगे।

MCC ने 2022 के बाद पहली बार 'लॉज ऑफ क्रिकेट' की नई प्रति जारी की है, जिसका उद्देश्य नियमों को आधुनिक और अधिक समावेशी बनाना है। जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों को अब साइज-1, साइज-2 और साइज-3 में वर्गीकृत किया गया है, हालांकि पारंपरिक पुरुषों की गेंद (साइज-1) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लागत कम करने के लिए 'ओपन एज क्रिकेट' में लैमिनेटेड बल्लों को मंजूरी दी गई है। विकेटकीपर नियम में बदलाव के तहत अब गेंद छोड़े जाने के बाद ही उसका पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना जरूरी होगा। 'बनी हॉप कैच' को हटाया गया है और ओवरथ्रो की स्पष्ट परिभाषा तय की गई है।

इस साल अक्टूबर से लागू होंगे नए नियम

जोकोविच ने टॉप-3 रैंकिंग्स में की वापसी

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** कार्लोस अल्काराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में शिकस्त झेलने के कारण नोवाक जोकोविच भले ही अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब से चूक गए, लेकिन इस प्रदर्शन के बूते उन्होंने ATP वर्ल्ड रैंकिंग्स में करीब डेढ़ साल बाद टॉप-3 में वापसी कर ली। 24 बार के ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन जोकोविच नवीनतम वर्ल्ड रैंकिंग्स में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग्स बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंचे हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

उधर WTA टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग्स बरकरार रखी है।

ATP RANKINGS

रैंकिंग	प्लेयर
1	कार्लोस अल्काराज
2	यानिक सिनर
3	नोवाक जोकोविच
4	अलेक्जेंडर ज्वेरेव
5	लोरेंजो मुसेती

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-03-2026 23:00 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times
masala mix
WEDNESDAY, FEBRUARY 4, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE

अनन्या पांडे ने नासिक में किए त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन

दिल्ली में मासूम के साथ गैंगरेप पर भड़कीं तापसी

@taapsee

तापसी पन्नू ने दिल्ली में मासूम बच्ची के साथ हुई गैंगरेप की घटना पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि अब समय आ गया है जब हमें खुद से सवाल करने चाहिए। दरअसल बीते दिनों खबर आई कि दिल्ली में 6 साल की मासूम का तीन नाबालिग लड़कों ने गैंगरेप किया।

अब तापसी ने इस घटना के बाद अगली पीढ़ी को लेकर सवाल उठाया है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने लिखा, 'हम कैसी अगली पीढ़ी तैयार कर रहे हैं। अब खुद से सवाल करने का वक्त आ गया है। इसके जिम्मेदार भी हम ही हैं और इसका शिकार भी हम ही हो रहे हैं।'

> हम कैसी अगली पीढ़ी तैयार कर रहे हैं। खुद से सवाल करने का वक्त आ गया है। इसके जिम्मेदार हम हैं

हफ्तों से हो रही थी रोहित के घर हमले की तैयारी

रोहित के घर के बाहर मौजूद पुलिसकर्मी

डायरेक्टर रोहित शेट्टी के मुंबई-स्थित घर पर कुछ दिन पहले हुई फायरिंग के मामले में नई जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपियों ने हमले से पहले रोहित शेट्टी के घर और आसपास के इलाके की कई दिनों तक रेकी की थी, जिसका एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रेकी उसी स्कूटर से की गई थी, जिसका इस्तेमाल फायरिंग के दौरान भागने के लिए किया गया था। खबरों के मुताबिक शूटर ने पांच राउंड फायरिंग की और उसी स्कूटर पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। वह विले पार्ले रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां स्कूटर छोड़कर ट्रेन से मुंबई से बाहर निकल गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना से पहले खरीदा था स्कूटर

पुलिस के अनुसार, घटना में इस्तेमाल होने वाला स्कूटर पुणे से 30 हजार रुपए में खरीदा गया था। स्कूटर मूल रूप से आनंद मारोटे के नाम पर रजिस्टर्ड था, जिसने इसे 6 अगस्त 2009 को खरीदा था। घटना से करीब 12 दिन पहले मारोटे ने स्कूटर गिरफ्तार आरोपी आदित्य गायकवाड़ को बेच दिया था।

सुरक्षा घेरे में शूटिंग करेंगे रोहित शेट्टी

इस घटना के बाद से ही रोहित के फैंस उनकी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। इस बीच खबर है कि वह अपनी अगली फिल्म गोलमाल 5 की शूटिंग सुरक्षा के घेरे में करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के सेट पर टू-टियर सिक्योरिटी रहेगी। फिल्म की क्रिएटिव टीम से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी के बाद मुंबई में शुरू होनी थी। शूटिंग की तारीख में बदलाव की कोई सूचना नहीं मिली है। यह अब शेट्टी और पुलिस से मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा।' फिल्म के सेट पर रोहित के पर्सनल बॉडीगार्ड्स मौजूद रहते ही थे, लेकिन अब मुंबई पुलिस भी उनके साथ मौजूद रहेगी। एक दूसरे सूत्र ने बताया कि रोहित शेट्टी के सेट पर पहुंचने पर करीब 60 लोगों की सुरक्षा टीम तैनात होगी। इनमें लोकल पुलिस और रोहित के पर्सनल बॉडीगार्ड शामिल होंगे। गौरतलब है कि फायरिंग की घटना के बाद रोहित शेट्टी के घर की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

'ऐक्टिंग से ब्रेक फायदेमंद रहा'

@actormaddy

आर माधवन

आर माधवन सबसे सफल फिल्मी सितारों में से एक हैं। हालांकि एक समय ऐसा भी आया था जब उन्होंने ऐक्टिंग से ब्रेक लेने के बारे में सोचा। माधवन के मुताबिक फिल्मी दुनिया से उनकी चार साल की दूरी ही आज उनकी सफलता की वजह है। एक बातचीत में माधवन कहते हैं, 'फिल्म साला खड़ूस के बाद मुझे एक ब्रेक लेना पड़ा क्योंकि मुझे उस तरह के काम से बहुत मोहभंग हो गया था जो मैं कर रहा था।' माधवन ने बताया कि उस समय उन्हें एहसास हुआ कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बस एक सुपरस्टार बनने की सोच रहा था। मुझे अपनी इस गलती का एहसास हुआ।' उन्होंने आगे बताया कि उस ब्रेक के दौरान उन्होंने अपनी समझ विकसित की। माधवन ने कहा, 'मैंने ब्रेक लिया। मैं समझना चाहता था कि देश किस दिशा में जा रहा है। मैंने काम करना बंद कर दिया, दाढ़ी बढ़ाई और चेन्नै और भारत की अन्य जगहों पर खूब यात्रा की।'

> मैं समझना चाहता था कि देश किस दिशा में जा रहा है। मैंने काम करना बंद किया, दाढ़ी बढ़ाई और खूब यात्रा की

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

$ के मुकाबले 117 पैसे उछला रुपया

NBT रिपोर्ट, मुंबई : मंगलवार को भारतीय रुपया एशिया की सबसे मजबूत करंसी बनकर उभरा। रुपये ने एक ही दिन में 117 पैसे (1.28%) की ऐतिहासिक बढ़त दर्ज की और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.32 के स्तर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 90.44 रहा। इससे पहले सोमवार को बजट के अगले दिन डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे सुधरकर 91.49 पर बंद हुआ था।

अदाणी ग्रुप ने किया करार

पीटीआई, नई दिल्ली: अदाणी ग्रुप और इटली की कंपनी Leonardo ने मंगलवार को एक बड़ी साझेदारी का ऐलान किया है। इसके तहत दोनों कंपनियां मिलकर भारत में हेलिकॉप्टर बनाने का एक पूरा सिस्टम तैयार करेंगी। यह कदम अदाणी ग्रुप के लिए एयरोस्पेस सेक्टर में अपनी पैठ मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। मंगलवार को यहां MoU पर हस्ताक्षर किए गए।

बजाज फाइनैंस का मुनाफा 6% गिरा

पीटीआई, नई दिल्ली: बजाज फाइनेंस ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा 6 फीसदी गिरकर 4,066 करोड़ रह गया है।

'भारत नव-निर्माण चैलेंज से जुड़ें'

NBT रिपोर्ट: भारत नव-निर्माण चैलेंज नाम से एक अंतर-महाविद्यालयीन इंजीनियरिंग प्रतियोगिता देश भर के कैंपस में नई ऊर्जा लेकर आ रही है। द टाइम्स ऑफ इंडिया और नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट (NICMAR) के सहयोग से पेश यह प्रतियोगिता 30 लाख रुपये से अधिक के पुरस्कार प्रदान कर रही है। NICMAR के डायरेक्टर जनरल (अंतरिम) डॉ. तपस कुमार गांगुली ने कहा AICTE के समर्थन से आयोजित इस प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फ्री है।

US संग डील पर बनी सहमति, सेंसेक्स 2,072 पॉइंट उछला
ट्रेड डील से शेयर बाज़ार में जश्न

NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील (व्यापार समझौता) की खबर के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। इस डील के तहत अमेरिका, भारतीय सामानों पर लगने वाले टैक्स (टैरिफ) को घटाकर 18 फीसदी करने पर सहमत हो गया है। इस खबर के दम पर सेंसेक्स 2,072 पॉइंट उछल गया। वहीं, निफ्टी भी 25,700 के लेवल के ऊपर बंद हुआ।

सेंसेक्स 2.54% की बढ़त के साथ 83,739.13 पर बंद हुआ। पिछले आठ महीनों में एक दिन के भीतर यह सबसे बड़ी बढ़त है। कारोबार की शुरुआत ही बढ़त के साथ हुई थी। एक समय यह 4,205.27 पॉइंट (5.14%) की छलांग लगाकर दिन के सबसे ऊंचे स्तर 85,871.73 पर पहुंच गया था। इसी तरह, निफ्टी 639.15 पॉइंट (2.55%) बढ़कर 25,727.55 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,252.8 पॉइंट (4.99%) का उछाल आया था।

सेंसेक्स में अदाणी पोर्ट्स के शेयर 9.12 फीसदी की सबसे ज्यादा बढ़त में रहे। इसके अलावा बजाज फाइनैंस, इंडिगो, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी रौनक रही। इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स 943.52 पॉइंट बढ़कर 81,666.46 पर और निफ्टी 262.95 पॉइंट बढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ था।

AI Image

क्या हो निवेशकों की रणनीति?

इस तेजी के बाद अब निवेशकों के मन में सवाल है कि आगे क्या किया जाए। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान का मानना है कि छोटी अवधि (शॉर्ट टर्म) के लिए मार्केट का माहौल पॉजिटिव बना हुआ है। उन्होंने ट्रेडर्स को सलाह दी है कि जब भी मार्केट में थोड़ी गिरावट आए तो खरीदें और जब बढ़त आए तो मुनाफा वसूलें। यह इस समय की सबसे अच्छी स्ट्रैटेजी होगी। पीएल कैपिटल के हेड अडवाइजरी विक्रम कासट ने कहा कि बाजार में आए इस तेजी की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) को अपनी पोजिशन कवर करने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिससे बाजार में तेज उछाल आ सकता है।

कितनी रही बढ़त?

- **सेंसेक्स** : 2,072.67 पॉइंट (2.54%) बढ़कर 83,739.13 पर बंद हुआ।
- एक समय 4,205.27 पॉइंट पर आ गया था सेंसेक्स
- **निफ्टी** : 639.15 पॉइंट (2.55%) बढ़कर 25,727.55 पर बंद हुआ।
- **सर्विसेज** : 4.86%
- **रियल्टी** : 4.79%
- **पावर** : 4.79%
- **यूटिलिटीज** : 3.92%
- **कैपिटल गुड्स** : 3.71%
- **इंडस्ट्रियल्स** : 3.44%
- **कंज्यू डिस्क्रेशनरी** : 3.06%
- **मेटल** : 2.85%
- **हेल्थकेयर** : 2.83%
- **फाइनैंशल सर्विस** : 2.83%

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

FIIs का अब क्या होगा रुख?

बाजार को लंबे समय से भारत-अमेरिका ट्रेड डील का इंतजार था। टैरिफ का 50 फीसदी से घटकर 18 फीसदी होना उभरते बाजारों में भारत की स्थिति मजबूत करता है। इससे टेक्सटाइल, एक्वाकल्चर, जेम्स और फार्मा जैसे उन सेक्टरों को बड़ा फायदा होगा, जो अमेरिका को ज्यादा निर्यात करते हैं। इस डील से भारतीय एक्सपोर्ट पर टैक्स का बोझ काफी कम हो गया है। इन सेक्टरों को 2026 के बजट में भी सहारा मिला था। विदेशी निवेशकों (FII) की दिलचस्पी दोबारा भारतीय बाजार में बढ़ सकती है।

वहीं, सीफूड एक्सपोर्ट और स्पेशलिटी केमिकल कंपनियों के शेयरों में 20 फीसदी तक का भारी उछाल देखा गया। दूसरी तरफ, जेम्स एंड जूलरी और ऑटो पार्ट्स (ऑटो एंसिलरी) बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में जोरदार बढ़त दर्ज की गई। Titan के शेयर में 2.80 फीसदी की बढ़त देखी गई। गाड़ियों के पुर्जे बनाने वाली कंपनियों (ऑटो कंपोनेंट्स) में भी अच्छी तेजी रही।

'18% टैरिफ की घोषणा से US के खरीदारों का मूड बदला'
निर्यातक बोले- अमेरिकी टैरिफ घटने से बढ़ेगा भारतीय निर्यात

AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर सहमति बन जाने से निर्यातकों ने राहत की सांस ली है, जो 50% टैरिफ का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ 18% हो जाने से अधिकतर प्रतिस्पर्धी पड़ोसी देशों के मुकाबले भारत की स्थिति बेहतर हो गई है। हालांकि उन्होंने कहा कि समझौते की पूरी जानकारी सामने आने पर तस्वीर साफ होगी कि अलग-अलग सेक्टरों पर कितना अमेरिकी टैरिफ होगा। उन्होंने कहा कि ज्यादा टैरिफ के चलते कई अमेरिकी आयातक अपैरल, टेक्सटाइल्स, लेदर और फुटवियर जैसे सेक्टरों में ऑर्डर या तो टाल रहे थे या कड़ा मोलतोल कर रहे थे, लेकिन अब जो ऐलान हुआ है, उसके चलते स्थिति बदल गई है।

निर्यातकों के लिए गेमचेंजर

FIEO के प्रेसिडेंट **एस सी रल्हन** ने इसे 'फादर ऑफ ऑल डील्स' करार देते हुए कहा कि यह 'भारतीय निर्यातकों के लिए गेम चेंजर है। इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद किफायती होंगे और सभी सेक्टरों की एक्सपोर्ट ग्रोथ तेज होगी।' उन्होंने कहा कि 'टैरिफ घटने से निर्यातकों का अमेरिकी सप्लाई चेन से जुड़ाव मजबूत होगा। इससे यहां उत्पादन बढ़ाने में नया निवेश आएगा और रोजगार के मौके बढ़ेंगे।' रल्हन ने कहा कि अमेरिकी खरीदार अपैरल, टेक्सटाइल्स, लेदर और फुटवियर जैसे सेक्टरों में ऑर्डर आगामी महीनों में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

बेहतर स्थिति में आया भारत

FISME के महासचिव **अनिल भारद्वाज** ने कहा, 'टैरिफ बढ़ने की बात शुरू होते ही अमेरिकी खरीदारों ने पहली तिमाही में अडवांस ऑर्डर बढ़ा दिए थे, लेकिन उसके बाद ऑर्डर 50-60% तक घट गए, खासतौर से गारमेंट्स, लेदर और जेम्स एंड जूलरी सेक्टर में।' उन्होंने कहा, 'अब 18% टैरिफ के साथ बांग्लादेश, वियतनाम और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में आ गया है। टेक्सटाइल्स में बांग्लादेश ने फायदा उठाया, लेकिन उसके पास भारत की तरह इसमें पूरी वैल्यू चेन नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए अब स्थिति बेहतर होगी।'

काउंसिल ऑफ लेदर एक्सपोर्ट्स के पूर्व चेयरमैन **आर के जालान** ने कहा, 'इस डील की खबर आने के बाद अमेरिकी खरीदारों से मेरी बात हुई। वहां सेंटिमेंट बदल गया है। अब एंक्वायरिंग ऑर्डर का इंतजार है। टैरिफ घटने से लेदर एंड फुटवियर एक्सपोर्ट निश्चित तौर पर बढ़ेगा।'

अच्छी शुरुआत: FM

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर टैरिफ घटाकर 18 फीसदी करने के फैसले से देश के एक्सपोर्ट में बड़ा उछाल आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि यह फैसला भारत के लिए बहुत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा, हमारे निर्यातकों ने इस बीच जो नए बाजार ढूंढे हैं, वहां तो वे काम करते ही रहेंगे। साथ ही अब अमेरिकी बाजार में भी उनकी पकड़ मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि निर्यातकों के लिए यह एक अच्छी शुरुआत है।

FICCI चेयरमैन **अनंत गोयनका** ने कहा, 'टैरिफ 18% होने से दुनिया के सबसे बड़े इंपोर्ट मार्केट में भारतीय गुड्स का कॉम्पिटिटिवनेस काफी बेहतर हो जाएगा।' अमेरिका का 18% टैरिफ उसके MFN के अलावा होगा। भारत पर MFN टैरिफ अलग-अलग है लेकिन यह औसतन 10% है।

तीन दिनों की गिरावट के बाद सोना-चांदी चमके

AI Image



पीटीआई, नई दिल्ली: देश की राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी भारी गिरावट मंगलवार को थम गई। चांदी की कीमत 24,000 रुपये उछलकर 2.84 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। सोना भी बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, 99.9% शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये (3.3%) बढ़कर 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

EPFO की तरह होंगे PF ट्रस्टों के नियम

पीटीआई, नई दिल्ली : बजट में उन 'प्रोविडेंट फंड ट्रस्टों' के नियमों में सुधार का प्रस्ताव रखा गया है जिन्हें इनकम टैक्स नियम के तहत छूट मिलती थी। अब इन ट्रस्टों को पूरी तरह से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के नियमों के बराबर लाया जाएगा। EPFO का कहना है इससे फायदा होगा।



क्या थी समस्या : अभी तक समस्या यह थी कि प्राइवेट पीएफ ट्रस्टों को टैक्स छूट मिलने की शर्तों में इनकम टैक्स कानून और पीएफ एक्ट (1952) की धारा 17 के बीच अंतर था। निवेश करने के तरीकों में भी काफी फर्क रहता था। यहां तक कि कंपनी (एम्प्लॉयर) द्वारा किए जाने वाले योगदान की सीमा भी दोनों कानूनों में एक जैसी नहीं थी। अब मान्यता प्राप्त प्रोविडेंट फंड (PF ट्रस्ट) इनकम टैक्स ऐक्ट, 2025 की अनुसूची (Schedule) XI के हिसाब से चलेंगे। निवेश के नियमों को भी ईपीएफ के हिसाब से कर दिया गया है और कंपनी के योगदान की सीमा को इनकम टैक्स एक्ट के साथ जोड़ दिया गया है।

इनकम टैक्स ऐक्ट, 2025 के तहत मान्यता अब उन्हीं प्रोविडेंट फंड्स को मिलेगी, जिन्होंने EPF ऐक्ट, 1952 की धारा 17 के तहत छूट ली हुई है। धारा 17 के तहत, कंपनियां अपने कर्मचारियों के पीएफ खातों और पैसों को खुद मैनेज करने के लिए मासिक ईपीएफ रिटर्न फाइल करने से छूट मांग सकती है।

FM ने बताया, F&O में क्यों बढ़ाया टैक्स

पीटीआई, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (F&O) ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) बढ़ाने का फैसला सरकार की कमाई बढ़ाने के लिए नहीं लिया गया है। इसका असली मकसद छोटे निवेशकों को सट्टेबाजी वाले कारोबार में होने वाले भारी नुकसान से बचाना है। वित्त मंत्री ने एक स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि F&O बाजार में आने वाले 90 फीसदी से ज्यादा लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवा देते हैं। बजट में फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स पर STT को 0.02 फीसदी से बढ़ाकर 0.05 फीसदी करने का प्रस्ताव है।



भारतीय हीरों की मांग बढ़ेगी, सेक्टर को मिलेगी मज़बूती: इंडस्ट्री एक्सपर्ट

AI Image



पीटीआई, मुंबई : जेम्स और जूलरी इंडस्ट्री ने मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते का दिल खोलकर स्वागत किया है। इंडस्ट्री का कहना है कि अमेरिकी टैक्स (टैरिफ) घटकर 18 फीसदी होने से व्यापार बढ़ेगा, कारोबारियों का भरोसा लौटेगा और पूरे सेक्टर को नई मजबूती मिलेगी।

जेम्स एंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) के चेयरमैन **किरीट भंसाली** ने कहा, टैक्स में कटौती से अमेरिकी खरीदारों के लिए लागत कम होगी। इससे हीरा आभूषण बनाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी, भारतीय हीरों की मांग बढ़ेगी और कंपनियों का काम-काज फिर से पटरी पर लौट आएगा। भंसाली ने उम्मीद जताई कि इस समझौते के बाद भारत से जाने वाले खुले हीरों और रंगीन रत्नों को अमेरिका में बिना किसी टैक्स के आयात होने का फायदा मिल सकता है, जिससे हीरा निर्यात को बड़ा सहारा मिलेगा।

ऑल इंडिया जेम एंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) के चेयरमैन **राजेश रोकड़े** ने कहा कि टैक्स में कटौती जेम्स और जूलरी सेक्टर के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHI7 User: cci Time: 02-03-2026 23:13 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब कैंसर के खिलाफ दुनिया साथ आई

आज वर्ल्ड कैंसर डे है। इसकी शुरुआत 2000 में 'पैरिस चार्टर' नाम के एक समझौते से हुई थी, जिसका मकसद दुनिया भर में कैंसर की रिसर्च और मरीजों के इलाज को बेहतर बनाना था। इस दिन को मनाने का सबसे बड़ा कारण लोगों को जागरूक करना है कि कैंसर लाइलाज नहीं है। अगर सही समय पर लक्षणों की पहचान हो जाए और तंबाकू-शराब जैसी बुरी आदतें को छोड़ दिया जाए, तो इसे मात दे सकते हैं।

नैनो रोबॉट कैंसर सेल्स खत्म करेंगे

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में कैंसर जानलेवा बीमारी नहीं होगी। AI और जीन टेक्नॉलजी से कैंसर होने से पहले ही उसकी पहचान हो जाएगी। इलाज हर शख्स के DNA के हिसाब से व्यक्तिगत होगा। नैनो रोबॉट शरीर के अंदर जाकर सिर्फ कैंसर सेल्स को खत्म करेंगे, बिना शरीर को नुकसान पहुंचाए। कई कैंसर वैक्सीन से रोके जा सकेंगे। सर्जरी बहुत कम होगी और इलाज घर पर संभव होगा। कैंसर को जानलेवा नहीं, बल्कि नियंत्रित होने वाली बीमारी माना जाएगा।

AI Images

SPEED News

US राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वे हार्वर्ड

यूनिवर्सिटी से एक अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करेंगे। ट्रंप और यूनिवर्सिटी के बीच काफी दिनों से टकराव की स्थिति बनी हुई है।



जापान में पिछले कुछ हफ्तों से हो रही बर्फबारी में करीब 30 लोगों की जान चली गई और लगभग 200 लोग घायल हो गए। एक शहर में 72 इंच बर्फबारी हुई।

कनाडा में फायरिंग के एक मामले में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडा के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि एकनघर के बाहर गोलीबारी में मामूली आग लग गई थी।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने सोमवार रात हमले में यूक्रेन पर लंबी दूरी के लगभग 450 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 70 मिसाइलें दागीं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

संवैधानिक मूल्यों का मज़ाक बना रहे हैं... मेटा को फटकार

Meta

छोड़ने का विकल्प मौजूद है : वट्सऐप । आपने एकाधिकार बना लिया है: कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



AI Image

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मेटा और वट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी पर मंगलवार को कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों के निजता के अधिकार संग खेल नहीं सकते। मेटा की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और अखिल सिब्बल ने कहा कि पॉलिसी से बाहर निकलने (ऑप्ट-आउट) का विकल्प मौजूद है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि वट्सऐप ने एकाधिकार बना लिया है। सड़कों पर फल बेचने वाली एक गरीब महिला क्या आपकी पॉलिसी शर्तें समझ पाएगी? उसे समझाने वाला कोई नहीं होगा। क्या आपकी घरेलू सहायिका इसे समझ पाएगी? आप करोड़ों लोगों का डेटा ले चुके होंगे। यह निजी जानकारी की चोरी करने का सभ्य तरीका है। हम आपको इसका इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमारा निजी डेटा न केवल बेचा जा रहा है, बल्कि इसका व्यावसायिक यूज भी किया जा रहा है।

जस्टिस बागची ने कहा, कोर्ट जांच करना चाहेगी कि वट्सऐप डेटा को किस तरह 'किराये' पर देता है और व्यवहार संबंधी रुझानों का विश्लेषण कर लोगों को विज्ञापनों के जरिए कैसे टारगेट किया जाता है। अदालत मेटा की अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें नैशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसने वट्सऐप की 2021 की प्राइवेसी पॉलिसी के संबंध में प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा लगाए गए 213.14 करोड़ के जुर्माने को बरकरार रखा था।

डॉक्टर से सलाह के लिए मेसेज करें तो विज्ञापन आने लगते हैं: CJI सूर्यकांत

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अपना निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर वट्सऐप पर किसी डॉक्टर को यह संदेश भेजा जाए कि तबीयत ठीक नहीं है और डॉक्टर कुछ दवाइयों की पर्ची भेज दे, तो तुरंत ही उससे जुड़े विज्ञापन दिखने लगते हैं। इसके जवाब में मुकुल रोहतगी और अखिल सिब्बल ने जोर देकर कहा कि वट्सऐप संदेश एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं और वट्सऐप भी दो उपयोगकर्ताओं के बीच भेजे गए संदेश नहीं देख सकता। अदालत ने मेटा और वट्सऐप को हलफनामे दाखिल करने की अनुमति देते हुए मामले की सुनवाई अगले सोमवार तक स्थगित कर दी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

अब थमेगी कंपनियों की मनमानी!

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब तक वट्सऐप और मेटा यह भरोसा नहीं देते कि उपयोगकर्ताओं के व्यक्तिगत डेटा का उपयोग नहीं किया जाएगा, तब तक अदालत इस मामले की सुनवाई नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट के रुख से साफ है कि उसकी नजर में लोगों के निजता का अधिकार सर्वोच्च है और टेक कंपनियों की मनमानी नहीं चलने वाली है। बहरहाल अगली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद निजता के मामले में फैसला आगे के लिए नजीर बनेगा।

पायलट की शिकायत के बाद ग्राउंड किया गया था प्लेन

एयर इंडिया प्लेन के दोनों फ्यूल स्विच सही पाए गए: DGCA

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एयर इंडिया की लंदन से बेंगलुरु वाली फ्लाइट एआई-132 के लिए बोइंग के निस ड्रीमलाइनर बी-787-8 हवाई जहाज के एक फ्यूल कंट्रोल स्विच में पायलट ने खराबी आने की शिकायत दर्ज की थी। उस फ्लाइट को पायलट उस फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु तक करीब 9:30 घंटे तक डर के साए में लंदन से बेंगलुरु तक लाए थे। प्लेन के एक लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच रन से कटऑफ मोड में दो बार फिसलने की शिकायत लंदन में फ्लाइट के टेक ऑफ से पहले ही सामने आ गई थी। इसके बावजूद पायलट ने प्लेन के साथ बेंगलुरु तक की उड़ान भरी।

इस दौरान पायलट ने प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच को अनावश्यक रूप से एक बार भी टच नहीं किया। साथ ही वह नौ घंटे से भी अधिक की इस उड़ान में पूरे रास्ते हवाई जहाज के सिस्टम पर भी अपनी नजरें गड़ाए रहा कि हवाई जहाज का कोई भी इमरजेंसी सिस्टम कोई अलार्म तो जनरेट नहीं कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि जब पायलट को समस्या का पता लंदन में ही चल गया था, तो वह 230 से अधिक यात्री और करीब 15 पायलट और क्रू मेंबर के साथ जोखिम भरी उड़ान भरकर भारत तक क्यों लाया?





मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात एयर इंडिया के प्लेन की विंग से इंडिगो का प्लेन टकरा गया। DGCA ने संज्ञान लिया।

'प्लेन में दोनों नए स्विच लगाए जाएंगे'

डीजीसीए ने दावा किया है कि प्लेन के दोनों स्विच की जांच करने पर वह ठीक पाए गए हैं। जांच में इनका लॉकिंग टूथ (locking tooth/pawl) पूरी तरह से अपनी जगह पर था और 'RUN' से 'CUTOFF' की ओर नहीं फिसल रहा था। लेकिन इसके बावजूद सूत्रों का कहना है कि बोइंग B787-8 प्लेन (VT-ANX) के स्विच को बदला जाएगा। बेंगलुरु में ग्राउंड किए गए इस प्लेन में दोनों नए स्विच लगाए जाएंगे।

पायलट को स्विच का नहीं पता था?

एयर इंडिया को यह सलाह दी गई कि वह अपने पायलट टीम के बीच 'फ्यूल कट ऑफ' स्विच का इस्तेमाल करने के लिए बोइंग द्वारा बताई गई प्रक्रिया वाली एसओपी का पालन करे। अगर पायलट गलत तरीके से फ्यूल स्विच को ऑन-ऑफ करेंगे तो उसमें दिक्कत आ सकती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि तो क्या बोइंग के इस प्लेन को उड़ाने वाले पायलटों को इसके फ्यूल कंट्रोल स्विच को ठीक से इस्तेमाल करना नहीं आता था?

ठगी केस में शादी डॉट कॉम के फाउंडर को राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE

अनुपम मित्तल, फाउंडर

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मैट्रीमोनियल प्लैटफर्म शादीडॉटकॉम के संस्थापक अनुपम मित्तल और दो अन्य लोगों को कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी है। यह मामला शादीडॉटकॉम के एक उपयोगकर्ता द्वारा कथित रूप से की गई धोखाधड़ी से संबंधित है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मित्तल के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार किया गया था और मामले को नए सिरे से विचार के लिए तेलंगाना हाई कोर्ट को वापस भेज दिया।

मामले के गुण-दोष पर विचार के लिए HC भेजा । शीर्ष अदालत ने मित्तल से अंतरिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख करने को भी कहा। यह मामला हैदराबाद की एक महिला के आरोप से जुड़ा है, जिसमें उसने कहा कि शादीडॉटकॉम पर एक व्यक्ति ने फर्जी प्रोफाइल बनाकर उससे 11 लाख की ठगी की और मंच ने उपयोगकर्ताओं के विवरणों का उचित सत्यापन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि कार्यवाही रद्द करने की याचिका का गुण-दोष के आधार पर निर्णय नहीं किया गया था, इसलिए हम आदेश को रद्द करते हैं और मामले को गुण-दोष के आधार पर विचार के लिए हाई कोर्ट को भेजते हैं। मामलों को उनकी मूल फाइल में बहाल किया जाता है। हाई कोर्ट इन पर उनके गुण-दोष के आधार पर विचार करेगा। कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं जताई।

> कोर्ट ने मित्तल से अंतरिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख करने को कहा

कोटद्वार विवाद: दीपक बोले, डर में जी रहे, बेटी स्कूल नहीं जा पा रही

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

उत्तराखंड के कोटद्वार में बाबा स्कूल ड्रेस एंड मैचिंग सेंटर दुकान विवाद देशभर में चर्चाओं का विषय बन चुका है। 26 जनवरी को शुरू हुआ यह विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि अब इसका असर सीधे आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने लगा है। अब दुकान के मालिक के पक्ष में खड़े हुए युवक दीपक की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। 31 जनवरी को बजरंग दल से जुड़े लोगों ने कोटद्वार पहुंचकर दीपक के खिलाफ नारेबाजी कर पूरे शहर का माहौल बिगाड़ दिया। दीपक का कहना है कि उन्होंने कोई राजनीतिक या धार्मिक लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि एक इंसानियत का फर्ज निभाया। विवाद के बाद से दीपक और उनका परिवार डर के माहौल में जीने को मजबूर है। दीपक के अनुसार बजरंग दल से जुड़े लोगों के भय के चलते घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। हालात ये हो गये कि उनकी छोटी बेटी का स्कूल जाना बंद हो गया है।

FILE

बड़ा हंगामा 31 जनवरी को दीपक के घर के बाहर सैकड़ों लोग जुटे थे

'35 साल से यही नाम, अब आपत्ति क्यों?'

दीपक ने कहा, दुकान पिछले 35 वर्षों से बिना किसी विवाद के चल रही है, उसे अचानक बदलने की मांग समझ से परे है। उन्होंने कहा नाम से किसी भी समुदाय या व्यक्ति की भावनाएं आहत नहीं होतीं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इतने वर्षों में कभी कोई आपत्ति नहीं हुई, तो अब अचानक इसे मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है?

दुकान के नाम से उठा था विवाद

विवाद 26 जनवरी को शुरू हुआ, जब कुछ लोगों ने एक मुस्लिम दुकानदार की दुकान के नाम 'बाबा' पर आपत्ति जताई। दीपक ने बचाव की कोशिश की। इसके बाद लगभग 150 लोगों के बड़े प्रदर्शन हुए। पुलिस ने कुल तीन FIRs दर्ज कीं- एक दुकानदार की शिकायत पर, एक दीपक के खिलाफ, और एक अज्ञात बजरंग दल समर्थकों के खिलाफ।

फैसला सुरक्षित रख महीनों तक पब्लिक न करना बीमारी: SC

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाई कोर्ट द्वारा महीनों तक फैसला सुरक्षित (रिजर्व) रखकर उन्हें पब्लिक न करना एक जानी पहचानी बीमारी है, जिसे समाप्त किया जाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

> सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर बल दिया

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष 4 दिसंबर को एक याचिका को खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था, लेकिन वह निर्णय अब तक अपलोड नहीं किया गया है। बेंच ने निर्देश दिया कि अगले सप्ताह के अंत तक अधिवक्ता को पूरा निर्णय उपलब्ध कराया जाए। देरी का उल्लेख करते हुए, याचिकाकर्ता की ओर से पेश सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि किसी तरह की औपचारिकता निभाई जा रही है। कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के जज होते हैं। एक वह मेहनती जज, जो सभी की दलीलें सुनता है और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेता है। कुछ ऐसे जज भी होते हैं, जो इसके बाद फैसला नहीं सुनाते।



> दो तरह के जज होते हैं। एक मेहनती जज, जो सभी की दलीलें सुनता है और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेता है। कुछ ऐसे जज भी होते हैं, जो इसके बाद फैसला नहीं सुनाते
> – CJI सूर्यकांत

जब CJI सूर्यकंत ने दिया अपने आप का उदाहरण

चीफ जस्टिस ने एक अन्य प्रचलित प्रवृत्ति की ओर भी ध्यान दिलाया कि कुछ मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी उन्हें फिर से आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध कर दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के साथ होने वाली अपनी आगामी बैठक में उठाएंगे। चीफ जस्टिस ने कहा, हाई कोर्ट के जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि निर्णय सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर फैसला न दिया हो। मौजूदा मामले की सुनवाई 16 फरवरी के लिए लिस्ट करने को कहा।

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ऑस्ट्रेलियाई(?) ट्रैवल राइटर ग्रुप गैट्जर को कौन सा सम्मान मिला था?
A) पद्मश्री B) पद्मभूषण C) साहित्य अकादमी पुरस्कार
2. ई-साइकल बांटने का वर्ल्ड रेकॉर्ड किस मुख्यमंत्री ने बनाया?
A) एन. चंद्रबाबू नायडू B) के. चंद्रशेखर राव C) जगन मोहन रेड्डी
3. किस यूनिवर्सिटी से ट्रंप ने 1 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा है?
A) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी B) स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी C) येल यूनिवर्सिटी
4. US के विदेश मंत्री कौन हैं, जिनसे जयशंकर मुलाकात करेंगे?
A) मार्को रुबियो B) एंटनी ब्लिंकन C) जेक सुलिवन
5. शादीडॉटकॉम के संस्थापक (फाउंडर) का नाम क्या है?
A) विजय शेखर शर्मा B) संदीप माहेश्वरी C) अनुपम मित्तल

कल के जवाब
A1 C. चेन्नै A2 A. एम. एम. नरवणे A3 B. शेख हसीना A4 A. डिजिटल कंटेंट क्रिएशन A5 B. पीटर मैंडेलसन

लकी विनर्स



1. बी.के. वर्मा, गाजियाबाद
2. विजेंद्र कुमार, नई दिल्ली
3. नेहा गोयल, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

अमेरिका में अहम खनिजों पर बैठक से पहले रुबियो से मिलेंगे एस जयशंकर

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क (US)

FILE

हाल ही में हुए भारत-अमेरिका ट्रेड समझौते के बाद ये बैठक अहम मानी जा रही है

विदेश मंत्री एस जयशंकर अहम खनिजों पर मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले वॉशिंगटन में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है। जयशंकर दो से चार फरवरी तक अमेरिका की यात्रा पर हैं और वह अहम खनिजों पर मंत्रिस्तरीय बैठक में बुधवार को हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जयशंकर इस यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के सीनियर सदस्यों के साथ भी बैठकें करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पहली महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में अमेरिका अहम खनिजों के सप्लाई चेन को मजबूत और डाइवर्स बनाने के मकसद से सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करेगा।

नासा का मून मिशन टला



■ **एपी, केप केनवरल (अमेरिका) :** नासा ने बताया कि उसके नए चंद्र रॉकेट का लॉन्च अब मार्च में होगा। पहले तय उड़ान से एक दिन पहले किए गए अहम टेस्ट के दौरान ईंधन का रिसाव पाया गया, जिसके कारण यह फैसला लिया गया। यह रिसाव कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ घंटों बाद सामने आया।

> अहम टेस्ट के दौरान ईंधन का रिसाव पाया गया, इसकी वजह से मिशन टला

नासा ने कहा कि देरी से उड़ान से पहले आंकड़ों की दोबारा जांच और एक और अभ्यास करने का समय मिलेगा। इस मिशन के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को फिलहाल पृथकवास से बाहर किया जाएगा और अगली उड़ान से करीब दो हफ्ते पहले फिर से पृथकवास में रखा जाएगा।

उत्तराखंड में 83 चोटियां फतह के लिए खोली गईं

FILE

5700 से 7756 मीटर तक ऊंचाई है चोटियों की पर्वतारोहण के लिए खुली

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड ने** साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (UTDB) ने वन विभाग के साथ समन्वय कर गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण अभियानों के लिए पूरी तरह खोल दिया है। इन चोटियों की ऊंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है।

भारतीयों के लिए फ्री

अधिसूचित चोटियों पर अब भारतीय पर्वतारोहियों को किसी भी तरह का अभियान शुल्क नहीं देना होगा। यह खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। वहीं, विदेशी पर्वतारोहियों से राज्य स्तरीय अतिरिक्त शुल्क हटा दिया गया है और वे केवल IMF का निर्धारित शुल्क देंगे।

दिखेगी नेवी की ताकत 18 फरवरी को विशाखापतनम में आर्म्ड फोर्सेस की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू करेंगी

इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में शामिल होगा 'विक्रांत'

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन नेवी ने 'साइलेंट' रहकर अपना रोल इस तरह निभाया कि पाकिस्तान के पास मौजूद सीमित वॉरशिप भी अपने हार्बर से बाहर नहीं आ पाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन नेवी की अरब सागर में फॉरवर्ड तैनाती थी और नेवी का कैरियर बैटल ग्रुप वहां तैनात था। अब इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में दुनिया नेवी के कैरियर बैटल ग्रुप की ताकत देखेगी। इसी महीने होने वाले इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत अपने कैरियर बैटल ग्रुप के साथ शामिल होगा।

18 फरवरी को विशाखापतनम में आर्म्ड फोर्सेस की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू करेंगी। रिव्यू करने के लिए स्वदेशी नेवल ऑफशोर पेट्रोल वेसेल INS सुमेधा को प्रेजिडेंट यॉट बनाया गया है।

137 देशों को न्योता, 60 देश वॉरशिप के साथ हिस्सा लेंगे

कैरियर बैटल ग्रुप में एयरक्राफ्ट कैरियर के चारों तरफ सबमरीन भी होती हैं, साथ ही 8 से 10 वॉरशिप भी इसका हिस्सा होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन नेवी का दबाव इतना ज्यादा था कि पाकिस्तान ने समंदर में कोई हरकत करने की सोची भी नहीं। इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में नीलगिरी क्लास का फ्रिगेट भी शामिल होगा। इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू के लिए नेवी ने दुनिया के कुल 137 देशों को न्योता दिया है। इसमें 60 से ज्यादा देशों ने अपने वॉरशिप के साथ हिस्सा लेने पर सहमति दी है।

पहला इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू (IFR) साल 2001 में किया गया था। तब राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने INS सुकन्या से फ्लीट का निरीक्षण किया था। उस फ्लीट रिव्यू में 20 देशों के 97 वॉरशिप शामिल हुए थे जिनमें 73 भारतीय और 24 विदेशी वॉरशिप थे। IFR का दूसरा एडिशन विशाखापतनम में साल 2016 में आयोजित किया गया था।

पता चलता है कितनी तैयारी

इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू के साथ ही नेवी हर चार-पांच साल में भी इंडियन फ्लीट रिव्यू भी कराती है। इसमें राष्ट्रपति को दिखाया जाता है कि नेवी की क्या क्षमता है, सीमा की रक्षा के लिए कितना तैयार है। पिछली बार नेवी का प्रेजिडेंट फ्लीट रिव्यू 2022 में हुआ था। जहां गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति एक जगह पर खड़े रहकर सलामी लेते हैं, वहीं फ्लीट रिव्यू में सभी शिप एक स्थिर रहते हैं। राष्ट्रपति का शिप मूव करते हुए इनके पास से गुजरता है। राष्ट्रपति फ्लीट का मुआयना करते हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 02-04-2026 00:20 Color:

ईरान ने समझौता नहीं किया तो कुछ बुरा हो सकता है: ट्रंप

ईरान के राष्ट्रपति ने दिए संकेत, अमेरिका के साथ बातचीत आगे बढ़ाएंगे

■ एपी, वॉशिंगटन (अमेरिका)

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान को फिर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता है, तो कुछ बुरा हो सकता है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु बातचीत शुरू करने की बात कही है। ट्रंप ने कहा, इस समय हम उनसे बात कर रहे हैं, ईरान से बातचीत चल रही है। अगर कोई समझौता हो जाता है तो यह बहुत अच्छी बात होगी। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो शायद कुछ बुरा होगा। बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप ने ईरान के खिलाफ किसी भी संभावित सैन्य कार्रवाई पर खुलकर बात करने से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने यह जरूर दोहराया कि अमेरिका की सैन्य ताकत मिडल ईस्ट की ओर भेजी जा रही है। इसमें एक एयरक्राफ्ट कैरियर भी शामिल है, जो जल्द ही उस क्षेत्र में पहुंचने वाला है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रंप के बयान से साफ है कि अमेरिका बातचीत तो चाहता है, लेकिन दबाव की नीति पर भी काम कर रहा है।

FILE



तस्वीर साफ नहीं

अभी साफ नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं। इसकी बड़ी वजह यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को प्रमुख शर्त बनाए हुए हैं। ट्रंप ने जून में इस्राइल के 12 दिन के युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे।

विदेश मंत्री को अमेरिका से बातचीत के निर्देश : ईरान

एपी, दुबई (UAE) : ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने विदेश मंत्री अब्बास अराघची को अमेरिका के साथ 'तर्कसंगत और न्यायसंगत' बातचीत आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसे तेहरान की ओर से अब तक का सबसे साफ संकेत माना जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ बातचीत की कोशिश करना चाहता है। इस घोषणा को राष्ट्रपति पेजेशकियान के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को यह कहते आ रहे थे कि देश की स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का समर्थन मिला है। खामेनेई पहले अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत को खारिज करते रहे हैं।

ऐक्टर राजपाल को सरेंडर के आदेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने बॉलीवुड ऐक्टर राजपाल नौरंग यादव को चेक बाउंस मामलों में सेटलमेंट की रकम के पेमेंट के बारे में कोर्ट को दिए गए वादों को बार-बार तोड़ने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने बुधवार तक संबंधित जेल सुपरिंटेंडेंट के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने बीते सोमवार को पारित आदेश में कहा कि एक्टर का बर्ताव निंदा करने लायक है। कोर्ट ने उन्हें कई मौके दिए।

विक्रांत की हिरासत पर HC में सुनवाई

■ **भाषा, नई दिल्ली :** ऐक्ट्रेस सेलिना जेटली के भाई और भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर विक्रांत जेटली की यूएई में हिरासत के मामले में नया अपडेट सामने आया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि विक्रांत जेटली को दुबई और अबू धाबी में कानूनी तौर पर प्रतिनिधित्व देने के लिए एक लॉ फर्म नियुक्त की जाए। कोर्ट को बताया गया कि वहां की एक फर्म फ्री में उनका केस लड़ने को तैयार है।

एप्स्टीन मामले में US के पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन गवाही देंगे

Epstein

■ एपी, वॉशिंगटन (US)

FILE

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से जुड़े एक मामले में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में गवाही देने पर सोमवार देर रात सहमति जताई। हालांकि, इस जांच का नेतृत्व कर रहे रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अभी कुछ तय नहीं हुआ है। सदन की निगरानी समिति के अध्यक्ष और रिपब्लिकन सांसद जेम्स कॉमर सोमवार शाम तक क्लिंटन दंपती के खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रहे थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने कांग्रेस के समन को इग्नोर किया। इसी दौरान क्लिंटन दंपती के वकीलों ने समिति को ईमेल भेजकर कहा कि दोनों कॉमर की मांगें स्वीकार करेंगे और तय बयान दर्ज कराने के लिए पेश होंगे। वकीलों ने यह भी अनुरोध किया कि अवमानना की कार्यवाही आगे न बढ़ाई जाए। कॉमर ने कहा कि वह फिलहाल आरोप वापस नहीं ले रहे हैं। अगर ये आरोप सदन में पारित होते हैं और डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस मुकदमा चलाएगा। रिपब्लिकन सांसदों के अनुसार, एप्स्टीन जांच में पूरी पारदर्शिता जरूरी है। वहीं, डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया को राजनीतिक बदले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

> समन इग्नोर करने पर अवमानना कार्यवाही आगे बढ़ रही थी

ट्रंप बोले- एप्स्टीन ने मेरे खिलाफ साजिश रची : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जेफरी एप्स्टीन से उनका 'कोई लेना-देना नहीं' रहा है। BBC के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि एप्स्टीन ने उनके खिलाफ साजिश रची। दावा किया कि जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से हाल ही में जारी फाइलों से साजिश सामने आती है, जिसका मकसद उन्हें 'राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाना था।

फ्रांस में X के ऑफिस पर छापे

■ **एपी, पेरिस (फ्रांस) :** पेरिस के अभियोजकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' के फ्रांस स्थित दफ्तरों पर मंगलवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई बाल यौन सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी), 'डीपफेक और अन्य कथित अपराधों की शुरुआती जांच के तहत की गई है। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि उसकी साइबर अपराध इकाई ने जनवरी 2025 में जांच शुरू की थी। जांच में बच्चों की अश्लील तस्वीरें फैलाने जैसे आरोप शामिल हैं।

पद्मश्री ट्रैवल राइटर ह्यूग का निधन

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून :** 2025 में पद्मश्री से सम्मानित अंग्रेजी ट्रैवल राइटर ह्यूग गैंट्ज़र (Hugh Gantzer) का 94 वर्ष की आयु में मसूरी में निधन हो गया है। लाइब्रेरी रोड स्थित अपने निवास ओक ब्रुक में उन्होंने अंतिम सांस ली। ह्यूग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को ग्लोबल पहचान दिलाई। वे भारतीय नेवी में कमांडर के रूप में सेवाएं दे चुके थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने मसूरी को स्थायी घर बनाया। वहीं पत्नी के साथ ट्रैवल राइटिंग को नया आयाम दिया।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr): आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। सिंह राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपको कोई कमी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

TAURUS (20 Apr - 20 May): राशि का स्वामी शुक्र दशम राज्य के प्रमुख केंद्र भाव में होने से शुभ हो गया है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। शाम का समय परिवार के साथ बिताएं।

GEMINI (21 May - 21 Jun): आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध नवम पराक्रम विभूति भाव में शुक्र के साथ बैठकर बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार मिलने से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, थोड़ा सचेत रहेंगे तो बेहतर होगा।

CANCER (22 Jun - 22 July): आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। राशि का स्वामी चंद्रमा सिंह राशिगत होने से कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है।

LEO (23 July - 22 Aug): आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपकी समझदारी से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): राशि का स्वामी बुध अपने से छठे षष्ठम प्रमुख शत्रु भाव के घर में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप बुजुर्गों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): आपकी राशि का स्वामी शुक्र पंचम संतान विवेक भाव में और आज राहु षष्ठम शत्रु भाव में है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ के चलते पारिवारिक आहुति रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov): आपकी राशि पर शनि दोष और कन्या राशि में चंद्रमा आने से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फलदायक हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपको उचित व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन में है। चंद्रमा आज एकादश भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन धान्य की वृद्धि, परिचित मित्रों से धन का लाभ, शारीरिक व्याधियां दूर होंगी। शत्रुओं पर विजय और मनोर्थ सिद्धि होगी। रात में मंगलमय समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): राशि का स्वामी शनि वक्री तृतीय भाव में उदय है, किंतु चंद्रमा जो दैनिक जीवन का बीज है, नवम भाव में राज्य विजय कारक है। आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम के समय तबीयत बिगड़ सकती है।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव कोष में मीन राशि में अपने घर में संचार कर रहा है। कर्मफल का सिद्धि कारक है। कहीं से रुका हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से परिवार में चला आ रहा विवाद सुलझ जाएगा।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): आपकी राशि का स्वामी देव गुरु बृहस्पति राशि से चतुर्थ सुख भाव में मिथुन राशि का होकर विद्यमान है। चंद्रमा भी आज कन्या राशि पर सप्तम का चल रहा है। फलस्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विदेशी फलित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्र गुरु वर्ष के स्वामी बन रहे हैं और वर्ष का प्रवेश स्वर्ण पाद से हो रहा है, जो समग्र रूप से शुभ संकेत देता है। फरवरी से मार्च के बीच शुभ व्यय के योग बनेंगे, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा और कीर्ति में वृद्धि होगी। इस अवधि में हर्ष, उत्साह और मंगलमय परिवर्तनों के साथ कई मनोकामनाएं पूर्ण होती दिखाई देंगी। अप्रैल और मई का समय स्वास्थ्य की दृष्टि से थोड़ा सावधानी का संकेत देता है। इस दौरान दिनचर्या और नियमित कार्यक्रमों में आवश्यक परिवर्तन करने से परिस्थितियां अनुकूल बनाई जा सकती हैं और अपेक्षित लाभ भी प्राप्त होगा। जून माह तक लंबे समय से रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और अतिरिक्त व्यय के बाद पूर्ण हो जाएंगे, जिससे मानसिक संतोष मिलेगा। जुलाई और अगस्त के महीने में मांगलिक कार्यों की योजना बन सकती है। वहीं सितंबर और अक्टूबर के दौरान उद्देश्यपूर्ण यात्राओं और पर्यटन के योग बन रहे हैं। नवंबर में ज्ञानवर्धन और मनोरंजन पर किया गया खर्च आनंद और संतोष प्रदान करेगा। दिसंबर के उत्तरार्ध में कामों की अत्यधिक व्यस्तता रहेगी। जनवरी 2027 में उत्तम फल प्राप्ति के लिए कनकधारा स्तोत्र का पाठ किसी विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराना फलदायी रहेगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 5 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 16, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्णा चतुर्थी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 23, शाबान 16, हिज्री 1447 (मुस्लिम) वद अनुसार अंग्रेजी तारीख 5 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्थी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 23 मिनट तक के बाद पंचमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 58 मिनट तक के बाद हस्त नक्षत्र का आरंभ। सुकर्मा योग अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 58 मिनट तक के बाद धृतिमान योग का आरंभ। बव करण मध्याह्न 12 बजकर 17 मिनट तक के बाद कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात कन्या राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

						5	4	8
	5		6		2			
	9		1			7		
		8	5	3				9
9				7	8	2		
		4			6		5	
			3		5		2	
5	3	1						

TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 म से मंडे
10:00 बड्डुध बुदबक	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	19:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण
13:00 रुद्र के रक्षक	

VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

SOME CHOICES
CHANGE YOUR FUTURE
THIS CAN BE ONE OF THEM

VITEEE 2026
REGISTER NOW

Placements at a Glance
(2025 Batch)

₹1CR
Highest Package

1000+
Companies

14K+
Placement Offers

Powered to Build What's Next.

48 B.Tech Programmes

Aerospace | Mechanical | Biotech | Chemical | Quantum Computing | Civil | ECE | EEE | EIE | AI&ML | Computer Science | Cyber Security | Data Science | Gaming Tech | Fashiontech & more

Minors & Specialisations
Sustainable Energy | AI | Defence | Data & Smart Systems | Innovation & Entrepreneurship | Space & Strategic Technologies & more

International Collaborations
Internship Opportunities in over 500 reputed foreign universities.

Scan QR code to apply

Apply Online: viteee.vit.ac.in
btechapplication@vit.ac.in
+91-44-4627 7555

VIT Vellore | Chennai
VIT-AP UNIVERSITY
VIT BHOPAL

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: ccl Time: 02-03-2026 23:18 Color:

पब्लिक की आवाज NBT करेगा बुलंद

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

इस अभियान में आप हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अगर आपके इलाके में:

खुला नाला है | पानी से भरा गड्ढा | रोड टूटी या गड्ढे हैं | हादसे का खतरा है

उसकी फोटो खींचिए, जगह का नाम/लोकेशन लिखिए, हमें भेजिए।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं। 9220747220

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे- यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

NBT में छपी खबर तो 24 घंटे में साफ हुई 4 साल से बदहाल गली

पानी भरे होने से बंद दुकानें सफाई होने के बाद खुलीं

पहले खानपुर एक्सटेंशन, गली नंबर 1, देवली रोड की गली में भरा था सीवर का गंदा पानी

अब पानी को निकाला, नाले की भी सफाई कराई

NBT इम्पैक्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

खानपुर एक्सटेंशन, गली नंबर 1, देवली रोड की गली में भरे सीवर के पानी को संबंधित विभाग ने साफ कर दिया गया है। इसके अलावा नाले से गाद को भी बाहर निकाला गया है। जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। एनबीटी में छपी खबर का असर 24 घंटे के भीतर हुआ। वहीं, लोगों की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों ने एनबीटी का धन्यवाद किया है।

दरअसल, एनबीटी रीडर सन्नी ने नवभारत टाइम्स को खानपुर विस्तार, गली नंबर-1, देवली रोड की कुछ तस्वीरें भेजी थी। फोटो के साथ उन्होंने शिकायत दी थी कि खानपुर विस्तार, गली नंबर-1, देवली रोड की यह गली पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आती है, लेकिन यहां बीते 4 साल से सीवर का गंदा पानी जमा है। शिकायत मिलने के बाद एनबीटी रिपोर्टर ने मौके पर पहुंचकर सारे हालात देखे थे। पूरी गली सीवर के पानी से लबालब भरी हुई थी, जिससे तेज बदबू आ रही थी। आसपास रहने वाले लोग मजबूरी में इसी पानी से होकर गुजरते थे। वहीं, गली के किनारे 10 से ज्यादा दुकानें थी, जो गंदा पानी भरे होने के कारण बंद थी। अब सफाई होने के बाद कई दुकानें खुल गई हैं।

आज कोहरे का येलो अलर्ट, अगले सात दिन बारिश नहीं

मंगलवार सुबह एक बार फिर कोहरा छाया रहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार सुबह एक बार फिर कोहरा छाया रहा। देर तक बादल छाए रहे। 11 बजे के बाद कोहरा छंटने लगा और धूप निकली। धूप के साथ ठंडी हवाएं भी चलीं। आज सुबह कोहरे को लेकर येलो अलर्ट है। अगले छह से सात दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है। इस बीच 6 व 7 फरवरी को ठंडी तेज हवाएं चलेंगी। बादल भी छाए रह सकते हैं।

6 और 7 फरवरी को दिल्ली में चलेंगी तेज हवाएं

मंगलवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 49 से 100 प्रतिशत रहा। पालम में अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा। पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। कई जगहों पर मध्यम कोहरा रहेगा।

कुछ जगहों पर सुबह के समय घना कोहरा भी रह सकता है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक रह सकता है। 5 फरवरी को आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री तक रह सकता है।

आज खराब स्तर पर रहेगा प्रदूषण, कल होगा नॉर्मल

दिल्ली का एक्यूआई मंगलवार को खराब स्तर पर रहा। बुधवार को भी यह खराब स्तर पर रहेगा। इसके बाद गुरुवार से यह कम होकर सामान्य स्तर पर आ सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एयर बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 272 रहा। मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 रहा।

स्कूल के पास खुला है नाला, हादसे का डर



लोगों के सवाल

धौला कुआं दुर्गाबाई देशमुख मेट्रो स्टेशन के पास बने नए फुट ओवर ब्रिज पर जगह-जगह गंदगी रहती है। कई जगह खाली स्पेस छूटा हुआ है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसा लगता है कि अधिकारी किसी के गिरने के इंतजार में है। उसके बाद ही इस खाली जगह को भरा जाएगा। संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। -एनबीटी रीडर

अधिकारी का जवाब

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर दिनेश कुमार का कहना है कि इस संबंध में किसी ने शिकायत तो नहीं की है। मामला सामने आने के बाद स्काई वॉक की नियमित सफाई कराई जाएगी। इसके अलावा जहां-जहां गैप है, उसे भी रिपेयर कराया जाएगा।

लोगों के सवाल

बुराड़ी के सरकारी स्कूल के पास नाले की समस्या बहुत गंभीर है। स्कूल के साथ-साथ जो नाला है, वह बहुत जगह से खुला हुआ है और इससे हादसे का अंदेशा है। बारिश के समय पर यहा पानी भर जाता है और नाले का पता नहीं चलता। खुला नाला होने से हादसे का डर बना रहता है। - महेंद्र बिष्ट

अधिकारी का जवाब

सेंट्रल एंड नई दिल्ली डिविजन के इंजीनियर कुणाल का कहना है कि अगले कुछ दिनों में टूटे हुए स्लैब को हटाकर नए स्लैब रखे जाएंगे। बुधवार को लोकेशन का स्टडी करने के बाद यह कितने स्लैब टूटे हैं, उसका डिटेल पता कर एस्टिमेट भी तैयार किया जाएगा।

वर्क फ्रॉम होम के बहाने किया स्कैम, महाराष्ट्र से ठग अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

महाराष्ट्र से एक स्कैमर को नॉर्थ वेस्ट जिले की साइबर सेल टीम पकड़ कर लाई है। यह वर्क फ्रॉम होम सिंडिकेट से जुड़ा था। म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराके कमाई कर रहा था। आरोपी की पहचान पठान उर्फ खलिल खान के तौर पर हुई है। यह एक प्राइवेट होटल में शेफ के रूप में काम करता है। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

पीड़ित को बहकाकर म्यूल अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराए

एडिशनल सीपी भीष्म सिंह के मुताबिक, केशवपुरम के त्रिनगर निवासी राहुल सैनी नाम के शख्स ने साइबर स्कैम की एक शिकायत दी। जिसमें बताया कि वर्क फ्रॉम होम के बहाने साइबर अपराधियों ने उससे 17,16,777 का फ्रॉड कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

एसीपी राजीव कुमार के सुपरविजन में इंस्पेक्टर दिनेश दहिया और टीम के बाकी मेंबर तफ्तीश में लगे। जांच के दौरान आरोपी के इंस्टाग्राम प्रोफाइल और बैंक अकाउंट की जानकारी हासिल की गई। पैसों की ट्रैकिंग से पता चला कि आरोपी ने ट्रांसेक्शन हुई रकम को बैंक अकाउंट में भेजा। फिर SELF चेक के माध्यम से निकाल लिया। डिजिटल फुटप्रिंट्स और मोबाइल नंबर की लोकेशन का तकनीकी एनालिसिस किया। संदिग्ध के लेन-देन और तकनीकी निगरानी के माध्यम से आरोपी की लोकेशन महाराष्ट्र के जालना में मिला। पुलिस टीम ने आरोपी की पहचान पठान उर्फ खलिल खान के रूप में की। उसके गिरफ्तार किया गया।

नोएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6 नौएडा-201301 (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in. पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

1. 25/व0प्र0(जल)-II/ई0टी0/2025-26, जल क्लोरीनेशन (यूजीआर0-20, 22, 24, 70, 71, 168 एवं बसई पर क्लोरीनेशन प्लान्ट के संचालन, रखरखाव व अनुरक्षण का द्विवार्षिक कार्य)। नौएडा लागत रू0 106.54 लाख।
2. 26/व0प्र0(जल)-III/ई0टी0/2025-26, आपातकालीन कार्य के अन्तर्गत सैक्टर-39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 50, 50(बी), 51, 51(बी), 94, 96, 97, 98, 124, 125, 126, 127, 82, 92, 93, 93(ए) और 93(बी), में दो वर्ष हेतु पुरानी क्षतिग्रस्त एवं चौक सीवर लाईन के बदलने का कार्य नौएडा लागत रू0 150.91 लाख।

जिन्हे दिनांक:- 10.02.2026 को सांय 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक:- 11.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी।

कार्यालय सैक्टर-5, नौएडा
महाप्रबन्धक (जल) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2025/TK-II/22/6/3(ZITMS) नई दिल्ली, दिनांक:03.02.2026

शुद्धिपत्र संख्या 12

विषय: ई-निविदा क्रमांक 2501 जीरो स्पीड (ZITMS) के इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

शुद्धिपत्र संख्या 12, संशोधित निविदा दस्तावेज और साथ ही 29.12.2025 को हुई प्री- बिड की पूछताछ पर टिप्पणियाँ वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।
निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(अनुराग कुमार)
कार्यकारी निदेशक/रेलपथ आधुनिकीकरण
रेलवे बोर्ड
दूरभाष 011-47845630
ई मेल: anuragkumar.dtk2@gmail.com
384/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	S&T वर्क इन कनेक्शन विद अपग्रेडेशन ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एट ई.एम.यू. कार शेड गाजियाबाद पोस्ट मर्जर ऑफ शेड्स डिपार्चर लाइन इंदु, 4th मैन लाइन बिटवीन दादरी एंड चिपयाना बुजुर्ग।
कार्य की अनुमानित लागत (रु)	Rs. 96,13,894.54/-
धरोहर राशि (रु)	Rs. 1,92,300.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय।	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 03.02.2026/ निविदा खुलने का दिनांक 24.02.2026 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1471 दिनांक: 03.02.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 374/26

पुलिस पर मनगढ़ंत चार्जशीट बनाने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अदालत ने पुलिस पर रिकॉर्ड में हेराफेरी करने और मनगढ़ंत चार्जशीट दाखिल करने का आरोप लगाया।

एडिशनल सेशन जज परवीन सिंह ने प्रेम प्रकाश उर्फ काके, इशु गुप्ता, राजकुमार उर्फ शिवाला, अमित उर्फ अन्नु, राहुल उर्फ गोलू और हरिओम शर्मा को बरी करने का आदेश दिया।

Skill India | कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP GOVERNMENT OF INDIA | PMKVY

विकसित भारत की यात्रा में साझेदारी के लिए उद्योग/उद्योग संघों/एसएमई से प्रस्ताव के लिए आमंत्रण

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, 16 हाई-डिमांड वाले क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

इनमें सेमीकंडक्टर, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, रत्न एवं आभूषण, पर्यटन सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

उद्योग/उद्योग संघ/एसएमई के पास निम्नलिखित में प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए:

- भविष्य-उन्मुख और उभरते क्षेत्रों में विशेषीकृत प्रशिक्षण प्रदान करना
- सशक्त उद्योग साझेदारी एवं बेहतर प्लेसमेंट परिणाम
- देश के दूर दराज इलाकों तक पहुँच, खासकर प्राथमिक क्षेत्रों में
- विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से प्रशिक्षण की अच्छी गुणवत्ता बनाए रखना

इच्छुक उद्योग/उद्योग संघ/एसएमई निम्न लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं:
www.skillindiadigital.gov.in
प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि: 13 फरवरी, 2026
CBC 52101/11/0011/2526

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम : नामालूम पुत्र : नामालूम, पता: नामालूम उम्र : लगभग 30 साल, कद : 5'5", रंग : सांवला, पहनावा:** ब्लू कलर का टी-शर्ट काले रंग का अपर और ग्रे कलर की मोजे व काले रंग का पैंट जो हरदयाल लाइब्रेरी के पीछे थाना कोतवाली चाँदनी चौक दिल्ली के पास मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 52-ए. दिनांक 12.01.2026** थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कोतवाली, दिल्ली
DP/1451/N/2026 फोन: 8750870121, 8527931642

लॉकर से CA के दो करोड़ के गहने चोरी, बैंक मैनेजर समेत दो पर FIR

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

अपनी कीमती ज्वेलरी और डॉक्यूमेंट आमतौर पर लोग सबसे महफूज जगह बैंक के लॉकर में रखते हैं, लेकिन अगर आपको एक दिन पता चले कि वह लॉकर अचानक किसी और के नाम अलॉट हो गया और उसमें रखी आपकी सारी ज्वेलरी भी चोरी हो गई तो....। ऐसा ही कुछ हुआ है शहर के पॉश सेक्टर-15ए निवासी डीसी गर्ग के साथ। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की एक शाखा में उन्होंने लॉकर ले रखा था। बैंक लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखी दो करोड़ रुपये की सोने व चांदी की ज्वेलरी गायब हो गई। साथ ही इस लॉकर को किसी और को दे दिया गया। इसकी इंटरनल जांच चली। इसके बाद अब सेंट्रल थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर पवन रावत और एक महिला कर्मचारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। दो दिन पहले पुलिस ने बैंक प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उधर, इस घटना के बाद से सीए का परिवार तनाव में है। क्योंकि उन्होंने जीवन भर की कमाई से निवेश कर गहने बैंक लॉकर में रखे थे। उनका आरोप है कि बैंक मैनेजर ने साजिश के तहत उनके गहनों को गायब कराया है।

सीए ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि घर के पास होने के कारण उन्होंने सेक्टर-15 की एसबीआई शाखा में एक लॉकर लिया था। लॉकर उनकी और पत्नी मोनिका गर्ग के नाम है। वह करीब 10-12 साल से लॉकर को ऑपरेट कर रहे हैं। 30 जनवरी को लगभग 1.00 बजे दोपहर पत्नी बैंक गई तो वहां कर्मचारी नीलम (Locker operator) ने बताया कि यह लॉकर तो आपके नाम नहीं है। यह किसी विकास चौहान के नाम से है। गर्ग ने बताया कि कर्मचारी के कहने के बाद पत्नी ने लॉकर की मूल चाबी बैंक कर्मचारी को दिखाई तो वह लॉकर खुलवाने के लिए उन्हें साथ लेकर गई, लेकिन लॉकर पत्नी वाली चाबी से नहीं खुला। उसके बाद पत्नि ने फोन कर बैंक में बुलाया।

करीब 12 साल से कर रहे थे लॉकर ऑपरेट

गर्ग ने बताया कि वह 2.00 बजे बैंक पहुंचे और बैंक मैनेजर पवन रावत से बात की। पवन रावत ने बताया कि हमने उक्त लॉकर का ताला तुड़वाकर, उसमें नया ताला लगवा कर उसे किसी विकास चौहान को दे दिया है। इसके बाद उन्होंने विकास चौहान को बैंक में बुलवाया। उसके पास जो चाबी थी (Duplicate) उससे उक्त लॉकर नंबर 1038 को खोला गया।

फर्जी पते पर 22 पासपोर्ट बनने में 9 दारोगा लाइन हाजिर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: भोजपुर के फर्जी पते पर दिल्ली पासपोर्ट ऑफिस से जारी 22 पासपोर्ट के मामले में भोजपुर थाना एसओ सचिन बालियान समेत नौ दरोगाओं को मंगलवार को लाइन हाजिर किया गया।

अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि वेरिफिकेशन के दौरान इन सभी ने लापरवाही बरती। इनकी अन्य भूमिका की जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि वेरिफिकेशन के दौरान इन सभी ने लापरवाही बरती

अधिकारियों का कहना है कि जांच में पता चला सिपाही दीपक कुमार ने इन उपनिरीक्षकों की आईडी का इस्तेमाल करके थाने में बैठे-बैठे पासपोर्ट वेरिफिकेशन कर दी।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मुकदमे में चल रही विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर सस्पेंड हुए मुंशी (सिपाही) दीपक कुमार का नाम भी मुकदमे में शामिल कर दिया है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले एसओ और आठ दरोगाओं को लाइन हाजिर किया गया है।

5 करोड़ की हेरोइन के साथ 2 गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एंटी-नारकोटिक्स सेल ने ड्रग तस्करी के आरोप में महिला और एक ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। इनसे बरामद ड्रग्स की कीमत 5 करोड़ रुपये बताई गई है।

एडिशनल डीसीपी सुमित कुमार झा के मुताबिक 2 फरवरी सोमवार को शाम करीब 5 बजे एंटी-नारकोटिक्स सेल को जानकारी मिली थी कि दो सप्लायर छवि उर्फ सोनिया और उसका साथी चंदन गुप्ता ड्रग्स सप्लाई करने के लिए एक ऑटो-रिक्शा से प्रताप नगर, गुलाबी बाग से गुजरेंगे। तुरंत टीम ने मेट्रो पिलर नंबर P-94, राम बाग रोड, गुलाबी बाग के पास ट्रैप लगाया। शाम करीब 7:15 बजे ऑटो सवार महिला और उसके साथी को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल

सफाई कर्मचारी को मारा चाकू, आरोपी हुआ फरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

गोविंदपुरी इलाके में मंगलवार सुबह एक सफाईकर्मी को अज्ञात युवक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर घायल के परिजनों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की सूचना पुलिस को दी। घायल की पहचान राजू (38) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, राजू परिवार के साथ गोविंदपुरी में रहते हैं। एमसीडी में सफाई कर्मचारी हैं। पीड़ित के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब पांच बजे वह गोविंदपुरी स्थित पेट्रोल पंप के पास सफाई कर रहे थे। तभी कुछ लोग आए और पीड़ित के ऊपर चाकू से हमला करके फरार हो गए। पीड़ित के कंधे में चाकू का गहरा घाव है। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित ने सूचना परिवार को दी। परिवार वालों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

वारदात के बाद सफाईकर्मियों ने गोविंदपुरी थाने के पास धरना दिया

वारदात के बाद से गुस्साए सफाईकर्मियों ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए काम बंद कर दिया। सभी लोगों ने गोविंदपुर थाने के पास धरना दिया। सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। धरने पर बैठे कर्मचारी का आरोप था कि पुलिस की लापरवाही से इस तरह की तीसरी घटना घटित हुई है। धरने पर बैठे लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी दो बार सफाई कर्मचारियों के ऊपर हमला हुआ चुका है। एक हमले में सफाई कर्मचारी की आंख में गंभीर चोट आई।

चाय वाले को चाकू से गोदा, हालत गंभीर

■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर : आदर्श नगर इलाके में एक चाय वाले को चाकू से गोदने का मामला सामने आया है। वारदात के अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को खून से लथपथ हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस चश्मदीदों और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक घायल शख्स की पहचान कृष्णा सैनी के रूप में हुई है। वह आजादपुर इलाके में दुकान लगाकर चाय बेचते हैं। घटना मंगलवार सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है।

मंगलवार सुबह की है घटना, पुलिस जांच में जुटी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 02-03-2026 20:58 Color:

ASSOCHAM®

· Ideate · Innovate · Impact ·

ASSOCHAM Thanks

the Hon'ble Prime Minister

on conclusion of the landmark India–US trade deal, a watershed moment in bilateral economic relations.



"When two large economies and the world's largest democracies work together, it benefits our people and unlocks immense opportunities for mutually beneficial cooperation. Delighted that Made in India products will now have a reduced tariff of 18%."

—**Narendra Modi,** Honb'le Prime Minister of India

Congratulations, India!

Under the visionary leadership of PM Modi **The India-US trade deal** marks a defining milestone in our strategic economic partnership. It reinforces resilient supply chains and supports India's vision of Viksit Bharat through sustainable, inclusive, and future-ready industrial growth.



"The India–US trade agreement opens a new chapter in economic cooperation, anchored in trust, market access, and technology-led growth. It creates a stable framework for industry, boosts investor confidence, and positions India as a reliable partner in global value chains."

—**Nirmal Minda**
President ASSOCHAM and Chairman, Uno Minda Group

ASSOCHAM leadership stands committed to India-US partnership

Amitabh Chaudhry
Senior Vice President ASSOCHAM and Managing Director & CEO, Axis Bank

Sanjay Nayar
Immediate Past President ASSOCHAM and Founder & Chairman, Sorin Investment Fund

Sajjan Jindal
Past President, ASSOCHAM and Chairman, JSW Group

B K Goenka
Past President ASSOCHAM and Chairman Welspun World

Vineet Agarwal
Past President, ASSOCHAM and Managing Director, Transport Corporation of India Limited

Saurabh Sanyal
Secretary General ASSOCHAM

Supporting Partners

UNO MINDA · AXIS BANK · Welspun WORLD · JSW · vedanta · sorin · TCI · APAR · BLS INTERNATIONAL · GFL · GHARDA · HINDUSTAN POWER · MGM MINERALS LTD. · Reliance RETAIL · SRI CITY · UPL · ALLED MEDICAL · Continental · dawar · JIS GROUP · JUPITER · THE PEP GROUP · RASHMI GROUP · smc · V-GUARD

www.assocham.org

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: ccl Time: 02-03-2026 23:11 Color:

होली-दिवाली पर सीधे खाते में आएगी सिलिंडर की रकम : CM

आधार से लिंक खाते में जाएगी रकम

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सरकार ने होली-दिवाली पर मुफ्त सिलिंडर देने की घोषणा कर दी है। दिल्ली में करीब 17.50 लाख राशन कार्ड धारक परिवार हैं। एलपीजी सिलिंडर का पैसा सब्सिडी के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में जाएगा।

सीएम ने बताया कि सीधे सिलिंडर के बजाए उसकी लागत जो कि 853 रुपये है, वह लाभार्थियों के खाते में सीधे भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस होली से पहले यह पैसा लोगों के खाते में पहुंचना शुरू हो जाएगा। इस योजना के लिए सरकार ने 242.77 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। अधिकारियों ने बताया कि सिलिंडर का पैसा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से परिवार के मुखिया के आधार से लिंक बैंक खाते में जाएगा। अगर किसी राशन कार्ड धारक को उज्ज्वला योजना के तहत पहले से 300 रुपये की सब्सिडी मिल रही होगी, तो वह पैसा काटकर उसे सिर्फ 553 रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

यह योजना उनके लिए भी लागू होगी, जिनके पास पीएनजी गैस कनेक्शन हैं। पीएनजी वालों के पास अगर राशन कार्ड है, तो खाते में 853 रुपये जाएंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि त्योहारों के समय गरिमा और राहत सुनिश्चित करने का माध्यम है।

2 बार होली-दिवाली पर मिलेंगे मुफ्त सिलिंडर

242.77 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान

17.50 लाख राशन कार्ड धारकों को फायदा

₹853 सिलिंडर की कीमत खाते में आएगी

फिर से लौटेगी पुरानी दिल्ली की रौनक

हवेलियों के संरक्षण के साथ कटरों-कूचों को बेहतर बनाया जाएगा

सीएम ने कहा, मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर काम करेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद पुरानी दिल्ली के विकास के लिए बनाए गए शाहजहानाबाद री-डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (SRDC) को अपना अध्यक्ष मिल गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अब खुद एसआरडीसी के अध्यक्ष पद की कुर्सी संभालेंगी। एलजी ऑफिस की ओर से इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। एक साल से भी अधिक समय से यह पद खाली पड़ा था। इस वजह से एसआरडीसी के तहत होने वाले कामों में अड़चनें आ रही थीं। एसआरडीसी अध्यक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी दिल्ली यानी 'वॉल्ड सिटी' की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने के साथ उसका गौरव बरकरार रखना प्राथमिकता होगी। एसआरडीसी के माध्यम से पुरानी दिल्ली को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। संकरी गलियों में फैले बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए व्यापक 'ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान' तैयार किया जाएगा।



AI Image

दिल्ली को SRDC की जरूरत क्यों?

शाहजहानाबाद रीडिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (SRDC) का गठन। मई 2008 में किया गया था, पुरानी दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ विकास करने के लिए। कॉरपोरेशन का अध्यक्ष हमेशा सीएम होता था। मगर पिछली सरकार में यह परंपरा खत्म की गई और मंत्री को अध्यक्ष बनाया जाता रहा। अब बीजेपी सरकार के गठन के बाद अब फिर से सीएम को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इसका उद्देश्य एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, पर्यटन विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाना है। यह ऐतिहासिक इमारतों, गलियों और विरासत के संरक्षण में अहम भूमिका निभाती है। बीते कुछ वर्षों में यह विभिन्न कारणों से सक्रिय नहीं था, लेकिन अब मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में दोबारा गठन होने से पुरानी दिल्ली के विकास को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

NBT नवभारत टाइम्स NBT रंगमंच Club

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।

■ स्थानः परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश

■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें। *(शर्तें लागू)

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

पर्यावरणविदों ने उठाए सवाल

बजट में साफ हवा गायब, एक्सपर्ट्स ने कहा- ये बड़ी चूक!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण को इस बार आम बजट में पर्याप्त तवज्जो नहीं मिली है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण जैसे गंभीर संकट पर कोई ठोस और अलग प्रावधान नजर नहीं आता। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ी चूक माना जा रहा है और इसी वजह से चिंता बढ़ी है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के लिए 2026-27 में 1091 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह 2025-26 के संशोधित अनुमान 1300 करोड़ रुपये से 209 करोड़ रुपये कम है। इस कटौती पर जलवायु कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक तरफ बजट घट रहा है, दूसरी तरफ उपलब्ध फंड का भी पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा। ऐसे समय में कमी हुई है, जब प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों और मौतों का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है।

NCAP के लिए 1091 करोड़ का प्रावधान, पिछले साल से कम फंडिंग पर तीखी प्रतिक्रिया

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (CSE) की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुमिता रायचौधरी ने कहा कि बजट आवंटन में कमी से सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट की चिंताएं और बढ़ेंगी। एनसीएपी 2.0 का दायरा बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बजट में वृद्धि न होने और 16वें वित्त आयोग से अतिरिक्त अनुदान की अनिश्चितता से योजनाओं पर असर पड़ सकता है। उनका कहना है कि इस बजट में ज्यादा फोकस इंडस्ट्री और एनर्जी सेक्टर पर दिखा है।

एनवायरोकैटलिस्ट के फाउंडर सुनील दहिया ने कहा कि बजट यह संकेत देता है कि प्रदूषण के मुख्य सोर्स को कंट्रोल करना सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। 82 नॉन-अटेनमेंट शहरों के लिए एनसीएपी का वास्तविक बजट पिछले साल के संशोधित अनुमानों से भी कम है। प्रदूषण से निपटने के लिए कोई नया कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया और ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी अलग से विशेष बजट नहीं रखा गया। अब उम्मीदें 16वें वित्त आयोग पर टिकी हैं।

क्लाइमेट ट्रेंड की डायरेक्टर आरती खोसला ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने, एनसीएपी 2.0 को मजबूत बनाने और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए था, जिसकी कमी साफ खल रही है।

महानगर में आज



द्वैतः दिव्य द्वैत
इंडिया हैबिटेट सेंटर में डांस प्रोग्राम 'द्वैतः दिव्य द्वैत', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। भरतनाट्यम डांसर कावेरी अग्रवाल की पारंपरिक मार्गम प्रस्तुति है, जो इंसान और प्रकृति के दिव्य द्वैत या आदिम स्वरूपों का अन्वेषण करता है।

विरासत
इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'हेरिटेज', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट सरणजीत सिंह की इस पेंटिंग एग्जिबिशन के लिए इतिहास के रंगों को महसूस किया जा सकता है।



अहसास-ए-कलाम
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अहसास-ए-कलाम और परम', मैन आर्ट गैलरी, दूसरा फ्लोर, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कमर डागर की सोलो कैलिग्राफी एग्जिबिशन का आनंद आज लिया जा सकता है। शो की क्यूरेटर कलाकारा मनीषा गावड़े हैं।

चेतना
बीकानेर गैलरी में आर्ट एग्जिबिशन 'वट रिमेंस अवेक : ड्रीम, डेथ एंड द फॉर्म', कलमकार गैलरी, पंडारा रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकारा सोनिका अग्रवाल की इस एग्जिबिशन में प्राचीन भारतीय ढांचे को महसूस की जा सकती है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

सड़कों की बेहतरी के लिए मिले ₹850 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रवेश साहिब सिंह

PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र ने 850 करोड़ रुपये दिए हैं। रोड इफ्रा और बेहतर हो, इसके लिए सरकार केंद्र से आगामी वित्तीय वर्ष में 1200 करोड़ रुपये की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई केंद्रीय मदद से दिल्ली की सड़कों की गुणवत्ता सुधरेगी और ट्रैफिक व्यवस्था पहले की तुलना में और भी बेहतर होगी।

प्रवेश ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के कारण यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाने की जरूरत है। केंद्र और दिल्ली सरकार के बेहतर कोऑर्डिनेशन से यह संभव भी हो रहा है। हर क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। पिछले 11 महीनों में स्थिरता, जवाबदेही और कार्यकुशलता आई है, जिससे रुकी हुई विकास योजनाएं फिर से शुरू हो सकी हैं। पहले राजनीतिक टकराव के कारण दिल्ली का विकास थम सा गया था। आज सिर्फ काम पर पारदर्शिता और गति के साथ फोकस किया जा रहा है।

कहा, सरकार आगामी वित्तीय वर्ष में 1200 करोड़ की मांग करेगी

कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली के बेहतर विकास में केंद्र सरकार के योगदान का भी उल्लेख किया और कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। मजबूत नेतृत्व, बढ़ता वैश्विक विश्वास और दूरदर्शी नीति मिलकर भारत और दिल्ली, दोनों का एक शक्तिशाली भविष्य गढ़ रहे हैं।

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम खराब, तो बिल में रिबेट नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** द्वारका की जिन सोसायटियों के रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में कमियां मिली हैं, जब तक उन कमियों को ठीक नहीं करवाया जाएगा उन सोसायटियों को पानी के बिल में रिबेट का लाभ नहीं मिलेगा। यह जानकारी दिल्ली जल बोर्ड ने NGT में दी है। एफिडेविट में DJB ने कहा है कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के डिजाइन में कोई तकनीकी कमी नहीं है। DJB ने द्वारका की करीब 156 सोसायटियों में निरीक्षण किया था। इनमें से कुछ ने जांच से इनकार कर दिया था। वहीं अन्य में फिकल कोलिफॉर्म की शिकायतें मिली थीं। DJB के अनुसार जब तक यह सोसायटियां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की खामियों को ठीक नहीं करवाएंगी, इन्हें सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। सर्टिफिकेट के बिना इन्हें पानी के बिलों में मिलने वाला रिबेट नहीं मिलेगा।



लोकल एजेंसियों को 687 करोड़ की आखिरी किस्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



आशीष सूद

दिल्ली सरकार ने स्थानीय निकायों को वित्त वर्ष 2025-26 में बेसिक टैक्स असाइनमेंट (BTA) की आखिरी किस्त के रूप में 687.22 करोड़ जारी करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत दिल्ली नगर निगम को 673.13 करोड़, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड (DCB) को 5.73 करोड़ और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) को 8.36 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि यह राशि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत केवल जनहित, आवश्यक नागरिक सेवाओं और विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय इन पैसों का सही उपयोग करें। पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को पूरा करें, जिससे लोगों को उसका लाभ मिले। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थानीय निकायों को आर्थिक रूप से सक्षम और सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दिल्ली को स्वच्छ और एंटी डस्ट अभियान के तहत सरकार ने पहले ही MCD को 500 करोड़ की एकमुश्त विशेष वित्तीय सहायता दी है। इसके अलावा आने वाले वर्षों में स्वच्छता सेवाओं में निरंतरता बनाए रखने हेतु 300 करोड़ की नियमित वार्षिक सहायता भी दी जाएगी। यह पैसा कचरा प्रबंधन, स्वच्छता सेवाओं के संचालन, लंबित बकाया भुगतान, टेकेदार-विहीन क्षेत्रों से कचरा उठाने और धूल प्रदूषण कम करने के लिए छोटे स्तर के सड़क मरम्मत कार्यों में उपयोग की जाएगी।

MCD को 673.13, DCB को 5.73 और NDMC को 8.36 करोड़ किए गए आवंटित

आगामी वित्तीय वर्ष में जल बोर्ड के बजट में कटौती की जा सकती है

DJB को मिले 9 हज़ार करोड़, 60% भी खर्च नहीं

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली : 2025-26** में दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड को करीब 9,000 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया था, लेकिन अब तक 60 प्रतिशत भी खर्च नहीं हो पाया है। रिवाइज्ड बजट भी कुल बजट का करीब 50 से 55 प्रतिशत है। बाकी बजट जल बोर्ड को सरेंडर करना पड़ेगा। इसे देखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में जल बोर्ड के बजट में कटौती की जा सकती है। पीडब्ल्यूडी के बजट में अगले वित्तीय वर्ष इजाफा किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में रोड डिवेलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू होने वाले हैं।

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार मौजूदा वित्तीय वर्ष में कुल 9,000 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया गया था। जिसमें से 250 करोड़ रुपये की लागत से पुराने सीवर लाइनों को बदलने, वॉटर प्लांट से निकलने वाली सप्लाई लाइनों को 250 करोड़ की लागत से चेंज करने, 50 करोड़ रुपये की लागत से मुनक नहर के एक ब्रांच सीएलसी कैनाल को रिपेयर करने पर खर्च करना था। 200 करोड़ की लागत से हरियाणा से दिल्ली तक जो पाइपलाइन बिछनी थी, वह काम भी शुरू नहीं हो पाया है। 9,000 करोड़ के बजट में से 10 महीनों में 60 प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पाया है।

PWD का कुल बजट 3843 करोड़ रुपये

मौजूदा वित्तीय वर्ष में पीडब्ल्यूडी का कुल बजट 3843 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की तुलना में कम है। इस बार पीडब्ल्यूडी बजट में बढ़ोतरी हो सकती है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार बारापूला फेज-3 के बजट जो 1300 करोड़ रुपये से बढ़कर 1635 करोड़ हो गया था, उसे भी इसी बजट में प्रस्तावित किया गया है। मोदी मिल और सावित्री सिनेमा के पास बनने वाले फ्लाईओवर के लिए 371 करोड़, एमबी रोड पर ड्रेनेज सिस्टम के लिए 387 करोड़, द्वारका सेक्टर-10 में मिनी सचिवालय के लिए 212 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। करीब 60 जगहों पर फुट ओवरब्रिज का प्रस्ताव आया है।

मुफ्त सिलिंडर का वादा पूराः BJP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बीजेपी ने 2025 के चुनाव में पहले जनता से जो वादे किए थे, उन्हें अब चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार ने होली और दिवाली पर मुफ्त गैस सिलिंडर देने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जन भावनाओं को समझते हुए एक व्यावहारिक फैसला किया है।

वीरेंद्र सचदेवा

सचदेवा ने बताया कि बीजेपी की चुनाव घोषणा में होली और दिवाली पर मुफ्त गैस सिलिंडर देने का वादा शामिल था।अब दिल्ली सरकार ने हर राशन कार्ड धारक के बैंक खाते में 853 रुपये सीधे ट्रांसफर करने की घोषणा की है। यह निर्णय आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

2.76 लाख राशन कार्ड धारकों को कारण बताओ नोटिस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सरकार** 2.76 लाख से अधिक राशन कार्ड फिर कैंसिल कर सकती है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इन सभी राशन कार्डधारियों को एसएमएस के जरिए जांच के बाद मिली गड़बड़ी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सरकार ने कहा है कि अभी तक उनका नाम नहीं कटा है। अगर जवाब नहीं देते तो इनके नाम काटे जा सकते हैं। सूत्रों की मानें तो अभी तक 200 से अधिक ने ही जवाब भेजा है। अभी तक 2.02 लाख के राशन कार्ड रद्द किए जा चुके हैं।

आम आदमी पार्टी द्वारा राशन कार्ड से नाम काटे जाने का आरोप लगाए जाने के बाद मंगलवार को बीजेपी विधायक हरीश खुराना ने सरकार की ओर से आंकड़े जारी किए। उनके मुताबिक, अब तक 67 लाख से अधिक लाभार्थियों की जांच की जा चुकी है। पता चला है कि 2014 से 2024 के बीच 9.22 लाख लोगों ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया। आरोप है कि बिना जांच के ही उन लोगों को राशन कार्ड पिछली सरकार ने जारी कर दिया है।

बिधूड़ी ने कहा, यह बजट समस्याओं का करेगा समाधान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** BJP के साउथ दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केंद्रीय बजट को दिल्ली की समस्याओं का समाधान बताया है। बिधूड़ी ने कहा कि बजट में दिल्ली के परिवहन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, प्रदूषण और कानून-व्यवस्था पर खास फोकस किया गया है। इससे न सिर्फ जीवन स्तर सुधरेगा बल्कि रोजगार और विकास के रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने कहा कि आम बजट में परिवहन पर सबसे ज्यादा फोकस है जिसमें सड़क, रेल, मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन शामिल हैं। इसका सबसे ज्यादा फायदा दिल्ली को मिलेगा। दिल्ली से वाराणसी हाई स्पीड रेल चलेगी। मेट्रो फेज पांच में नए कॉरिडोर मिलेंगे। पूरे देश में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का 6 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

कहा, रोजगार और विकास के रास्ते खुलेंगे

TIMES TRIBUTE PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 30 lines

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

रामलीला ग्राउंड शालीमार बाग में

विशाल साधु-साध्वी सम्मेलन में दीक्षा महोत्सव

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** श्री एस.एस. जैन सभा के तत्वावधान में रामलीला ग्राउंड शालीमार बाग में श्री प्रकाशचन्द्रजी, जयमुनि जी, नरेशचंद्रजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित भव्य जैन साधु-साध्वी सम्मेलन में त्याग, तपस्या और करुणा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर हर्षित जैन, संयम जैन और श्रेयस जैन ने भागवती दीक्षा ग्रहण की जिसे हजारों श्रद्धालुओं ने सराहा। समारोह में सीएम रेखा गुप्ता ने अपनी विनयांजलि में जैन संतों के तपस्या, त्याग और करुणा सराहना करते हुए कहा कि भगवान महावीर के आदर्शों का पालन करके ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। ईश्वरदास जैन, आशीष जैन, सुमेरचंद जैन, सुभाष जैन ओसवाल, डॉ. नागेश जैन, जितेंद्र जैन, जय कुमार जैन आदि गणमान्य व्यक्तियों ने विनयांजलि अर्पित की।

यज्ञ अनुष्ठानः सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, जिनगर में मंगलवार को यज्ञ अनुष्ठान में महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि यदि क्रोध के समय मनुष्य थोड़ा रुक जाए और गलती के समय थोड़ा झुक जाए तो सारे दुःख मिट जाएं।

वेदी प्रतिष्ठाः श्री महावीर दि. जैन मंदिर ज्योति कॉलोनी में मंगलवार को आचार्य श्री अतिवीरजी महाराज के सान्निध्य में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।

सार्थक ही धर्म कर्म

होनहार स्टूडेंट्स के हितों की रक्षा करना हमारी ज़िम्मेदारीः HC

स्टूडेंट की उम्मीदवारी को रद्द करने वाले आदेश को रद्द किया

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एक मेडिकल स्टूडेंट की उम्मीदवारी को रद्द करने वाले एम्स के आदेश को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि योग्यता और निष्पक्षता तकनीकी बातों पर हावी होती है। अगर कैंडिडेट की दलील मंजूर नहीं की गई, तो इससे उसकी हायर एजुकेशन की संभावनाओं को काफी नुकसान होगा और यह योग्यता के साथ अन्याय होगा। यह गौर करते हुए कि एम्स के पास याचिकाकर्ता की खास स्थिति बताने और उसे सुनवाई का मौका या अपनी बात रखने का अवसर देने के कई मौके थे।

जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि कोर्ट की यह जिम्मेदारी है कि वह होनहार स्टूडेंट्स के हितों की रक्षा करे। प्रॉस्पेक्टस की साफ और स्पष्ट भाषा के उलट व्याख्या अपनाकर इसका उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने इस पर भी ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा हासिल करने का अधिकार भले ही संविधान में मौलिक अधिकार के रूप में स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है, लेकिन यह राज्य का एक सकारात्मक दायित्व है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इसे केवल तकनीकी या प्रक्रियात्मक आधार पर हल्के में कम न किया जाए। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने एम्स द्वारा की गई कार्रवाई को निराधार और गलत कहा।

कोर्ट ने 2 फरवरी को यह फैसला मीत नदेश शाह की याचिका पर सुनाया। उन्होंने एम्स के 2 जनवरी को जारी रिजेक्शन लेटर को चुनौती दी थी, जिसने इंस्टिट्यूट में DM क्रिटिकल केयर मेडिसिन प्रोग्राम में एडमिशन के लिए उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया था।

शाह ने DM क्रिटिकल केयर मेडिसिन प्रोग्राम में INI-SS एग्जाम के लिए आवेदन किया था। इस एग्जाम के प्रॉस्पेक्टस के क्लॉज 4.3.2 में 31.01.2026 की कट-ऑफ तारीख तक जरूरी योग्यता, डिग्री और 3 साल यानी 1095 दिनों का कार्यकाल मांगा गया था। याचिकाकर्ता ने एग्जाम के सभी चरणों को पास कर लिया और ऑल इंडिया रैंक 4 हासिल की। इसके बाद, जब एम्स दिल्ली पहुंचा तो उसे बताया गया कि उसके पास रेजिडेंसी एक्सपीरियंस कम है। क्योंकि यह अनुभव तीन अलग-अलग संस्थानों से हासिल किया गया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 02-03-2026 23:19 Color:

बहन से थी दोस्ती, इसलिए ली जान

तिलक विहार की घटना, नाबालिग ने चाकू गोदकर मारा

■ NBT न्यूज, तिलक विहार

वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के तिलक विहार चौकी इलाके में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शिवम (20) के रूप में हुई है। वह तिलक विहार चौकी के पास ही 80 गज कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। पड़ोस में रहने वाले नाबालिग लड़के से झगड़ा हुआ और उस लड़के ने सोमवार रात शिवम पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को तुरंत हरिनगर के दीन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तिलक नगर थाना की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

शिवम (20)

डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार रात 9:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी। तिलक विहार 80 गज में वारदात के बारे में। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि झगड़े के दौरान शिवम पर कई बार वार करके घायल कर दिया गया है। घायल को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर क्राइम टीम और ऑफिशियल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया वारदात में इस्तेमाल चाकू को बरामद कर लिया गया है शुरुआती पूछताछ में पता चला कि जिस आरोपी ने हमला किया है वह नाबालिग है उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी की बहन से मृतक शिवम की दोस्ती थी यह भी कारण बताया जा रहा है।

बीचबचाव के बाद मामला हो गया था शांत

मां बोली, लड़की करना चाहती थी शादी, मना किया तो करवा दिया मर्डर

■ नवीन निश्चल, तिलक विहार

तिलक विहार में रहने वाले शिवम (20) की हत्या से परिवार वाले बेहद दुखी हैं, मां का रो-रो कर बुरा हाल है। बार-बार यही कह रही है कि जिस लड़की से उसके बेटे की दोस्ती थी, उसकी मां भी शिवम के साथ रहना चाहती थी। लेकिन शिवम ने मना कर दिया। उसके बाद पंचायत भी हुई थी, जिसमें फैसला किया गया कि दोनों परिवार के बीच में कोई बातचीत नहीं होगी। उसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। वह बहाने से मेरे घर आ जाती थी। जादू टोना करके मेरे बेटे को अपने वश में करना चाहती थी।

रात में शिवम 'बचाओ बचाओ' चिल्लाता रहा, नहीं मिली कोई मदद

जब लगा कि अब उसका काम नहीं बनेगा तो जान ले ली। सोमवार रात घर के पास में ही शिवम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शिवम की मां लता ने आरोप लगाया कि जिस लड़की से शिवम की दोस्ती थी उसकी मां भी शादी करना चाहती थी। लेकिन बेटे ने साफ-साफ इनकार कर दिया, जिसके कारण बदला लेने के लिए उसकी हत्या की गई। जब रात में शिवम बचाओ बचाओ की आवाज लगकर चिल्लाता रहा तो कोई मदद के लिए नहीं आया।

परिवार में मातम हत्या के बाद से शिवम की मां का रो रोकर बुरा हाल। बोली, बेटे को बचाने कोई नहीं आया

एक-दूसरे के घर आना-जाना था

शिवम की बहन ने बताया कि उसका भाई शादी के लिए मान जाता तो ने उसके साथ ऐसा नहीं होता। आरोपी का घर भी शिवम की गली में बगल में है। जिसके कारण उनके बीच आपस में दोस्ती हो गई थी। एक दूसरे के घर आना जाना हो गया था। पुलिस का कहना है कि जिस आरोपी ने शिवम की हत्या की है, उसकी बहन से शिवम की दोस्ती थी। लेकिन मृतक की मां और परिवार वाले लड़की और उसकी मां दोनों पर ही प्यार का आरोप लगा रहे हैं। अब मृतक के परिवार वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। कह रहे हैं, कि जिस तरीके से उनके लाडले बेटे को उनसे जुदा कर दिया। आरोपी को भी उसी तरह से फांसी की सजा मिले।



तेज़ रफ्तार कार खड़े ट्रक में घुसी, युवती की मौत

दो व्यक्ति घायल, जिसमें एक हैं राहगीर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवती की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायल में एक पैदल राहगीर शामिल है। हादसा रनोकरी फ्लाईओवर पर उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे तेज रफ्तार ब्रेजा कार जा टकराई। घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। मृतका की पहचान श्रुति (23) के रूप में हुई है जबकि घायलों की पहचान चैतन्य (24) और राहगीर मुकेश (45) के रूप में हुई है। दोनों घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी के अनुसार वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर ट्रक ड्राइवर प्रकाश कुमार (29) को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकाश दरभंगा, बिहार का रहने वाले है।

ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ा

पुलिस के मुताबिक, 2 फरवरी तड़के 3:48 बजे PCR कॉल के जरिए रनोकरी फ्लाईओवर, उमराव सिटी के सामने एक्सीडेंट की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को घटनास्थल पर एक क्षतिग्रस्त काले रंग की ब्रेजा कार खड़ी मिली। कार ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मारी थी। कार में एक युवक और युवती सवार थे। वहीं घटना के दौरान एक राहगीर भी कार की चपेट में आने से घायल हो गया। पुलिस को घटनास्थल पर तीन लोग गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। अस्पताल में युवती की मौत हो गई।

श्रुति का फाइल फोटो

कोहरे के कारण हादसे की आशंका

पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में सामने आया है कि ट्रक का टायर फटने के कारण ड्राइवर ने उसे रनोकरी फ्लाईओवर पर ही सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान गुरुग्राम की ओर से आ रही कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार मृतका गुरुग्राम स्थित अपने ऑफिस से लौट रही थी और कार में उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। आशंका जताई जा रही है कि कोहरे के कारण कार ड्राइवर ट्रक को देख नहीं पाया और हादसा हो गया। वहीं पुलिस का कहना है कि हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

हर दूसरे दिन जुर्म कर रहे हैं जुवेनाइल

ईस्ट दिल्ली: इन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए पुलिस कर रही है प्रयास

■ कृष्णा कुशाल सिंह, नई दिल्ली

तीन नाबालिगों के मिलकर एक डिलिवरी बॉय की सरेबाजार चाकू से गोद कर हत्या के बाद आचार्य निकेतन मार्केट में काफी दहशत है। ईस्ट दिल्ली में यह पहली घटना नहीं है, जब नाबालिगों ने सरेआम बेरहमी से कत्ल किया हो। इस साल जनवरी में हुए तीन मर्डर में 13 नाबालिग शामिल पाए गए। एक जुवेनाइल रेप तो एक हत्या के प्रयास में पकड़ा गया। पुलिस अफसरों का कहना है कि जुर्म करने वाले नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा जाता है। ईस्ट जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि मृतक के साथ आरोपियों की पुरानी रंजिश थी। मृतक एक नाबालिग की बहन को परेशान भी करता था। इससे मामला और भी बढ़ गया था। तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

जांच में सामने आया है कि ईस्ट जिला के पांडव नगर इलाके के मयूर विहार स्थित आचार्य निकेतन मार्केट में सोमवार रात हुई अरुण राज (22) की हत्या में शामिल तीनों नाबालिग जानकार थे। दावा है कि अरुण ने एक नाबालिग का विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। इसी झगड़े में सोमवार रात करीब 8 बजे तीन नाबालिगों ने अरुण पर दस से ज्यादा बार चाकू से वार किया। त्रिलोकपुरी निवासी अरुण एक डेसा की शॉप पर डिलिवरी एग्जिक्यूटिव के तौर पर काम करते थे। इससे पहले 4 जनवरी की रात को त्रिलोकपुरी 28-ब्लॉक में रहने वाले मोहित (17) की हत्या भी इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट्स करने की वजह से कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने छह नाबालिगों को पकड़ा था। आंकड़ों के मुताबिक, ईस्ट जिले में 2025 में 182 केसों में जुवेनाइल लिप्त रहे। यानी नाबालिग हर दूसरे दिन एक जुर्म कर रहे हैं।

गुस्साए व्यापारियों ने बंसाल चौक पर इकट्ठा होकर फफाश जाम कर दिया

नाबालिगों के हॉटस्पॉट

- नाजीपुर थाना क्षेत्र की राजवीर कॉलोनी
- मधु विहार एरिया का वेस्ट विनोद नगर
- पांडव नगर पुलिस स्टेशन का गणेश नगर
- न्यू अशोक नगर एरिया का दालूपुरा गांव
- लक्ष्मी नगर क्षेत्र का शकरपुर स्कूल ब्लॉक
- शकरपुर का विकास मार्ग-गीता कॉलोनी मैन रोड

भीड़भाड़ वाले चौराहे पर मर्डर से व्यापारियों में गुस्सा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मयूर विहार फेज-1 की मेन मार्केट के सबसे व्यस्त चौराहे बंसाल चौक पर सोमवार की शाम हुई हत्या की वारदात ने स्थानीय व्यापारियों और निवासियों को सकते में डाल दिया है। बेखौफ अंदाज में मोहल्ला वाले चौराहे पर जिस तरह से गला रेत कर युवक की हत्या कर दी गई, उसके बाद से स्थानीय व्यापारियों ने बंसाल चौक पर इकट्ठा होकर चक्का जाम कर दिया और दिल्ली पुलिस और एमसीडी की नाकामी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कुछ स्थानीय लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी ने पुलिस और एमसीडी पर खुलेआम रिश्वत लेकर अवैध रेहड़ी-पटरी लगवाने, व्यापारियों और खरीदारों को सुरक्षा देने और नशे की बिक्री को रोकने में नाकाम रहने के आरोप लगाए। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर पांडव नगर थाने के इंस्पेक्टर पंकज सरोहा मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को इलाके की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने और एनक्रोचमेंट हटवाने का आश्वासन दिया।

NGO और समाजसेवी संस्थाओं की मदद से नाबालिगों को अपराध की दुनिया से बाहर निकालने के लिए पुलिस की तरफ से कई कार्यक्रम चल रहे हैं। 2025 में 125 नाबालिगों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए जॉब पर लगाया गया। -अभिषेक धानिया, डीसीपी

13000 जुवेनाइल को किया जागरूक

पुलिस के मुताबिक, बॉयज क्लब, नशा जागरूकता के तहत 'दिशा', 18 साल से कम उम्र के लड़कों के लिए 'निर्भीक', पांच साल से छोटी उम्र के बच्चों के लिए 'नाजुक' सरीखे कार्यक्रम चल रहे हैं। बीते साल बॉयज क्लब के 13 प्रोग्राम में 213 नाबालिग आए। युवा क्लबों में 2080 लड़कों ने हिस्सा लिया। दिशा के 84 में 7300, निर्भीक के 25 में 2356, नाजुक के 24 प्रोग्राम में 1196 बच्चों की मौजूदगी रही। कुल 191 कार्यक्रम हुए, जिनमें 13,145 नाबालिगों ने भाग लिया।

26 जनवरी से लापता रेलवे कर्मचारी की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, गुलाबी बाग: राजधानी दिल्ली के गुलाबी बाग इलाके में रेलवे के एक टेक्निशियन की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 26 जनवरी से लापता 39 वर्षीय संदीप कुमार मालवीय का शव सोमवार रात सब्जी मंडी स्थित रेलवे कॉलोनी के एक बंद कमरे से बरामद हुआ। पुलिस ने फॉरेन कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद निवासी 17 वर्षीय एक नाबालिग आरोपी को पकड़ा है। हत्या की वजह संदिग्ध प्रयास के दौरान हुआ विवाद बताया जा रहा है।

हत्या के पीछे अनजानेघुरल सेक्स का एंगल

मृतक संदीप कुमार मालवीय नई दिल्ली में भारतीय रेलवे में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, संदीप 25 जनवरी की दोपहर बाइक लेकर घर से निकले थे, लेकिन अगले दिन ड्यूटी के बाद वापस नहीं लौटे। 27 जनवरी को उनकी बाइक आर.के. आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास लावारिस हालत में मिली।

डिलिवरी बॉयज ने ले ली कारोबारी की जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कनॉट प्लेस में एक 36 वर्षीय कारोबारी की मामूली कहासुनी के बाद कुछ डिलिवरी बॉय ने बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने कारोबारी के सिर पर हेलमेट से ताबड़तोड़ वार किए। गंभीर रूप से घायल कारोबारी कई दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते रहे, 19 जनवरी की दम तोड़ दिया।

जांच में मृतक की पहचान लक्ष्मी नगर निवासी शिवम गुप्ता के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार दो जनवरी की शाम शिवम एक दोस्त के साथ पर्टी में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस गए थे। पुलिस के मुताबिक देर रात ई-ब्लॉक, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास किसी बात को लेकर शिवम और कुछ फूड डिलिवरी बॉय के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने शिवम के सिर पर हेलमेट से कई वार किए। 3 जनवरी की रात करीब 1:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि एक युवक सड़क पर बेहोश पड़ा है और उसके सिर से खून बह रहा है।

मॉडल टाउन में गाड़ी ने मारी टक्कर, एक की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मॉडल टाउन

मॉडल टाउन इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। छत्रसाल स्टेडियम के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने एक सब्जी वाले को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। रिक्शा वाला जख्मी हो गया। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे हादसे के संबंध में कॉल मिली थी। तुरंत मॉडल टाउन थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां खून से लथपथ घायल को पहले ही पीसीआर द्वारा अस्पताल भेजा जा चुका था।

मॉडल टाउन में हुआ हादसा, एक घायल

पुलिस अस्पताल पहुंची जहां घायल शख्स ने दम तोड़ दिया था। मृतक की पहचान मलिकपुरा गंज निवासी 45 वर्षीय संतोष के तौर पर हुई। हादसे के चश्मदीद यूपी के जिला गौंडा निवासी घायल मेवा राम ने इस संबंध में बयान दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि वह रिक्शा चलाने का काम करते हैं। मंगलवार सुबह वह संतोष के साथ रिक्शा में सब्जियां लेकर आजादपुर मंडी से मलिकपुर जा रहे थे। जब वह छत्रसाल स्टेडियम के पास पहुंचे, तभी संतोष कुमार को पीछे से तेज रफ्तार अनजान गाड़ी टक्कर मार चली गई। इस हादसे में वे दोनों ही जख्मी हो गए लेकिन संतोष को अधिक चोट लगने की वजह से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां कोई CCTV नहीं था। फिर भी पुलिस उस टाइमिंग के हिसाब से टक्कर मारने वाली गाड़ी का पता लगा रही है।

बाइक को टक्कर मार टैक्सी से भिड़ी गाड़ी, एक की मौत, एक ज़ख्मी

मृतक साहिल (इनसेट) के पिता की भी दो साल पहले हो चुकी है मौत

■ नवीन निश्चल, द्वारका

द्वारका साउथ थाना इलाके में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि कैब ड्राइवर घायल हो गया, जिन्हें इंदिरा गांधी हॉस्पिटल, द्वारका में भर्ती कराया गया है। यह एक्सिडेंट लाल बहादुर शास्त्री कॉलोन के पास हुआ। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि दिन में 11:57 बजे हादसे के बारे में पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। मौके पर द्वारका साउथ थाने की टीम पहुंची। वहां पर दो कार हादसे की हालत में मिलीं और वहीं पर एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हालत में मिली।

छानबीन में पता चला की बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान साहिल धनेसर के रूप में हुई है। वह बगदोला गांव के रहने वाले थे। जबकि घायल टैक्सी ड्राइवर की पहचान अजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कार चला रहे युवक की पहचान अश्वत्र सिंह (19) के रूप में हुई है, उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। हादसे के वक्त उनकी गाड़ी सामने से आ रही बाइक से टकराई। इसके बाद रोड के साइड में पार्क की हुई एक टैक्सी में जाकर टकरा गई। जिससे टैक्सी ड्राइवर भी घायल हो गया। गाड़ी चला रहे युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

घर का इकलौता चिराग था साहिल

जिस युवक साहिल (23) की मौत हुई है, वह घर का इकलौता चिराग था। उसके पिता की भी 2 साल पहले ब्रेन ट्यूमर की वजह से मौत हो चुकी थी। पार्टी का बिजनेस करके वही घर की देखभाल करता था। वहीं घायल कैब ड्राइवर अजीत सिंह (53) को शाम में डिस्चार्ज कर दिया गया।

TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

jobs

JBM GLOBAL SCHOOL

A-11, Sector 132, Expressway, Noida
Ph.: 9910153515, 9910153516
Email : hr@jbms.in
website : www.jbms.in

Walk-in-Interview Sunday Feb 8, 2026
Requires Experienced FEMALE candidates possessing excellent academic records, communication skills and computer proficiency (B.Ed is must for teaching staff)
P.G.T.- Accountancy, English, Psychology Fashion Studies. 10.00 a.m. onwards
T.G.T.- Maths, English, Science, Computer Science Hindi, S.St. 11.00 a.m. onwards
Cambridge Lower Secondary-S.St. and GP
Cambridge IGCSE-Maths and Physics
PRT- All Subjects, Comp. Sci. 12.00 p.m. onwards
Pre Primary Activity Coordinator, NTT, B.Eld, D.Eld
Others: Career Counselor, Librarian, Lab Assistant, Front desk Manager, Back office Assistant , Accounts Coordinator IT Hardware/ Software Executive.
Walk-in-Interview Saturday Feb 14, 2026
Requires Experienced candidates: 10 a.m. onwards
Art & Craft, Music Instrument teacher, Guitar, Keyboard, Percussion, Music Vocal (Hindustani music), Western Vocalist.
HOD sports (Exp. in school sports Department),
P.E.T's - Basketball, Football, Cricket, Skating, Tennis

J M International School

A Sr. Sec. School Affiliated to CBSE | Sector-6, Dwarka, Delhi
Tel.#49123899 | E-mail:careers.dwarka@jminternationalschool.com

WE ARE HIRING

JMIS is growing and inviting applications from dynamic & committed professionals for the Academic Session 2026-27. We are looking for enthusiastic, creative, and passionate mentors with strong communication and IT skills, who are dedicated to fostering meaningful, child-centric and future-ready education. Applicants should have a minimum of 3-4 years of relevant experience in reputed public schools for the following positions:

- PGT: Chemistry, Commerce, Math
- TGT: English, Math, Science, Social Science(VI - VIII & IX - X)
- PRT: Mother Teachers(I to III) • Co-Teacher
- PRT: Science(IV to V) & Other Subjects • Dance Teacher
- Theatre Teacher • Art & Craft Teacher
- Computer Lab Assistant • Office Assistant
- Admission Counselor cum Office Assistant

The qualifications & experience for the above posts will be as per the norms of DOE & CBSE. Apply within a week on prescribed form available at school office/ website.

Salary not a constraint for truly enterprising & deserving candidates.

APEEJAY SCHOOL

Noida
Sector-16A, Film City, Noida-201 301 (UP)
0120-2515141/42 www.apeejay.edu/noida

Requires
- PRT: Social Science
- Special Education
- Career Counsellor

Applicants must possess minimum qualification and experience as prescribed by CBSE.

Interested candidates may apply online within 7 days from the date of this advertisement at **www.apeejay.edu/careers**.

– Principal

ST. THOMAS SR. SEC. SCHOOL

FARIDABAD

REQUIRES
PRINCIPAL

QUALIFICATION
- Post Graduation from a recognized University
- Professional qualification in Education and IT Literate

EXPERIENCE
Minimum 8-10 years of teaching experience in Senior Secondary Classes, including minimum 5 years in an administrative capacity in a reputed CBSE - affiliated school.

AGE LIMIT
40 years and above

APPLY NOW

A detailed and comprehensive resume and a passport size photograph along with the application be mailed at : cv.applicationdesk@gmail.com within 10 days of the date of publication.
Only shortlisted candidates will be invited for interview.
Ph : 0129-2247620, 2212573 cv.applicationdesk@gmail.com

THE MOTHER'S INTERNATIONAL SCHOOL

Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016

Invites online applications for the following posts :

1. English (TGT)
2. School Counsellor (TGT)
3. Librarian (TGT & PRT)
4. English (PRT)
5. Career Counsellor
6. Nurse
7. Yoga Instructor

For details, visit our website: www.themis.in

RISHIKUL VIDYAPEETH SONEPAT

REQUIRES

Coordinators - Minimum 5 Years Experience for Primary, Middle, Sec & Higher Secondary Wings
PGTs : English, Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, Accountancy, B.St., Economics, History, Geography, Comp. Science, Pol. Science & Psychology
TGTs : English, Hindi, Mathematics, Science, Social Science, Sanskrit & Computer Sc
PRTs : All Subjects
NTTs, Arts & Crafts Teacher, Music Teacher, PHE Teacher & Hostel Warden (Male & Female)
Band Master : Bagpiper
Boarding Coordinator : Post graduate with Minimum 5 Years of Experience (Male & Female)
ATL Mentor (Male / Female): Graduate/Diploma in Science/Engineering with hands-on skills in robotics, coding & STEM projects; experience in mentoring school students preferred.

Proficiency in English & Computer essential
Send detailed Resume within 10 days – Chairman
jobs@rishikulvidyapeeth.edu.in 9416074444

St. CECILIA'S PUBLIC SCHOOL

(Sr. Sec. Recognised)
F-BLOCK, VIKASPURI, N. D.-18

REQUIRES
- P.G.T.'s: Maths, English, Psychology, Business Studies, Accounts & Biology (F)
- T.G.T.'s: Social Science, Computer Science, Sanskrit, Science, English, French, Punjabi, Hindi & PET. (F)
- PRIMARY TEACHERS: For all Subjects, Computers, PET, Art & Craft (F)
- PRE- PRIMARY / NURSERY TEACHERS: (F)
- ACCOUNT / OFFICE ASSTT.: (M/F)
- DOCTOR • NURSE
- ESTATE MANAGER: (M)

Apply immediately on prescribed Application Form available from the School Office & website www.cecilia.in Only short listed candidates will be called for interview.

M = Male, F = Female

REQUIRED experienced candidate for a new Pharma formulation manufacturing unit at Sonipat (Hr.) for the following posts: H.R., Q. A., Q.C., Mfg. Chemist, Analytical Chemist, machine operator, Account-staff, Cad Designer, Coral/Graphic Designer having complete knowledge male/female.Send resume on Email: Jindalstaff@gmail.com

narula GROUP OF INDUSTRIES

A UNIT OF
A Packaging unit Engaged in The Manufacturing of Decorative Tin Boxes and Real Estate Developer. Required the following staff
Liason officer Exp. 8-12 Yrs.
Marketing Manager Exp. 7-10 Yrs.
Production Manager Exp. 5-7 Yrs.
Marketing Executive Exp. 3-5 Yrs.
Tool Room Mechanic Exp. 5-7 Yrs.
Accountant Exp. 7-10 Yrs.
Telecaller Exp. 3-5 Yrs.
Cont: 9810023450, 011-43785577
Send CV: hrnarulatin1975@gmail.com
AGGARWAL MILLENIUM TOWER 2
770, 7th Floor, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034

नौकरानी सेवा

नौकर- नौकरानी,कुक,अटेंडेंट। घर बैठे पायें नौकर-नौकरानियां, मेड, आया, खाना बनाने का कार्य करने वालों को नौकरी पर लगायें व भरपूर कमायें। #8700097204

तकनीकी

इंजीनियर्स

REPUTED Contracting Co. Requires Civil Engineers for Billing/Execution at Metro Projects, (Min. Exp. 5 Years). WhatsApp CV at: 9958775611

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Shekhar Surinder Bhardwaj S/o Surinder Kumar R/o C 303 SG Grand Rajnagar Ext Gzb - 201017, shall henceforth be known as Shekhar Bhardwaj vide affidavit no. IN-UP77694773498596Y sworn before notary Manoj Kumar dated 29/01/2026, Gzb-201017.

I Rahul Kumar S/o Padam Singh R/o K-684, Street no-2, Gautam Vihar,Ghonda,Delhi-110053declare that I have changed my minor daughter's name from DAKSHA PAL to DITVIKA PAL for all purposes vide affidavit dtd 2.2.2026

I Bibi Sajeda Begam W/o Mohammad Zubair Anwer R/o Ward No.7, Vill. Balwat Post Baturbari, Araria, Bihar-854 311 declare that my name is wrongly written as Bibi Sajeda Begum in my son's Mohammad Shadab Anwer class X Marksheet against Roll No 14124508, CBSE Board passing year 2023. Whereas my correct name is Bibi Sajeda Begam.

tender & notices

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
होटल दि अशोक, नई दिल्ली

निविदा आमंत्रण सूचना

नई दिल्ली स्थित अशोक होटल के लिए मक्खन, देसी कुकिंग बटर, टेबल बटर पिलेट्स और प्रोसेस्ड चीज़, मिठाई और नमकीन, फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज आदि, फ्रोजन मांस और चिकन, सॉफ्ट ड्रिंक और फ्रोजन हरी मटर की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ताओं को निर्धारित प्रारूप में दो बोली प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं जमा करनी होंगी। निविदाएं वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app से या वेबसाइट www.itdc.co.in पर दिए गए लिंक – निविदाएं > ई-निविदाएं के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती हैं।
निविदा जमा करने की तिथि में संशोधन / विस्तार या किसी अन्य जानकारी के लिए केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशन किया जाएगा।
मुख्य (एमएम एवं सी), होटल दि अशोक, 50-बी, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110021, फोन : 011–24123037 / 3480 / 3462
सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

MISSION ADMISSION

Bharatiya Vidya Bhavan

Certificate Course in HINGLISH FIRST time in INDIA — ONLINE OFFLINE
Faculty Chair
Honorary Professor Rohit Bansal**
Alumnus of Harvard Business School, IIM Ahmedabad, and St. Stephen's College. **Teaching gratis as a societal initiative with Mr. Ravi Gupta, GII, Entrepreneurs Organisation.
Pedagogy/Guest faculty from the renowned reArmenia
Certificate*
10 Core Sessions (~20 hrs) in English on Saturdays AND 10 Reflection Sessions (~20 hrs) in Hinglish on Sundays
FEES Rs. 5,000 for those who are already pursuing any course from Bharatiya Vidya Bhavan and Rs 8,000 for all others.
website: www.bvbdelhi.org/ai
+91 8384074535/+91 8700574533/+91 11-23382002

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

सामान्य

JAGANNATH Int'l School, Pitampura, Delhi Req. PGT-Accounts & B.Studies, TGT-English, French, Art & Craft Teacher#47501587,9217781587 Email : jagan_international @yahoo.co.in

WANTED PRT - Mother Tr., Dance/Music Tr., Special Educator, Librarian. Delhi Intl. Happy School, Bhogal, ND-14. Ph: 011-41046335, e-mail: dihsjangpura@gmail.com

REQD. expd. Male /Female Manager for a reputed play area at West Patel Nagar, Delhi. Interested candidates may send CV to kiddieskingdomplayarea@gmail.com 9315344527, 70424 29708

REQ Principal for Savanu Intl. School, Jindpur, Delhi-36 Qualifications as prescribed by the DOE & CBSE. Interested candidate may apply within 20 days of this advertisement at school office.

REQD (F) PGT B.St., PRT, NTT, Music (Vocal), Librarian, Office Asst. for a school in Sec 7, Rohini. Send CV to recr.roh@gmail.com

REQUIRED

Faculty for
- BBA • BCA
- B.COM

Eligibility: MBA / MCA NET/ Ph.D Preferred
Apply with CV along with copy of relevant documents & 2 photos within 7 days to Secretary.
MEWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT
Sector-4C, Vasundhra, Ghaziabad -12
mim@mimcs.com
2698218/19/20

BAL BHAVAN INTERNATIONAL SCHOOL

Sec-12, Dwarka, N.D.-78
Ph.:9950605685, 011-49997999
Email: info@bbisdw.com
Website: www.bbisdw.com
Walk-in for the post of
PGT: Chemistry, Physics, Psychology, Mass Media, Economics
TGT: English, Maths, Computer
Counsellor, ATL Incharge
on 6th Feb. 2026 for PGT & ATL Incharge & on 11th Feb 2026 for TGT & Counsellor between 8:30 AM & 11:30 AM. Candidates must bring a recent passport-sized photograph and copies of all relevant documents at the time of interview.

ARWACHIN INTERNATIONAL SCHOOL

Dilshad Garden, Delhi-110095
Invites applications for the post of
PGT- Maths, Physics, Chemistry, English, B.Studies, Economics & Accounts
PRT & TGT- All Subjects
NTT- Trained for Pre Primary Deppt.
Preferably Female Candidates.
Qualifications as per DSEAR Govt. of NCT Delhi & Pay Scale as per Delhi Govt. NCT.
Please send your detailed CV with self attested testimonials and recent photograph within 15 days from the date of advertisement through E-mail
recruitments.arwachin@gmail.com

ST. MARK'S WORLD SCHOOL

Meera Bagh, New Delhi -87
(Recognized) Ph. 41633494, 25252237
FEMALE TEACHERS REQUIRED FOR THE FOLLOWING POST
- Pre-Primary
- PRT All Subject, Art, Computer, Special Educator
- T.G.T English, Chemistry, Physics, Social Science
- Assistant Teacher

Qualified, Experienced candidates with an excellent command over English to apply on prescribed form available at school office, till 15/02/2026, between 9 a.m. to 11 a.m. Qualification, age and pay scale as per Delhi Adm. Rules.
PRINCIPAL

B.S.M. PUBLIC SCHOOL

Anandpur Dham, Karala, Delhi-110081
Phone: 9971233386, 7303061386
RECRUITMENT FOR ACADEMIC SESSION 2026-2027
Required trained staff with effective communication skills and minimum 3 years of teaching experience for the following posts:
- Academic Coordinator
- PGT (Commerce, Mathematics, English, Physics, Biology, History, Hindi, Economics, Political Science, Physical Education)
- TGT (Sanskrit, Mathematics, Social Science, English, Computer)
- PRT (with Science Background would be preferred)
- NTT
- Office Assistant cum Admission Councellor
- Lab Assistant
- Drawing, Art and Craft
- Music and Dance Teacher

NOTE: Qualifications as per Government norms.
Apply with detailed resume and latest photograph at bsmpublicschool.karala @gmail.com within fifteen days of the advertisement.

The Delhi Society for the Welfare of Special Children

Okhla Centre, Okhla Marg (opp. Holy Family Hospital), New Delhi-110025, the NCR's leading organization dedicated to the welfare of Children with Intellectual Disabilities & associated conditions invites applications for the post of
PRINCIPAL
Postgraduate with B.Ed/M.Ed in Special Education (ID) and minimum 15 years of experience with at least 5 as the head of a similar institute. The selected candidate will be tasked with improving the learning outcomes as well as improving the curriculum and Pedagogy/Teaching processes to lead DSWSC in the journey to become India's leading institute and national resource for Special Education. The selected candidate will have World Class infrastructure at his/her disposal and a team of dedicated and experienced teachers to support him/her in this endeavor. Apply Within 15 days at okhlacentre@gmail.com

ST. MARK'S SR. SEC. PUBLIC SCHOOL

A-2 Janakpuri, New Delhi -110058
TEL: 41002663 / 41002664
TEACHERS REQUIRED FOR ACADEMIC SESSION 2026 - 27
Senior School Coordinator Dynamic, innovative and experienced candidate.
PGT English, Physics, Computer Science, Economics, Sociology, Psychology, Informatics Practices.
TGT English, Hindi, Maths, Science, Social Science, French,
Primary Teachers & Pre-Primary Teachers (English),
PET (Female), Skating Coach,
Part Time Teachers Indian Dance, Western Dance, Western Music, Art, Instrumental Music,
Librarian, Guidance Counsellor, Special Educator, Receptionist/ Office Assistant, Class Assistants (Helper Teachers)
Eligible candidates fluent in English to apply on the prescribed form available in school till 9 Feb 2026 along with attested testimonials and passport size photo between 9:00 am & 11:00 am. Qualifications, age etc. as per Delhi Admn norms. For Class Assistants, Graduates/XII pass with good command over English may also apply.
Principal

PRAGYAN SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E.
Sector Gamma-1, Greater Noida
Ph: 0120-4296701-04
jobs@pragyanschool.com
www.pragyanschool.com
Ranked No.1 by Times Now survey, Pragyan is a leading Day Boarding School of Greater Noida. Applications are invited for:
PGT Political Science
TGT Science, Hindi, Social Studies, German
PRT Art, Instrumental Music
NTT Mother Teacher Special Educator

REQ. Only female Assistant, Part/Full time at Rohini sector-8 Office of Haldiram Distributor. Wts 9818894082, @ good salary

क्रय

REQUIRED Purchaser for IRON,Exp. 5-Year must know Team work, walk-in-interview. ADDRESS-B-18,Sec-8, Noida. Mobile-9711543810.

डिलवरी बॉय

आवश्यकता है कैश इंडिया लिमिटेड हेतु 25 बाइकर्स और 5 सुपरवाइजर ओखला एक्सटेंशन, दिल्ली में, जिसमें वेतन + पेट्रोल+ईंसेंटिव, फोन: 9289694734

चाहिए Pickup / documents collection हेतु दिल्ली में Field Boy, महीपुर में वेतन 15000/- duty time दोपहर 12 से रात 10.30 बजे तक 9911030241, 8900056241

चाहिए बाईक व बिना बाईक वाले लड़के, पिकअप / डिलेवरी हेतु सिर्फ दिल्ली/NCR का अनुभव हो, वेतन योग्यतानुसार, बाराखंबा रोड, C.P., Phone/WAp: 9818545027

आईटी संबंधित

कंप्यूटर ऑपरेटर्स

चाहिए Govt.Sector में Contract Basis- DEO, Steno, MTS, Cleaners, Security Guards, Cook, NO. Sal 20K-40K+ सभी सुविधायें 8506800272, 9217127476

लेखा

सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए./ सी.एस.

BIG CA Firm needs CA, Ex bankers , Computer Operator ,Articles Contact R.K.Gupta G7 Namdhari Chmbr, 9/54 DBG Road Karol Bagh ND 9810015824

लेखा और वित्त

REQD. EX-Bankers/ CA Inter having Exp. of Bank Finance, CA Trainees, for our office at Jasola. W'app 9810307590 Em: carajeshsudan@gmail.com

अकाउंटेंट (लेखाकार)

REQD. for an Expanding Group a Senior Accountant well versed with Income Tax Dealings. Send CV at: speedlines44@yahoo.co.in

प्रशासन

कार्यालय सहायक

Urgently Wanted in Noida निजी सहायक / सेवक, जरूरतमंद (Needy) सेवाभावी, Tech संस्था के Head की निजी सेवा में, ITI/ Dip./ Comp./ AI/ New Tech सीखने/ पढ़ाई/ कोचिंग/ आगे बढ़ने के इच्छुक Smart छात्र/युवा, Max Age 21 वर्ष, सभी सुविधाएं Whats App/Call Today 8384004468

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

बिक्री

WANTED Male / Female Office Sales Staff for Portable Office Mfg Firm, Fresher/Exp. Good Salary + Incentive at Okhla Office. Cont: 82878 07546

विपणन (मार्केटिंग)

REQUIRED a marketing executive in Pali Faridabad For further details call at : 9319820646

MARKETING Head Req. at Delhi/ Dehradun for Launch of Shaving cream&Personal care Products 8-12 yrs FMCG exp. Distributor & expert mkt expertise essential Commission/ Performance-linked role. Send CV to: informationmails2019@gmail.com

JEEVAN PLURO IVF

(Paschim Vihar)
Whatsapp 9971575997
REQ. Marketing Exe. Salary 20K+incentives (2 yrs) 25-30 K, (4 Years exp.) Male/Female for IVF Centre Paschim Vihar N.D

चिकित्सा

चिकित्सा

WANTED Microbiologist part Time. Lady X Ray Technician. Capital X Ray Clinic Vikas puri NABL & NABH Centre. Call Dr Taneja 9911236464 or W'App .

अन्य प्रोफेशनल्स

वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

SRM PROJECT CONSULTANTS

Provides Consultancy Services for Est. of University Campuses, Medical Coll. & Hospitals, etc.
Reqd. Architect & Draftsman having 2-3 years exp. in Auto CAD / Revit Software - Salary Negotiable.
Walk-in 12, 13 & 14 Feb. 2026 @ 11 AM to 05 PM at:
C-63, Defence Colony, ND-24 # 011-46113772
E: srminterview@gmail.com

कंसल्टेंसी

REQD Smart Ladies 40+ Fluent in English For Events Semiars & Inspection All Over India Interview On- Line Contact. Basant 9810306678

अन्य रिक्तियां

चालक

चाहिए Supervisor cum Driver सेवा-पानी की ठेकी साफ करने हेतु, Sal-Negotiable Walk :- 36A,Kishan Kunj Ex P-2, Laxmi Ngr Nr SDM Court Delhi- 92,Walk in 12-5 PM M:- 9718430001, 9711890029

सामान्य

आवश्यकता है Heat Transfer Printing Machine(Sublimation) मशीन ऑपरेटर की #9999004239,8800331098 Jagat puri Delhi 110051

आवश्यकता है रेडीमेड गार्मेंट्स शॉप के लिए सेल्समैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर की, सैलरी योग्यतानुसार। पता:- 9/6159, प्रताप गली, गांधी नगर, दिल्ली-31 मो. 9667099360

एकाधिक रिक्तियां

REQD Telecallers / Field Executive for all work in Real Estate Co. Rohini Good Salary Vehicle are compulsory Contact 8920703855

TRANSPORT Assistant knowing maintaince of heavy Truck, Account Assistant, Field Boy/ Peon. # 9312018242, Email: rockflor@yahoo.in

JAI GROUP

(Pharma / Medical Eqpt. Co.)
REQUIRED FOR ABROAD
- Sales Exec./Mgr- Pharma/ Eqpt.
- ACCOUNTANT
- Biomedical Engineer -Hosp. Eqpt.

Male Graduate with min. 2yrs. related exp. for abroad
Interested to Send CV/ Walk in interview on: 08th Feb. 2026 (Sun.) (10:00 to 12:00 AM)
At : GD-101, Vishakha Enclave, Pitampura, Delhi-34 (Metro Pillar No. : 364)
WhatsApp:9810091121

पार्ट टाइम जॉब

WORK from phone part time, suitablele for students, employees, H'wives, professionals, retirees, Exserviceman etc, for details, Wapp name: 7027604000

WE are Hiring part/Full Time. age 30 to 70 Retired People, H'wifes, VRS, Self Emply. Earn 50k to 1Lac Fixed+Variable+ frgn trip. 7291030086,9990245200

REQ part/full time candidates for MNC noida. Age 30-65 yrs. Edu:Grad+Profd-Retired,h/wife, VRS,self empl.earn 50k-2lac /month & frgn trip. 9315760113

सुरक्षा

जय जीवन ज्योति स्कूल दिल्ली-एनसीआर (करावल नगर दिल्ली के पास) को अनुभवी सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। सम्पर्क करें: 9953000005 9999999995

WANTED Exp. Marketing Mangr, Sales Executive, Gem Tender Executive, Security Guards, Supervisor M- 98113-50554, Em: usps54@gmail.com

G.I. group

TRUST PERSONIFIED. WWW.GETGI.COM ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
WANTED
For Leading Security Company
General Managers (5)
We require individuals (Colonels/Ex Police Officers not below Rank Additional SP) based in Delhi, or having 5 to 10 years experience in similar capacity. The individual should be hardworking, energetic with excellent communication skills, a dynamic team leader with positive attitude. Those looking for only desk job need not apply. Industry beating package for the right result driven candidate motivated to lead from the front.
Send CV and photo to: HR Manager, G.I. Group, 581/3 Third Floor, Chirag Delhi, New Delhi-110017 or to hr@getgi.com

सेवाएं

होटल उद्योग

HOTEL in Sunder Nagar (nr Delhi zoo) req. experienced. 1) FO Receptionist 2) Accountant 3) Cook (multi) Good salary & prospects. Call Mob 9810048181

A Leading Centrally Air Conditioner Govt Approved Three Star Hotel In Mahipalpur more than 100 Rooms required professional staff minimum 03 years working exp./ fresher may apply.
Age below 40 years
Sales Executive- Male/Female Maintenance- AC Technician/ Electricians
Please send your resume
Em: kewat_uday@rediffmail.com
Contact:- 9810110607, 011-45357301

खोया एवं पाया

I, Dr. Anuj Kumar Purbey, report loss of original MBBS Degree, Internship Completion and 10th Certificates. If found, contact 7738724345.

BOOK YOUR PERSONAL ADS

FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN QR CODE

HEALTH & WELLNESS

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 मात्र
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2264,कोठिया द्वारा शीश,मुखर्जी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

BOOK YOUR TRAVEL ADS

CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

More TIMES interact ads on subsequent pages...

GALLERIA

क्या आप रोज मोटर पम्प बंद करना भूल जाते हैं
MRK WLC PLUG
अब नहीं होगा water overflow
पानी की बर्बादी खत्म
बिजली की बचत
पूरी तरह ऑटोमैटिक
आसान इंस्टॉलेशन
₹ 1490/-
सबमर्सिबल/ टुल्लू पंप के लिए उपयुक्त
*Installation service free
Video/Installation 8377063729 || 9625540375 | 9654107969
For Dealership 93197196790 || 9319719671
Delhi NCR में INSTALLATIONS हेतु ELECTRICIAN & PLUMBERS हमसे सम्पर्क करें

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS

FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Amit Ghosh
9811790649
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL • PROPERTY • BUSINESS • RECRUITMENT, EDUCATION • CHANGE OF NAME, LOST & FOUND • SHOPPING • TENDER, PUBLIC NOTICE • SERVICES, VEHICLES, TRAVEL • BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

टेक्सटाइल, मोटर पार्ट्स, दवा सेक्टर में फिर बहार

फैक्ट्रियों में लौटेगा काम, एक्सपोर्टर्स को मिली राहत

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

AI image

■ नई दिल्ली : अमेरिका की ओर से टैरिफ में राहत दिए जाने के बाद भारतीय एक्सपोर्टरों के लिए हालात बदलते नजर आ रहे हैं। टेक्सटाइल, दवा, मोटर पार्ट्स, क्रिस्टल समेत कई क्षेत्रों के कारोबार को अमेरिकी बाजार में नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से ऊंचे टैरिफ के दबाव में जूझ रहे उद्योगों ने इस फैसले से राहत की सांस ली है। कारोबारियों के मुताबिक, पहले कुछ उत्पादों पर 50 पर्सेंट तक टैरिफ लगने से भारतीय सामान अमेरिका में महंगा हो गया था। नतीजतन कई कंपनियों के ऑर्डर रुक गए, कुछ फैक्ट्रियां बंद होने की कगार पर पहुंच गईं और हजारों लोगों की नौकरियां चली गईं। अब टैरिफ में मिली छूट से इंडियन प्रोडक्ट की डिमांड बढ़ेगी और रोजगार के नए मौके खुल सकेंगे।

हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर असोसिएशन के नैशनल प्रेजिडेंट सोनी शर्मा बताते हैं कि छह महीने से कारोबार लगातार संकट में था। कई कंपनियों ने इंडिया से माल खरीदना कम कर दिया। इससे कई कारोबार चौपट हो गए। कपड़ों की डिमांड घटने से नौकरियां भी गईं। अब बड़ी राहत मिली है। शर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट केवल व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक संदेश था कि भारत किसी एक देश पर निर्भर नहीं। यूरोप भारत से बिना ड्यूटी के माल खरीदने को तैयार है। हमारी संस्था हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि यह समझौता अमेरिका पर मजबूत डिप्लोमैटिक प्रेशर बनाएगा और अब वही सच साबित हुआ है।

> ऊंचे टैरिफ के दबाव में जूझ रहे उद्योगों ने इस फैसले से राहत की सांस ली है

दवाओं की सप्लाई फिर तेजी से बढ़ेगी : इंडिया से अमेरिका जाने वाली बीपी, कैंसर, अस्थमा, एंटीबायोटिक और इंजेक्शन जैसी दवाओं के कारोबार को भी नई रफ्तार मिलने वाली है। दवाओं के मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर लक्ष्य खन्ना बताते हैं कि टैरिफ बढ़ने से दवाओं की डिमांड करीब तीन महीने तक लगभग ठप रही। कारोबारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ। कहीं माल रास्ते में अटक गया तो कहीं ऑर्डर ही रुक गए। अब टैरिफ घटने से एक्सपोर्टर्स को राहत मिली है। इंडियन दवाएं किफायती होने के साथ असरदार भी हैं, इसलिए सप्लाई फिर तेजी से बढ़ेगी।

अमेरिका में क्रिस्टल एक्सपोर्ट करने वाली मीनाक्षी इंद्र राठौर ने बताया कि छह महीने से कारोबार ठप था, लेकिन अब डिमांड बढ़ने की उम्मीद है। वहां क्रिस्टल से बनी ज्वेलरी की मांग ज्यादा रहती है, जिससे कारोबारियों को फायदा मिलेगा।

मोटर पार्ट्स और क्रिस्टल की रफ्तार अब होगी तेज : कश्मीरी गेट ऑटो पार्ट्स कारोबारी विनय नारंग बताते हैं कि अमेरिका में बाइक समेत कई गाड़ियों के पुर्जे बड़ी मात्रा में भेजे जाते हैं। टैरिफ बढ़ने से कश्मीरी गेट मार्केट का करीब 15 पर्सेंट कारोबार घटा था। टैरिफ घटने से कारोबार रफ्तार पकड़ेगा।

'टैरिफ घटने से दिल्ली में होगा ₹1000 करोड़ का कारोबार'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : **अमेरिका ने** भारतीय सामानों पर 50 पर्सेंट टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने का फैसला किया है। जिसकी वजह से दिल्ली के बाजारों में खुशी की लहर है। कारोबारियों का दावा है कि इससे टेक्सटाइल, चमड़ा, दवा और फार्मा, केमिकल, जेम्स एंड ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल समेत कई सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। उम्मीद है कि इस फैसले से दिल्ली में करीब 1000 करोड़ का कारोबार होगा।

व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया था, उसके बाद से ही भारत के शेयर बाजार में गिरावट के साथ उथल-पुथल मची हुई थी और अस्थिरता बनी हुई थी। अब ट्रंप ने टैरिफ कटौती की घोषणा की है। इससे शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा। भारत में निवेश को प्रोत्साहित करेगा और विशेष रूप से एमएसएमई, स्टार्टअप्स और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा।

JNU में ऐक्शन के बाद विरोध की गूंज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo

जेएनयूएसयू के चारों पदाधिकारियों समेत पांच स्टूडेंट्स को रस्टिकेट करने का विरोध यूनिवर्सिटी में गूंजने लगा है। एक ओर, जेएनयूएसयू ने इसे इसे प्रशासन का दमनकारी कदम बताया, वहीं जेएनयू टीचर्स असोसिएशन ने वाइस चांसलर के खिलाफ आवाज उठाई। जेएनयूएसयू और जेएनयूटीए दोनों ने मांग की कि निष्कासन का आदेश तुरंत वापस लिया जाए। जेएनयूएसयू ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर छात्र संघ को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया है और कहा है कि जब वो यूजीसी इक्विटी नियमों पर रोक के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले थे, उसी से पहले प्रशासन ने उन्हें आदेश थमा दिया। यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी की 21 नवंबर को डॉ. बी. आर. अंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में लगाए गए फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी आधारित एक्सेस गेट्स में तोड़फोड़, हिंसा, पढ़ाई और प्रशासनिक काम में बाधा डालने की बात की है। हालांकि आरोपों ने यूनियन ने इनकार किया है। इस कार्रवाई के बाद जेएनयू कैंपस में देर रात सभी संगठनों की मीटिंग हुई और इस फैसले के विरोध में खड़ा होने का फैसला लिया गया। मंगलवार रात स्टूडेंट्स ने इस एक्शन के अलावा, यूजीसी इक्विटी रूल्स समेत रोहित वेमुला एक्ट की मांग को लेकर मशाल जुलूस भी निकाला।

जेएनयू प्रशासन ने 2 फरवरी को जेएनयूएसयू के चारों पदाधिकारियों - प्रेजिडेंट अदिति मिश्रा, वाइस प्रेजिडेंट के. गोपिका, जनरल सेक्रेटरी सुनील यादव, जॉइंट सेक्रेटरी दानिश अली समेत जेएनयूएसयू के पूर्व प्रेजिडेंट नीतीश कुमार को दो सेमेस्टर (विंटर और मॉनसून सेमेस्टर 2026) के लिए रस्टिकेट कर दिया। इन सभी पर कैंपस में प्रवेश से रोक लगाई गई है और 10 दिन के अंदर 20-20 हजार रुपये फाइन जमा करने को भी कहा गया है। स्टूडेंट्स ने बताया कि प्रदर्शन में शामिल 19 स्टूडेंट्स पर 19-19 हजार रुपये का फाइन लगाया गया है।

> जेएनयूएसयू ने इसे प्रशासन का दमनकारी कदम बताया है

'स्टूडेंट्स के मुद्दे उठाए, इसलिए दी सजा' : यूनियन के जनरल सेक्रेटरी सुनील यादव ने कहा कि प्रशासन ने यह फरमान दिया है, क्योंकि हमने स्टूडेंट्स के मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाई। स्टूडेंट्स लंबे समय से सेंट्रल लाइब्रेरी में लगाए गए मैग्नेटिक गेट्स और फेस-रिकग्निशन कैमरों यानी सर्विलेंस का विरोध कर रहे थे। प्राइवेटाइजेशन, अरावली से लेकर यूजीसी इक्विटी गाइडलाइंस पर रोक लगाने के खिलाफ भी प्रदर्शन किया था।

AIIMS में नया क्रिटिकल केयर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय बजट में इस बार AIIMS को मिले बजट से मरीजों का इलाज से लेकर टीचिंग और रिसर्च को नई उड़ान मिलेगी। इस बार AIIMS को पिछले साल की तुलना में 300 करोड़ से अधिक रुपये मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बजट से AIIMS में नया क्रिटिकल केयर ब्लॉक और न्यू सर्जिकल ब्लॉक बनाया जाएगा। इससे इलाज की क्षमता बढ़ेगी और मरीजों की लंबी वेटिंग लिस्ट में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

> वेटिंग होगी कम, ट्रीटमेंट और रिसर्च को मिलेगी रफ्तार

AIIMS मीडिया सेल प्रभारी डॉ रीमा दादा के मुताबिक, केंद्रीय बजट में AIIMS को इस बार पिछले साल की तुलना में 5.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़े हुए आवंटन से AIIMS में मरीजों की सुविधाएं बेहतर होंगी, बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और साइबर सुरक्षा को भी सशक्त किया जाएगा।

'स्कूल लॉबी के आगे सरकार का सरेंडर'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी (AAP) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने प्राइवेट स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट को मास्टर स्ट्रोक बता रही बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार और प्राइवेट स्कूल लॉबी ने मिलकर कोर्ट में ड्रामा किया और सरकार ने सरेंडर कर दिया। बीजेपी की सरकार बनते ही निजी स्कूलों ने 20 से 80 फीसदी तक फीस बढ़ा दी और जब पैरेंट्स विरोध में सड़कों पर उतरे, तो सरकार ने फीस कंट्रोल करने के लिए कानून लाने की बात कहकर उन्हें धोखा दिया।

तीन साल की फीस का प्रपोज़ल एक साथ कैसे?

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

AI image

■ नई दिल्ली : प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने के लिए नए कानून के तहत करीब दिल्ली के करीब 1300 प्राइवेट स्कूल, स्कूल लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी (SLFRC) बना चुके हैं और अब बाकी स्कूलों से सरकार को इंतजार है। नए 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन – ट्रांसपैरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' एक्ट के तहत दिल्ली के सभी 1700 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल, चाहे वो सरकारी जमीन में बने हों या प्राइवेट जमीन में या फिर माइनॉरिटी, इस कानून के दायरे में होंगे। अब सवाल यह है कि यह कमिटी तीन साल के ब्लॉक के लिए फीस कैसे तय करेगी?

एक फरवरी को दिल्ली सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि सेशन 2026-27 से शुरू होने वाले तीन सेशन के ब्लॉक के लिए ही फीस तय करने की प्रक्रिया लागू होगी। स्कूल लेवल कमिटी 3 साल की फीस एक ही बारी में तय करेगी मगर अब भी उलझन है कि क्या तीनों साल एक फीस हो सकती है? शिक्षा मंत्री आशीष सूद का कहना है कि इस कमिटी को अधिकार दिया गया है कि वो सभी जरूरी मानदंड देखते हुए फीस पर फैसला लें।

3 सेशन, एक फीस या अलग-अलग? : दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल्स मैनेजमेंट असोसिएशन के प्रेजिडेंट आर सी जैन का कहना है कि सरकार ने गजट नोटिफिकेशन लाकर उलझन साफ की है कि 2025-26 में एक्ट लागू नहीं हो पाएगा। 10 दिन में कमिटी बनाने और 14 दिन में फीस तय करने की भी बात की है। अब स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (SMC) फीस प्रस्ताव इस कमिटी को देगी। मगर उलझन यह है कि 2027-28 और 2028-29 के लिए कमिटी किस हिसाब से फीस तय करेगी?

वहीं, आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सुधा आचार्य कहती हैं, हमने जनवरी में ही SLFRC बना दी है, पांच पैरेंट्स को ड्रॉ से चुना है। इसकी पहली मीटिंग हमें कैंसल करनी पड़ी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को हाई कोर्ट भेज दिया है।

'फीस रिव्यू तो कर सकती है सरकार'

वहीं, पैरेंट्स बेतहाशा फीस इजाफे पर जांच ना होने पर सवाल उठा रहे हैं। डीपीएस पैरेंट्स असोसिएशन के सदस्य दिव्य मैत्री कहते हैं, 2025-26 के लिए नया कानून लागू नहीं हो सकता, मगर सरकार मनमानी फीस की शिकायतों पर रिव्यू तो कर ही सकती है, इसके लिए कोर्ट ने मना नहीं किया और पुराना दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट अब भी लागू है। 2024-25, 2025-26 में बेतहाशा फीस बढ़ी है। दूसरा, यह तय है कि स्कूल तीन साल के लिए एक फीस स्ट्रक्चर पर तैयार नहीं होंगे। कई स्कूलों ने कमिटी बना दी है, तो शिक्षा विभाग को नियम साफ करने चाहिए।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

thsti | ब्रिक–ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान | BRIC
(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद का एक संस्थान, भारत सरकार)
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद–गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स नंबर 04, फरीदाबाद – 121001
भर्ती सूचना सं. टीएचएस/आरएन/33/2025 और टीएचएस/आरएन/34/2025
टीएचएसटीआई अपनी परियोजनाओं के तहत निम्नलिखित पदों को भरने का प्रस्ताव रखता है: 1. परियोजना प्रबंधक 2. परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक–III (चिकित्सा) 3. परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक–I 4. तकनीकी अधिकारी–I 5. परियोजना तकनीकी सहायक–III 6. प्रयोगशाला परिचारक 7. परियोजना तकनीकी सहायक–I
विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.thsti.res.in पर जाएं।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनएमआर जेएनयू दिल्ली में विभिन्न सामग्री की आपूर्ति एवं सेवाओं हेतु फ़र्मों के रजिस्ट्रेशन
वित्तीय वर्ष 2026-27 में विद्यालय में विभिन्न सामग्री की आपूर्ति एवं सेवाओं हेतु सेवाप्रदाताओं एवं वाणिज्यिक फ़र्मों के रजिस्ट्रेशन दिनांक 05/02/2026 से 19/02/2026 तक किए जा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन फॉर्म केन्द्रीय विद्यालय एनएमआर जेएनयू दिल्ली की वेबसाइट https://newmehrauliroadjnu.kvs.ac.in/ के "What's New" सेक्शन से अथवा केन्द्रीय विद्यालय एनएमआर जेएनयू दिल्ली कार्यालय से निशुल्क प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कार्यदिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्णतः भरे हुए रजिस्ट्रेशन फॉर्म उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 21/02/2026 तक विद्यालय कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कार्यदिवसों पर व्यक्तिगत / डाक द्वारा जमा कराकर एवं जमा की पावती प्राप्त कर अपनी फ़र्म का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराएं। प्राचार्य

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
निविदा हेतु आमंत्रण - MRVC-W-E-CR-GS-2026
(सिंगल स्टेज दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर प्रक्रिया)
मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, "MUTP-IIIA के तहत सेंट्रल रेलवे के मुंबई डिवीजन में कल्याण से बदलापुर स्टेशन तक मौजूदा सेक्शन पर इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं देने के लिए विठ्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर स्टेशनों और इमारतों पर इलेक्ट्रिकल (जनरल सर्विसेज) का कार्य" हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट www.ireps.gov.in पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	36-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओटीआईएस कंपनी की 19 लिफ्टों का तीन साल का व्यापक वार्षिक प्रबंधन (एएमसी)।
निविदा की अनुमानित लागत	रू. 1,12,95,732.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि	रु0 206500.00/-
निविदा निवेदन की दिनांक व समय	24.02.2026, 16.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय	24.02.2026, 16.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 373/2026

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
Tower-F, NBCC World Trade Centre,
Nauroji Nagar, New Delhi-110029

रिक्ति परिपत्र संख्याः पी-01/2025-26

सूचना

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में अनुबंध के आधार पर अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्त करने के संबंध में।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली, एक योग्य और अनुभवी चिकित्सक की अंशकालिक अनुबंध के आधार पर सेवाएं लेने का इच्छुक है। अनुबंधित चिकित्सक को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के टावर-एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में सप्ताह में तीन दिन तीन घंटे के लिए अपनी सेवाएं देनी आवश्यक होंगी।

2. नियुक्ति हेतु विस्तृत नियम और शर्तें, योग्यता तथा अनुभव भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी, 2026 है। CBC 06202/12/0068/2526

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001 : 2015 एवं ISO 14001 : 2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ गाजियाबाद

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूबिन मोहन पुत्र श्री राजीव मोहन द्वारा प्राधिकरण द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या–R-5/19, राजनगर, गाजियाबाद पर क्षेत्रफल 392.985 वर्ग मी० भूमि पर मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2025 के क्रम में प्रस्तावित भूखण्ड पर ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से आवासीय के अन्तर्गत व्यावसायिक क्रिया हेतु मानचित्र संख्या– GDA/BP/25-26/1345 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 के अध्याय–15 के प्रस्तर–15.1.3 (i) (iv) व (v) में उल्लेखित है कि महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले–आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक/स्वागत कक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। कार्यालय में नियत अवधि (15 दिन) में प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जायेगा। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा।
नगर नियोजक
ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad, gdagzb
हेल्पलाइन नं. 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाइट : www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प



दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 13वीं मंजिल, टावर-II, नई पीएचक्यू बिल्डिंग, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
सीआईएनः U45400DL 2007GOI170534
फोन नं.: 011-20818868, ईमेल आई डी: dphcltd@delhipolice.gov.in

दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीपीएचसीएल), कमरा नंबर 1319, 13वीं मंजिल, टावर-II, न्यू पीएचक्यू बिल्डिंग, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001 में एक (01) सलाहकार (आर्किटेक्ट) को नियुक्त करने का प्रस्ताव है। सलाहकार (आर्किटेक्ट) को विभिन्न आर्किटेक्चरल, लैंडस्केपिंग, टोपोग्राफिकल स्टडीज़ और अन्य सर्वे रिपोर्ट, आर्किटेक्ट/डिज़ाइन और बिल्ड एजेंसियों के चयन के लिए डिज़ाइन ब्रीफ और आरएफपीएस तैयार करने; प्रोजेक्ट टाइमलाइन मैनेज करने; और प्रोजेक्ट की कुल सफलता सुनिश्चित करने, साथ ही खरीद के लिए प्रॉपर्टी का मूल्यांकन करने का अनुभव होना चाहिए। यह नियुक्ति शुरू में ग्यारह माह की अवधि के लिए भरने का प्रस्ताव है, जिसे व्यक्ति के प्रदर्शन और कॉर्पोरेशन की ज़रूरत के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
पात्रता मानदंड और विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	पद का नाम	अस्थायी रिक्तियों की संख्या	प्रति माह पारिश्रमिक	नियुक्ति की शर्तें और नियम
1.	सलाहकार (आर्किटेक्ट)	01	प्रोजेक्ट आधारित	**योग्यता मानदंड:** M.Tech/ME (आर्किटेक्चर) के साथ बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, डिज़ाइन और संबंधित क्षेत्र में कम से कम 15 साल का अनुभव। विज्ञापन सूचना के प्रकाशन की तारीख के अनुसार अधिकतम आयु 53 वर्ष।

नोटः-
1. आवेदन पत्र संगत दस्तावेज़ों अर्थात शैक्षिक योग्यता / अनुभव और आरक्षण लाभ का दावा करने के लिए जाति प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में सभी कार्य दिवसों प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक मेल (dphcltd@delhipolice.gov.in) के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 03.03.2026 को सायं 5.00 बजे तक है।
2. उपरोक्त अनुसार आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. केवल निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आवेदनों को स्वीकार किया जाएगा।
4. जमा करने की अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र में किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
5. विज्ञापन सूचना वेबसाइट www.dphcl.com पर उपलब्ध है।

उपायुक्त पुलिस एवं
महाप्रबंधक (परिचालन)
डीपीएचसीएल, नई दिल्ली

डीपीएचसीएल, नई दिल्ली में ग्यारह माह अवधि के लिए अनुबंध आधार पर सलाहकार (आर्किटेक्ट) पद के लिए निर्धारित आवेदन पत्र

अपना पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो यहाँ चिपकाएँ

1. विज्ञापन संख्या: ______
2. पद का नाम: ______
3. नाम: ______
4. लिंग: ______
5. राष्ट्रीयता: ______
6. पिता का नाम: ______
7. वैवाहिक स्थिति: ______
8. पति/पत्नी का नाम: ______
9. जन्म तिथि: ______
10. शैक्षणिक योग्यता: ______
(कृपया सभी योग्यताओं से संबंधित सहायक दस्तावेज़/प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. मोबाइल नंबर: ______
12. ईमेल आईडी: ______
13. पत्राचार का पता: ______
14. यदि लागू हो तो, रोज़गार का विवरण कालानुक्रमिक क्रम में।
(कृपया सहायक दस्तावेज़ संलग्न करें, यदि नीचे दी गई जगह कम है तो एक अलग शीट संलग्न करें)

विभाग/संस्थान/संगठन	पद	से	तक	वेतन	किए गए कर्तव्यों की प्रकृति

15. ज्ञात भाषाएँ: ______
16. अटेंड किए गए कोर्स/ट्रेनिंग प्रोग्राम का विवरण, यदि कोई हो: ______
17. पिछली कंसल्टेंसी का विवरण, यदि कोई हो: ______
18. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में बताना चाहते हैं, यदि आवश्यक हो तो एक CV या अलग शीट संलग्न करें।
19. टिप्पणियाँ, यदि कोई हो: ______

DP/9842/DPHCL/2026 | आवेदक के हस्ताक्षर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 02-03-2026 23:03 Color:

मुस्कुराइए... बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी!
रिसर्च के मुताबिक मुस्कुराने से शरीर में वाइट ब्लड सेल्स (WBC) की संख्या बढ़ती है। यानि खुश रहने और मुस्कुराने वाले लोग बीमारियों से लड़ने में ज्यादा सक्षम होते हैं।

विचार

सफलता का कोई निश्चित फॉर्मूला नहीं है, लेकिन एक मुस्कुराता हुआ चेहरा आपको मुश्किल रास्तों पर भी आगे बढ़ने की ताकत देता है।
– अल्बर्ट आइंस्टीन (Albert Einstein)

ज़रा हंस लें



पुलिस: तुम चोरी क्यों करते हो?
चोर: आपके और आपके बच्चों के लिए।
पुलिस: क्या मतलब है तुम्हारा?
चोर: हम चोरी न करें तो जनता को और सरकार को आपकी जरूरत ही क्या है?

कविता

तमन्ना

AI image

आओ फिर से बच्चे बन जाते हैं,
कल्पनाओं के उड़न खटोले में,
दूर गगन तक जाते हैं।
दादी नानी के हाथों से
फिर जी भर लड्डू खाते हैं,
गुड्डे गुड़ियों की शादी कर,
घर भर में शोर मचाते हैं।
कभी डॉक्टर कभी सिपाही बन,
सब पर रौब जमाते हैं,
आंखों में कल के सपने लिए
फिर बेसुध सो जाते हैं।
जीवन की आपाधापी से कुछ पल
अनमोल चुराते हैं,
आओ हम सब फिर से बच्चे बन
जाते हैं।
– गीता सिंह, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

बागों में बहार है... फूलों वाली फरवरी की तैयारी

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में फरवरी का महीना फूलों के त्योहारों के नाम रहता है। राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान के दरवाजे तो तीन फरवरी से खुल ही रहे हैं, साथ ही अब कई अन्य एजेंसिया और सरकार फ्लावर शो के आयोजन को तैयार है।

इन जगहों पर ले नेचर का नजारा: डीडीए 14 से 16 फरवरी तक अपने चार बड़े ग्रीन स्पेस में अपने सालाना फ्लावर फेस्टिवल पलाश का आयोजन कर रही है। चार जगहों पर फूलों की रंगत के साथ फूलों की डेकोरेशन और फूलों को लगाने के तरीके के बारे में लोगों को जानकारियां मिलेंगी। फ्लावर फेस्टिवल बिरसा मुंडा चौक के बासेरा पार्क, जसोला के लाला हरदयाल पार्क, अशोक विहार के अशोक पार्क और नरेला के स्मृति वन पार्क में लगेगा। इसमें गार्डन इन कंटेनर प्रतियोगिता काफी हिट रहती है। इसमें लोग छोटी सी कंटेनरनुमा जगह में फूलों से महकती आकृतियां बनाते हैं। इसके साथ ही यहां ट्यूलिप की रंगत भी दिखाई देती है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी ट्यूलिप इन फेस्टिवल में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। बीते साल डीडीए ने द्वारका और मयूर विहार में यह फेस्टिवल किया था।

फूलों के झरने और रंगों की मखमली विरासत: अलग-अलग फ्लोवर शो में पिछले साल कुछ इस तरह कुदरत की कूची से सजी थी अपनी दिल्ली

खूबसूरत सजावट, तरह-तरह के फूल और वर्कशॉप भी...

इस सालाना फ्लावर फेस्टिवल का नाम पलाश भी फूल के नाम पर रखा गया है। पलाश इसी सीजन में खिलता है। इस समय दिल्ली में कई जगहों पर फूलों की रंगत देखने को मिल रही है। राजधानी सिटी ऑफ फ्लावर के तौर पर निखरी नजर आ रही है। इस फेस्टिवल में बागवानी प्रेमियों, एनवायरनमेंटलिस्ट, आर्टिस्ट समेत बड़ी संख्या में लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। लोगों को यहां फूलों की सजावट, तरह-तरह के फूल देखने को मिलते हैं। साथ ही यहां लोगों के लिए फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन, कल्चरल प्रोग्राम, इंटरेक्टिव और क्रिएटिव एक्टिविटीज, फूलों की रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग-पेंटिंग कॉम्पिटिशन समेत कई कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है।

2 साल की जद्दोजहद के बाद बारापूला पुल का रिनोवेशन हुआ पूरा

संवारी विरासत... ऐतिहासिक पुल पर इस महीने से मिलेगा पिकनिक का मज़ा

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

आखिरकार दो साल की लंबी जद्दोजहद के बाद मुगलकालीन ऐतिहासिक स्मारक बारापूला पुल का संरक्षण और रिनोवेशन का काम पूरा हो गया है। 17वीं शताब्दी के बेहतरीन पुलों में गिने जाने वाले इस पुल को 1916 में ऐतिहासिक स्मारक घोषित किया गया था। अब अतिक्रमण रोकने के लिए ASI ने पुल के दोनों सिरों पर लोहे के बड़े गेट लगाए हैं, जिन्हें फरवरी में पब्लिक के लिए खोल दिया जाएगा। निजामुद्दीन पुल के पास स्थित यह स्थल आगे चलकर बड़ा पिकनिक स्पॉट बन सकता है।

यमुना से निकली नहर पर मुगल बादशाह जहांगीर के शासनकाल में 1621-22 के दौरान मिहिर बानो आगा ने 12 खंभों और 11 मेहराब वाला यह पत्थर का पुल बनवाया था। तब 195 मीटर लंबा और 14 मीटर चौड़ा यह पुल हुमायूं मकबरा और निजामुद्दीन दरगाह को आगरा से जोड़ने का प्रमुख रास्ता था। समय के साथ यह इलाका अतिक्रमण, अवैध बाजार और डंपिंग यार्ड में बदल गया। अगस्त 2024 में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर ASI ने सफाई, मरम्मत और संरक्षण का काम तेज किया। फंड की कमी के बावजूद अब पुल को मूल स्वरूप में वापस लाया गया है।

समय के साथ यह अतिक्रमण, अवैध बाजार और डंपिंग यार्ड में बदल गया था, अब बदली सूरत

पुरानी वास्तुकला और इंजीनियरिंग देख सकेंगे

ASI पुल देखने आने वाले लोगों के लिए बेंच लगाएगी और आसपास हरियाली विकसित की जा रही है। यहां आने वाले लोग मुगलकालीन वास्तुकला और इंजीनियरिंग को नजदीक से देख सकेंगे। थकान होने पर बेंच पर बैठकर आराम भी मिलेगा। यह स्थान परिवार के साथ पिकनिक के लिए भी उपयुक्त होगा। यमुना की धारा तालाब जैसी बन गई थी, जिससे पुल की वास्तुकला अनदेखी रह गई थी।

चूने के गारे में गुड़, बेलगिरी, गोंद जैसे प्राकृतिक पदार्थों को मिलाकर पुल की मरम्मत की गई है। अभी पुल और उसके आसपास हरियाली का काम चल रहा है। लोगों को पुल की ऐतिहासिक जानकारी देते हुए बोर्ड भी लगाए जाएंगे। पुल पर कोई ट्रैफिक नहीं होगा।
-डॉ. आरके पटेल सुपरिंटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट, ASI दिल्ली सर्कल

TOI

विदेशी शेफ्स को भाया 'बाय 2 कॉफी' और 'डोसा' का स्वाद

■ NBT रिपोर्ट, बेंगलुरु

बेंगलुरु में कॉफी सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि जीने का अंदाज है। शनिवार की दोपहर शहर की पुरानी गलियों के स्वाद और खुशबू ने दुनिया भर से आए युवा शेफ्स को खास अनुभव दिया। इस फूड वॉक में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा बेंगलुरु की पहचान 'बाय 2 कॉफी' ने, जहां एक कॉफी को दो स्टील के गिलासों में बांटकर पीया जाता है। मॉडर्न कैफे भले इस परंपरा से दूर हो गए हों, लेकिन Honestly Bengaluru Food Trail के दौरान बसवनगुड़ी की गलियों में यह संस्कृति फिर जीवंत हो उठी।

इस ट्रेल का आयोजन IIHM (इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) ने उन छात्रों के लिए किया था, जो इंटरनैशनल यंग शेफ ओलंपियाड (YCO)-2026 में हिस्सा लेने बेंगलुरु आए हैं। दो घंटे की इस सैर में मेहमान Bugle Rock के पास मशहूर By2Coffee (b2c) पहुंचे और झागदार फिल्टर कॉफी का स्वाद लिया।

कोलंबिया से आईं मेटर जुलियाना मारिया रॉड्रिग्ज इस कॉफी-शेयरिंग परंपरा से भावुक हो गईं। वहीं छात्रों ने विद्यार्थी भवन के बेन्ने मसाला डोसा और श्रीनिवासा ब्राह्मण बेकरी के खारा बन का लुत्फ उठाया। IIHM बेंगलुरु की डायरेक्टर सचारी चौधरी ने कहा कि एक शेफ के लिए तकनीक से पहले संस्कृति जरूरी है। इंग्लैंड के डोमिनिक थॉमस ब्राई को डोसा सबसे पसंद आया, जबकि लेसोथो की महाली मीमा मोनीकोआ को यहां का स्वाद घर जैसा लगा।

NBT जन्मदिन मुबारक

उर्मिला मातोंडकर

4 फरवरी 1974 को जन्मी उर्मिला मातोंडकर 'रंगीला' और 'सत्या' फेम सुपरस्टार एक्ट्रेस है। उर्मिला राजनीति में कांग्रेस और शिवसेना से भी जुड़ी रही हैं।

के. सी. वेणुगोपाल

4 फरवरी 1963 को जन्मे के.सी. वेणुगोपाल कांग्रेस के संगठन महासचिव और सांसद हैं। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं और वर्तमान में पार्टी के सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में से एक हैं।

वरुण शर्मा

4 फरवरी 1990 को जन्मे वरुण शर्मा 'फुकरे' से मशहूर हुए। वह जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। 'छिछोरे', 'सर्कस' जैसी कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं।

कुशाग्र बजाज

4 फरवरी 1977 को जन्मे कुशाग्र बजाज 'बजाज हिंदुस्तान' के चेयरमैन हैं। वह चीनी उद्योग के साथ-साथ एफएमसीजी सेक्टर में कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं।

दिल्ली : महानगर : महाकवरेज

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI
बैंक ऑफ इंडिया, स्टार हाउस, सी-5, जी-ब्लॉक, तीसरी मंजिल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा, मुंबई-400 051

ऋण के अधिकार की बिक्री संबंधी विज्ञापन

बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समाधानस्त ऋण खातों के हस्तांतरण के लिए जारी वर्तमान दिशानिर्देशों के आधार पर ऋण अधिकार हस्तांतरण के लिए पात्र एआरसी/एनबीएफसी/अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ("पात्र प्रतिभागी") से निम्नलिखित खातों में इक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट ("ईओआई") आमंत्रित करता है।

(₹ करोड़ में)

क्र.	ऋणकर्ता का नाम	पुस्तक बकाया राशि	आरक्षित मूल्य
1.	एंट्रिक्स डायमंड्स एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	87.12	7.64
2.	झावर इंटरनेशनल	33.10	1.87

यह हस्तांतरण भारतीय रिजर्व बैंक/नियामकों द्वारा जारी लागू नियमों के अधीन रहेगा और ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है के आधार पर तथा "बिना किसी जवाबदेही के" किया जाएगा।

इच्छुक निवेशकों (जो पात्र है) से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर "इक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट" कॉलम के अंतर्गत देख सकते हैं।

दिनांक : 04.02.2026 स्थान: मुंबई

द्वारका गोल्फ कोर्स में जल्द मिलेगा खाने का जायका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

द्वारका सेक्टर-24 में बने DDA गोल्फ कोर्स में लोगों को जल्द ही खाने का जायका भी मिलेगा। यहां के वेलनेस सेंटर के संचालन और इसमें फूड एंड बेवरेज सर्विसेज की शुरुआत हो रही है। यह सुविधा मंथली फीस के आधार पर मिलेगी। DDA ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कंपनियों से इसके लिए आवेदन मंगवाए गए हैं। इसमें पहले टेक्निकल और फिर फाइनेंशियल बिड खुलेगी। बिड में हिस्सा लेने के लिए रिजर्व प्राइस 13 लाख 47 हजार के करीब प्रति महीने और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट दस लाख रुपये तय किए गए हैं।

आवेदक को 15 सालों के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया जाएगा। इसे पांच साल के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। टेक्निकल बिड के लिए 18 फरवरी दोपहर तीन बजे तक आवेदन भेजे जा सकते हैं। वहीं बिड 19 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे खुलेगी। इसके अलावा नॉन रिफंडेबल टेंडर फीस 20 हजार रुपये प्रति टेंडर है। DDA के अनुसार टेंडर के लिए इच्छुक आवेदक का न्यूनतम टर्न ओवर बीते दस सालों में कम से कम तीन साल 50 करोड़ से अधिक का होना चाहिए।

वेलनेस सेंटर में शुरू होगी सर्विस, DDA ने शुरू की तैयारियां

दोबारा गढ़े जाएंगे चारों फॉरेस्ट डिविजन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में नए जिले बनने के बाद वन विभाग के चार फॉरेस्ट डिविजन पर व्यापक असर पड़ेगा। इन चार फॉरेस्ट डिविजन को पुनर्गठित किया जाएगा। इन चारों फॉरेस्ट डिविजन के संसाधन, मैनपावर आदि की समीक्षा की जा रही है। फॉरेस्ट डिविजन के स्वरूप नए जिलों के हिसाब से छोटे होंगे और इससे बेहतर निगरानी हो सकेगी।

वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि साउथ, सेंट्रल, नार्थ और वेस्ट फॉरेस्ट डिविजन को पुनर्गठित किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि इस पहल से वन विभाग अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर पाएगा। नए जिले बनने के बाद फॉरेस्ट डिविजन भी इन जिलों के आधार पर पुनर्गठित की जा रही हैं। इनके लिए कितनी मैनपावर की जरूरत होगी, इसका आकलन भी किया जा रहा है।

दिसंबर 2025 में कैबिनेट ने राजधानी में 11 जिलों से बढ़ाकर 13 जिले कर दिए हैं। वन विभाग ने 2017 में एक स्टडी की थी। जिसमें 500 जुड़े हुए वन क्षेत्र आते हैं। इसमें करीब 90 गांव शामिल हैं। अब भी 200 किलोमीटर के करीब जंगलों को संरक्षण की जरूरत है।

जंगलों पर अब कड़ी नज़र

- नए जिलों के हिसाब से छोटे होंगे फॉरेस्ट डिविजन, कंट्रोल होगा आसान
- वन विभाग की नई कवायद

क्यों हो रहा पुनर्गठन?

2012 में सेंट्रल फॉरेस्ट डिविजन बनने से दिल्ली में वन विभाग के तीन डिविजन थे। अधिकारी को वाइल्डलाइफ से जुड़ी शिकायतों के निरीक्षण के लिए कई-कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। 2012 में चार डिविजन बनने के बाद यह दूरी कम हुई। अब नए जिले बनने के बाद फिर फॉरेस्ट डिविजन के पुनर्गठन का काम शुरू हुआ है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम: **जूली कुमारी**, पुत्री: **कन्हैया सिंह**, **निवासी: मकान नंबर-1019, चौथी मंजिल, एलआईजी फ्लैट, सेक्टर-29, रोहिणी, दिल्ली जोकि दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा/अपहृत है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 46/26, Dated 25.01.2026, U/s:137(2) भारतीय न्याय संहिता-2023, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी**, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़की की पहचान दी गई है

नाम: जूली कुमारी, उम्र: 13 वर्ष, कद: 4'6", रंग: गोरा, शरीर: पतला, चेहरा: गोल, पहनावा: काले रंग की टी-शर्ट और काले रंग की जींस पैंट और पैरों में चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **शाहबाद डेयरी**, दिल्ली को संपर्क करें।
वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली
DP/1485/ON/2026 फोन: 011-27821047, 7065036322

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 55 साल, कद: 5'8", लिंग: पुरुष, रंग: गेहुँआ, पहनावा: ब्राउन कलर की बन्दगलजो दिनांक 29.01.2026 को गली नं. 3 शिव मंदिर के सामनेआर्य नगरअराकशा रोड नबी करीम दिल्ली, में बेहोशी की हालत में मिला था, जिसकी एलएनजेपी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के शव को पहचान के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज दिल्ली, की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 49A, दिनांक 01.02.2026 थाना: नबी करीम सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली**, में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना: नबी करीम सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली
DP/1439/CD/2026 फोन: 9211260428, 9968059901

गुमशुदा की तलाश


फरीन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शाई गई है) नाम: **फरीन**, पत्नी: **मंसूर रज़ा**, **निवासी: D-81/7, अब्दुल फजल एन्क्लेव पार्ट-2, शाहीन बाग, नई दिल्ली**, दिनांक 13.01.2026 को रात 9.30 बजे से अपने घर से अपहृत/लापता हो गई है। इस संबंध में **DD No.74 दिनांक 13.01.2026** के तहत थाना शाहीन बाग, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-
लिंग: महिला, आयु: 24 वर्ष, कद: 167 सेमी., रंग: गेहुंआ, पहनावा: बैंगनी रंग का सूट और सलवार।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें।
फोन नंबर: 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स नंबर: 011-24368639 |
ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | वेबसाइट: http://cbi.nic.in

थानाध्यक्ष
थाना शाहीन बाग, नई दिल्ली
DP/1427/SE/2026 फोन: 9013493336

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका **नाम: नामालूम, पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** तकरीबन 50 साल, **कद:** 5फीट 7इंच, **रंग:** गेहुंआ, **चेहरा:** अंडाकार, **बनावट:** मध्यम, **पहनावा:** काले रंग की हुडडी, काले रंग का पजामा, **बरामदी स्थान:** दिनांक 10.01.2026 को इस व्यक्ति का मृत शरीर, रेल की पटरी पर, रेलवे अस्पताल, एसपीएम मार्ग, दिल्ली, से पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 55A, दिनांक: 10.01.2026, थाना: लाहौरी गेट, दिल्ली**, में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना: लाहौरी गेट, दिल्ली
DP/1466/N/2026 फोन: 9968099756, 8750870222

मार्च में होगा 'द एलजी गोल्फ कप'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मार्च में डीडीए द एलजी गोल्फ कप टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। इस सालाना टूर्नामेंट में करीब 1400 गोल्फर हिस्सा लेंगे। डीडीए का यह टूर्नामेंट साल 2000 से आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। कुतुब गोल्फ कोर्स में यह टूर्नामेंट छह दिन तक चलेगा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन मैच में एलजी वीके सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। वह टूर्नामेंट के विजेताओं को सम्मानित करेंगे। डीडीए ने इस टूर्नामेंट के लिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। एजेंसी को सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर दस लाख रुपये देने होंगे। आवेदन 10 फरवरी तक किए जा सकते हैं।

1400 से अधिक गोल्फर लेंगे हिस्सा

दिल्ली और एनसीआर की ताजा खबरें सबसे पहले पढ़ने के लिए ट्विटर पर फॉलो करें
@NBTDilli

TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
सेवापरीक्षा एवं विनियमन विभाग
केंद्रीय कार्यालय, ... टावर, एक कफ परेड, मुंबई-400 005

सूचीबध्दता सूचना

बैंक ने हमारे बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों (स्केल III से V) को पारामिल/नहपान की नई शाखाओं के समवर्ती लेखा परीक्षकों के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव किया है। योग्य इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी विवरण और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए हमारे बैंक की वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in पर जाकर 04.02.2026 से 18.02.2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मैनुअल आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। नेविगेशन पथ: वेबसाइट में लॉग इन करें >> Home Page >> About Us >> Human Resources >> Information for Retired Staff URL:https://myportal.unionbankofindia.bank.in/recruit/
आवेदन प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि : 04.02.2026 को 10.00 बजे से.
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 18.02.2026 को 23.59 बजे तक.
हेल्पलाइन नंबर:022-45796748

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
फोन -022-45653726

वेतनभोगी खाताधारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के वेतनभोगी खाताधारकों के लिए ग्रुप टर्म जीवन बीमा पॉलिसी के लिए अनुरोध (आरएफपी)/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. जीईएम पोर्टल बोली दस्तावेज की संख्या GEM/2026/B/7176068 दिनांक 31.01.2026. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026, अपराह्न 3.00 बजे तक है. निविदा सूचना 31.01.2026 से 21.02.2026 के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है.
अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट का संदर्भ लें.
बैंक कोई या सभी निविदा बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
उप महाप्रबंधक

SALE of VEHICLE

Sealed quotations are invited for sale of **Toyota Camry Hybrid**, Color-Metallic Grey, Fuel-Petrol, Model - 2016, RC No. DL3CCE4095, at "as is where is basis". All expenses related to transfer of ownership; registration of vehicle will be on buyer's account. The quoted rate will be inclusive of GST. The bidder is required to deposit a security money through cheque of Rs. 30,000/- along with quotation **(on or before 16.02.206).**
The bidders can contact on Mobile - 8003092123 for inspection of the vehicle. The quotation should be sent to:
DGM- Corporate Affairs & Admin, Chambal Fertilisers and Chemicals Limited, Corporate One, First Floor, 5 Commercial Centre, Jasola, New Delhi, superscribing on the envelope "Quotation for Vehicle name & RC No".
Contact: 011-41697900

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
फोन -022-45653726

वेतनभोगी खाताधारकों के लिए ग्रुप मेडिक्लेम बीमा के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के वेतनभोगी खाताधारकों के लिए ग्रुप मेडिक्लेम बीमा के लिए अनुरोध (आरएफपी)/ निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. जीईएम पोर्टल बोली दस्तावेज की संख्या GEM/2026/B/7176255 दिनांक 31.01.2026. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026, अपराह्न 3.00 बजे तक है. निविदा सूचना 31.01.2026 से 21.02.2026 की अवधि के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है.
अधिक जानकारी के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट का संदर्भ लें.
बैंक बिना कोई कारण बताए कोई भी आरएफपी या निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
उप महाप्रबंधक

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 02-03-2026 21:05 Color:

चित्रकूट के नए दौर की शुरुआत

सतत विकास बना सशक्तीकरण का माध्यम

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत चित्रकूट की प्रगति समग्र, बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य समावेशी विकास तथा समग्र विकास परिणाम हासिल करना है। ऐसे में, पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर हासिल किए गए स्कोर इस जिले की प्रगति की सफलता को दर्शा रहे हैं।

शिक्षा	बुनियादी ढांचा	कृषि एवं जल	स्वास्थ्य और पोषण	वित्तीय स्वायत्तता एवं कौशल विकास
स्कोर 71.9 (जून 2025)	स्कोर 99.7 (जून 2025)	स्कोर 36.6 (जून 2025)	स्कोर 83.9 (जून 2025)	स्कोर 51.7 (जून 2025)
30%	10%	20%	30%	10%

चैंपियन ऑफ चेंज समग्र स्कोर (जून 2025): 62

आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से चित्रकूट उत्तर प्रदेश के सबसे तेजी से विकास करने वाले जिलों में से एक के तौर पर उभरकर सामने आया है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों की तुलना में समग्र तौर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

शिक्षा के लिए चलाए गए अभियान से हजारों बच्चों की स्कूल में हुई वापसी

- जिले ने प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर परिवर्तन दर का लक्ष्य 86.6 निर्धारित किया है। बच्चों को स्कूल में बनाए रखने के लिए कार्यक्रम के तहत 99.37% स्कूलों में कार्यशील बालिका शौचालय और पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- संसाधनों की समय पर उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर विद्यार्थियों को उनकी पाठ्य पुस्तकें मिल जाएं। समय पर किताबें मिलने से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनी रहती है और उनकी सीखने की निरंतरता भी बेहतर होती है।
- जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय दिव्यांग विद्यार्थियों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा में अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इसके लिए दिव्यांग-अनुकूल परिसर, सुविधाएं, कक्षाएं, पाठ्यक्रम और आधुनिक ज्ञान आधारित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय

आधारभूत संरचना का विकास



अपनी काष्ठ कला के लिए विशिष्ट पहचान रखता है चित्रकूट जिला

ओडीओपी: काष्ठ कला से प्रगति को मिली गति

- उत्तर प्रदेश की 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत चित्रकूट जिला लकड़ी के खिलौनों और काष्ठ कला के लिए प्रसिद्ध है। यहां जंगलों से मिलने वाला कच्चा माल भरपूर मात्रा में उपलब्ध है और पीढ़ियों से कुशल कारीगर इस कला से जुड़े हुए हैं। इसी कारण चित्रकूट की लकड़ी की कला न केवल स्थानीय पहचान है, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन भी बन चुकी है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस स्वदेशी काष्ठ कला को बढ़ावा देना और ब्रांड पहचान देना है। इस कला में चित्रकूट की एक विशिष्ट पहचान है, जहां कारीगर पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक डिजाइनों के समावेश से लकड़ी के खिलौने, फर्नीचर, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और नक्काशीदार उत्पाद तैयार करते हैं।
- खिलौनों के अलावा चित्रकूट में दरवाजों और खिड़कियों के फ्रेम जैसे कई अन्य लकड़ी के उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं। ये उत्पाद न सिर्फ आसपास के जिलों में भेजे जाते हैं, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में भी बेचे और निर्यात किए जाते हैं। इससे मेलों, प्रदर्शनियों और बड़े बाजारों में चित्रकूट के काष्ठ उत्पादों को अच्छी पहचान मिल रही है।
- ओडीओपी के माध्यम से चित्रकूट के लकड़ी के खिलौनों और हस्तशिल्प क्षेत्र को विशेष सहयोग मिल रहा है, जिससे इस कुटीर उद्योग को मजबूती, स्थानीय कारीगरों की आजीविका में सुधार तथा सतत ग्रामीण रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

कृषि का परिदृश्य

पिछले कुछ वर्षों में चित्रकूट जिले में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। आठ वर्ष पहले की तुलना में जून 2025 तक जिले की तस्वीर काफी बदली है। खास तौर पर सिंचाई, पशुपालन, स्वास्थ्य सेवाओं और संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। सिंचाई के क्षेत्र में नई नहरों का निर्माण व पुरानी का जीर्णोद्धार हुआ है, जिससे किसानों को जलापूर्ति सुनिश्चित हुई है। इससे उत्पादकता तथा किसानों की आय में भी सुधार हुआ है।



तुलसी जलप्रपात (शबरी), चित्रकूट

चित्रकूट: आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक पर्यटन का अनूठा तालमेल

- चित्रकूट उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित एक पवित्र नगर है, जो रामायण और भगवान राम के वनवास की कथा से जुड़ा हुआ है।
- शांत वातावरण, आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के कारण यह नगर वर्ष भर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है।
- शबरी (शबरी) जलप्रपात यहां का प्रमुख प्राकृतिक आकर्षण है। हरियाली और चट्टानी पहाड़ियों से घिरा यह स्थल विशेषकर मानसून में बेहद मनमोहक लगता है।
- शंख चौराहा एक प्रसिद्ध स्थानीय स्थल है और आगंतुकों के लिए केंद्रीय बिंदु माना जाता है। यह बाजारों से घिरा हुआ है और नगर का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं सामाजिक केंद्र है।
- अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों में राम घाट, कामदगिरि, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी गुफाएं, स्फटिक शिला, जानकी कुंड, भरत कूप और गणेश बाग शामिल हैं।
- चित्रकूट रोपवे भी एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण है, जो जंगलों, मंदिरों और आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का मनोहारी हवाई दृश्य प्रदान करता है।

स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़े कदम

- प्रारंभिक प्रसव-पूर्व देखभाल की प्रक्रिया हुई सुदृढ़, 98.4% गर्भवती महिलाओं का पहले त्रैमास में पंजीकरण
- गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया का 100% उपचार और हीमोग्लोबिन जांच का पूर्ण कवरेज
- संस्थागत प्रसव बढ़कर 72.66% हुआ, जिससे मातृ सुरक्षा की स्थिति में आया सुधार
- 98.71% नवजात शिशुओं को एक घंटे के भीतर स्तनपान, जो नवजात की देखभाल को दर्शाता है
- कम वजन वाले शिशुओं की संख्या घटकर 13.79%, जो बेहतर मातृ पोषण का संकेत है
- छह वर्ष से कम आयु के कम वजन वाले बच्चों की संख्या घटकर हुई 20.32%
- गंभीर और मध्यम कुपोषण वाले बच्चों की संख्या क्रमशः घटकर हुई 1.05% और 3.97%
- बचपन के दस्त में 100% ओआरएस और जिंक उपचार तथा एआरआई मामलों में पूर्ण रेफरल
- बच्चों (9-11 माह) का 100% टीकाकरण कवरेज
- टीबी का 100% उपचार सफलता दर और मजबूत केस रिपोर्टिंग प्रणाली
- स्वास्थ्य एवं देखभाल केंद्रों के विस्तार से स्वास्थ्य अवसंरचना मजबूत
- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आईपीएचएस मानकों का पूर्ण अनुपालन
- रेफरल सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार
- नियमित स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का सार्वभौमिक कवरेज

लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)	387
संभावित लखपती दीदी (पीएलडी)	25,010
डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीआर) के अंतर्गत कुल पंजीकरण	1,11,892

संपर्क सुविधाएं

चित्रकूट सड़क और रेल मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। पास से गुजरने वाला बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसकी कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाता है।

रेल: चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन लगभग 10-11 किमी दूर है, जो झांसी के माध्यम से प्रमुख शहरों से जुड़ा है।

सड़क: प्रयागराज (लगभग 100-125 किमी), बांदा और सतना के लिए बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सीधे चित्रकूट से जोड़ने के लिए नया 4-लेन स्पर मार्ग निर्माणाधीन है।

चित्रकूट में मौजूद रोपवे यहां के मुख्य पर्यटन के मुख्य आकर्षणों में से एक है

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in